www.lagatar.in रांची, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 177 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



**शारदीय नवरात्र**

तृतीयं चंद्रघंटा

*पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥*

*वीरता और निर्भीकता का प्रतीक है जगज्जननी भगवती दुर्गा का तीसरा विग्रह, जिन्हें चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है. शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन 5 अक्टूबर को भगवती चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जा सकेगी. भगवती चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चन्द्र है. इसीलिए इन देवी को चन्द्रघंटा कहा गया है. इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है. सिंह पर सवार इस देवी की दस भुजाएं हैं, जो खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं. इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है. इनसे घंटे सी भयानक ध्वनि निकलती है, जिससे अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं. भगवती चंद्रघंटा का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है. इनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है. इनकी कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं. दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है. इस की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है.*

*-डॉ. विनय कुमार पांडेय*

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने भरी हुंकार, कहा-फिलिस्तीन पर दुश्मनों का कब्जा

# मुसलमानों एक हो जाओ, शहीद नसरल्लाह का इजरायल से इंतकाम लो

**एजेंसियां। तेहरान**

तेहरान में शुक्रवार की नमाज के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने भाषण दिया है, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर बात कही है. ईरानी सुप्रीन लीडर ने पिछले 5 साल में पहली बार नमाज के बाद भाषण दिया है. उन्होंने फिलिस्तीन की लड़ाई को पूरी तरह वैध ठहराया और कहा कि फिलिस्तीन को अपनी जमीन वापस लेने का पूरा हक है. उन्होंने इस्लामी दुनिया को एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि ईरान से लेकर लेबनान तक मुस्लिम समुदाय को एक साथ खड़ा रहना चाहिए. इस बीच, खामेनेई की तकरीर खत्म होते ही लेबनान ने इजरायल पर ताजा हमले शुरू कर दिए. लेबनान ने इस दौरान इजरायल पर कई रॉकेट दागे हैं.

शेष पेज 07 पर



### दुश्मन के मंसूबे नाकाम होंगे...

ईरान के सुप्रीम लीडर ने भाषण के दौरान कहा, दुश्मन के मंसूबे नाकाम होंगे, और हमें इरान से लेबनान तक मुस्लिम एकजुटता बनाए रखनी होगी. पूरी दुनिया के सभी मुस्लिमों को एकजुट रहना होगा और दुश्मन की चालों से सावधान रहना चाहिए. हर किसी से अपील की जाती है कि वे एकजुट रहें और अल्लाह के बताए हुए रास्ते से न हटें. अगर मुस्लिम समुदाय साथ रहेगा, तो उनका भला होगा. दुश्मन हम पर हमला करने की फिराक में हैं, लेकिन अगर हम भाईचारे के साथ चलें, तो किसी भी खतरे का सामना कर सकते हैं. ईरान के सुप्रीम लीडर ने कहा, हर मुल्क और हर व्यक्ति को दमन के खिलाफ अपने आप को बचाने का आखिरी अधिकार है. उन अपराधियों का सामना करना है जो कब्जा करने वाली ताकतें हैं. ऐसी कोई अदालत या अंतरराष्ट्रीय संगठन नहीं है जो फिलिस्तीनी लोगों को सिर्फ अपने देश की रक्षा करने के लिए दोषी ठहरा सकें.

ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई अपने संबोधन के दौरान एक हाथ में राइफल भी संभाले हुए थे.

### खामेनेई की तकरीर की 10 बड़ी बातें

1. हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की रुखसती हमारे लिए अपूरणीय क्षति है. ईरान ने इजरायल को मिसाइल से जवाब दिया है.
2. **अगर जरूरत पड़ी तो हम इजरायल पर दोबारा हमला करेंगे. हिज्बुल्लाह और लेबनान के लोग अपने हक के लिए लड़ रहे हैं.**
3. फिलिस्तीन पर दुश्मनों का कब्जा है. फिलिस्तीन को जमीन वापस लेने का हक है. ईरान से लेबनान तक मुसलमान एकजुट हो.
4. **ये (इजरायल) तमाम मुसलमानों के दुश्मन हैं. ये सिर्फ हमारे नहीं बल्कि फिलिस्तीन और यमन के भी दुश्मन हैं.**
5. दुश्मनों के मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे. वो मुसलमानों से दुश्मनी बढ़ाना चाहते हैं. दुश्मन अपनी शैतानी सियासत बढ़ाना चाहते हैं.
6. **इजरायल के खिलाफ इस जंग में अरब के मुसलमान भी हमारा साथ दें. लेबनान के लिए हम सबकुछ करेंगे.**
7. इजरायल को लेबनान से मार भगाया गया था. लेबनान के मुसलमानों ने अपनी इज्जत की हिफाजत की और इजरायल के खिलाफ लड़े.
8. **मुसलमानों पर सितम ढहाया जा रहा है. हमास भी फिलिस्तीनी मुस्लिमों के हक के लिए इजरायल के खिलाफ लड़ रहा है.**
9. लिस्तीनी लोगों के पास पूरा अधिकार है कि वह उन ताकतों के खिलाफ खड़ा हो जाए, जो उन पर कब्जा करना चाहती है.
10. **पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास का हमला जायज था. हमला ने बिल्कुल सही किया था.**

## कांटाटोली फ्लाईओवर आम लोगों के लिए खुला



**हरमू रोड फ्लाईओवर की मिली सौगात**

# हमारी सरकार लंबी सोच के तहत काम कर रही: सीएम

**कौशल आनंद। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची के बहुप्रतीक्षित कांटाटोली फ्लाईओर का उद्घाटन कर राजधानी वासियों को दुर्गापूजा की सौगात दी. इसके अतिरिक्त उन्होंने रांची की एक और महत्वाकांक्षी योजना हरमू रोड फ्लाईओवर का भी शिलान्यास किया. इसके साथ ही बहु बाजार से सिरम टोली के बीच छूटे कनेक्टिंग फ्लाईओवर का शिलान्यास किया. शुक्रवार को संत पॉल कैथेड्रल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इसके अतिरिक्ति रांची में निर्मित बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर फोन लेन स्मार्ट पथ, कांके चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग आठ लेन पथ धनबाद का भी उद्घाटन किया.

मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही राज्य में रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने और जाम की समस्या से मुक्ति के लिए कुल 3264 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात दी. इसका ऑनलाइन उदघाटन किया गया. जिसमें तीन कनेक्टिंग एलिवेटेड फ्लाईओवर सहित कई फोर लेन सड़कें और पुल, आरओबी की 31 योजनाएं शामिल है. इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद डॉ. महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप, विभागीय सचिव सुनील कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, फादर जोलया कुजूर, स्वामी ईश्वरचंद सहित कई लोग उपस्थित थे.

- शेष पेज 07 पर

### सीएम ने दी सौगात

- सीएम ने किया चार योजनाओं का उद्घाटन और रांची सहित पूरे राज्य के लिए 3264 करोड़ रुपए के फ्लाईओवर, फोर लेन, आठ लेन, आरओबी और पुल-पुलिया का शिलान्यास किया
- **कोयला नगरी में भी बनेगा फ्लाईओवर, धनबाद मटकुरिया फ्लाईओवर का हुआ शिलान्यास**
- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग आठ लेन पथ धनबाद भी आम लोगों के लिए खुला

### इनका हुआ उद्घाटन

- कांटाटोली फ्लाईओवर
- **बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर फोन लेन स्मार्ट पथ**
- कांके चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग आठ लेन पथ धनबाद
- **अनगड़ा-हाहे, राहे पथ का पुनर्निर्माण**



योजनाओं की आधारशिला रखते सीएम हेमंत सोरेन.

### इन योजनाओं की रखी गयी आधारशिला

- सहजानंद चौक से जज कॉलानी तक फोर लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण (लागत 430 .75 करोड़)
- बहु बाजार से पटेल चौक कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण (लागत 213 .35करोड़)
- धनबाद जिले में मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण (लागत 256 .54 करोड़)
- गोला-मुरी फोर लेन सड़क (लागत 333 .17 करोड़)
- भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर फोन लेन पुल निर्माण (लागत 77 .77 करोड़)
- अन्य पथों एवं आरओबी निर्माण कार्य (लागत 713 .49 करोड़)

## चीन की लगाई आग में फिर झुलसा शेयर बाजार


# 5 दिन में 16 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसियां। मुंबई**

शेयर बाजार में पिछले पांच दिनों की गिरावट के दौरान निवेशकों करीब 16 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है. इस दौरान सेंसेक्स सिर्फ पांच कारोबारी सत्रों में 4,100 अंक से ज्यादा फिसल गया. बाजार में यह गिरावट ईरान-इस्राइल के बीच तनाव के चरम पर पहुंचने के बाद आई है. दूसरी ओर, चीन की ओर से प्रोत्साहन पैकेज के एलान ने भारतीय बाजार के लिए आग में घी का काम किया है.

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 808.65 (0.98%) अंकों की गिरावट के साथ 81,688.45 पर पहुंच कर बंद हुआ. दूसरी ओर, 50 शेयरों वाले बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी में 235.50 (0.93%) अंकों की नरमी आई और यह 25,014.60 के स्तर पर बंद हुआ. इससे पहले गुरुवार को सेंसेक्स 1,769 अंक गिर गया था, निफ्टी भी कमजोर होकर 25,000 के महत्वपूर्ण स्तर तक पहुंच गया था. 27 सितंबर से पिछले 5 कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 4,148 अंक गिरा. इस दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 15.9 लाख करोड़ रुपये घटकर 461.26 लाख करोड़ रुपए रह गया. चीन की ओर से मंदी से उबरने के लिए प्रोत्साहन उपायों की घोषणा करने के बाद वैश्विक निवेशक भारत से पैसा निकाल कर उसका रुख चीन की ओर कर रहे हैं. इसका नकारात्मक असर सेंसेक्स और निफ्टी पर पड़ रहा है.

- शेष पेज 07 पर



### क्या करें निवेशक

हॉन्ग कॉन्ग में गेवकाल रिसर्च के टॉम मिलर ने कहा कि घरेलू खुदरा निवेशक अभी-अभी इक्विटी पार्टी में शामिल हुए हैं. भारतीय परिवारों की लगभग 5% संपत्ति इक्विटी में है जबकि एक तिहाई बैंकों में जमा है. जैसे-जैसे भारत का मध्यम वर्ग बढ़ रहा है, बेहतर रिटर्न की तलाश में लाखों लोग शेयर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं. कई लोग एसआईपी का उपयोग करेंगे. घरेलू म्यूचुअल फंड नकदी के ढेर पर बैठे हैं. उनका एसेट अंडर मैनेजमेंट सालाना 40% की रफ्तार से बढ़ रहा है.

# एससी/एसटी आरक्षण पर हुआ फैसला अंतिम

*शीर्ष कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका, सब कोटा रहेगा कायम*

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलनेवाले आरक्षण में उप-वर्गीकरण के अपने फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है.



शीर्ष अदालत ने 1 अगस्त को ही इस संबंध में फैसला दिया था और कहा था कि यदि राज्य सरकारों को जरूरी लगता है कि एससी और एसटी कोटे के भीतर ही कुछ जातियों के लिए सब-कोटा तय किया जा सकता है, तो वे ऐसा कर सकती हैं. इसका एक वर्ग ने विरोध किया था और आंदोलन भी हुआ था. इसके अलावा याचिकाएं दाखिल की गई थीं. इन पर ही शुक्रवार कोसुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने विचार करने से इनकार कर दिया. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 7 जजों की बेंच ने कहा कि उस फैसले में ऐसी कोई त्रुटि नहीं थी, जिस पर पुनर्विचार किया जाए. अदालत ने कहा, हमने पुनर्विचार याचिकाओं को देखा है.

-शेष पेज 07 पर

# तिरुपति लड्डू विवाद की जांच नई एसआईटी करेगी

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह आस्था का सवाल है, इसमें कोई राजनीतिक ड्रामा नहीं चाहते*

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद के रूप में परोसे जाने वाले लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए एक नई स्वतंत्र एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है.



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, एसआईटी में सीबीआई के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो अधिकारी और एफएसएसएआई का एक वरिष्ठ अधिकारी होगा. सीबीआई निदेशक एसआईटी जांच की निगरानी करेंगे. इससे पहले मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगर आरोप में कोई भी सच्चाई है, तो यह अस्वीकार्य है. सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एसआईटी की निगरानी वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी की ओर से की जाए, इससे लोगों में भरोसा बढ़ेगा.

-शेष पेज 07 पर

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 30.6 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 25.6 |
| डालटनगंज | 34.6 | 24.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 71,500 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

### ब्रीफ खबरें

**बेंगलुरु के तीन कॉलेजों को बम से उड़ाने की मिली धमकी**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के बीएमएस कॉलेज, एमएस रामैया कॉलेज और बीआईटी कॉलेज को शुक्रवार को बम की धमकी मिली. ये धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी. इसके बाद कॉलेज परिसरों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया. बम की खबर मिलते ही बम निरोधक यूनिट को आनन-फानन में बुलाया गया. हनुमंत नगर पुलिस स्टेशन में धमकी के स्रोत का पता लगाने के लिए एक मामला दर्ज किया गया है.

**गोविंदा को मिली अस्पताल से छुट्टी, फैंस का जताया आभार**

**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई. अस्पताल के बाहर वे मीडिया और फैंस से रूबरू हुए और फैंस का आभार व्यक्त किया. कहा, मैं सभी का धन्यवाद देता हूं. डॉक्टरों का, पुलिस का, प्रशासन का. हर उस शख्स का जिसने मेरे लिए दुआ की. बड़े-बुजुर्गों का, जो मुझे बहुत प्यार करते हैं. मैं अब ठीक हूं. गोविंदा अपने आवास पर अपनी ही रिवॉल्वर की गोली लगने से घायल हो गए थे.

**9 साल बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर जाएंगे पाकिस्तान**

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच काफी लंबे समय से तनातनी वाली स्थिति बनी हुई है. दोनों देशों के बीच संबंध बिल्कुल खत्म से हैं. इस बीच बड़ी खबर सामने आई है. विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे. वहां वह एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की बैठक में शामिल होंगे. 15-16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में बैठक होगी. 2014 के बाद यह पहली बार होगा, जब कोई भारतीय मंत्री पाकिस्तान जाएगा. भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर 9 साल बाद पाकिस्तान जाएंगे.

## वित्त मंत्री बोलीं आनेवाले दशकों में दिखेगा भारत के आम आदमी के जीवन में बड़ा बदलाव

# 5 वर्षों में 2730 से 4730 डॉलर हो जाएगी प्रति व्यक्ति आय

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत को 2730 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने में आजादी के बाद 75 साल लग गए. लेकिन इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड की मानें, तो अगले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में 2000 डॉलर की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी. उन्होंने कहा, आने वाले दशकों में आम आदमी के रहन-सहन में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जो कि भारतीयों के जीवन को नए सिरे से परिभाषित करेगा. वित्त मंत्री ने कहा, असमानता में कमी के साथ इस उपलब्धि को हासिल किया जा रहा है.

**प्रति व्यक्ति आय में जोरदार उछाल संभव:** कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, पिछले एक दशक में आर्थिक मोर्चे पर भारत का शानदार प्रदर्शन, 5 वर्षों में दुनिया की 10वीं से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक की छलांग, लगातार हासिल की गई हाई ग्रोथ रेट और महंगाई को कम रखने के चलते संभव हो पाया है. वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, भारत को 2730 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने में 75 साल लगे हैं, लेकिन अगले 5 वर्षों में इसमें 2000 डॉलर और जोड़ा जा सकेगा. वित्त मंत्री ने कहा, पूरी दुनिया जब बंटी हुई है, जहां लगातार संघर्ष देखने को मिल रहा है, जो वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है, इसके बावजूद भारत अपने 140 करोड़ की बड़ी आबादी, जो कि दुनिया की कुल आबादी का 18 फीसदी है, उसके प्रति व्यक्ति आय को अगले कुछ वर्षों में डबल करना चाहता है.

- शेष पेज 07 पर

### भारत के सामने कई चुनौतियां

वित्त मंत्री ने कहा, 2000 के दशक में चीन जैसे इमर्जिंग मार्केट्स, ग्लोबल ट्रेड और इंवेस्टमेंट क्लाइमेट के अपने पक्ष में होने के चलते आसानी के साथ तेजी से विकास कर पाए. लेकिन ये भारत के लिए ये करना बड़ी चुनौती है, तो ये यह एक अवसर भी लेकर आया है. उन्होंने कहा, वैश्विक हालात वैसे नहीं हैं, जो पहले थे इसके बावजूद अगले दशक में भारत तेजी के साथ विकास करता रहेगा. इसका असर दिखने भी लगा है.



### क्या कहता है नीति आयोग

इस बीच, नीति आयोग के एक दस्तावेज के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक बढ़ कर 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और इस दौरान प्रति व्यक्ति आय 18,000 डॉलर होने का अनुमान है. भारत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2032 जीडीपी के 10 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है. आने वाले वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था में हर 1.5 वर्ष में एक ट्रिलियन डॉलर का इजाफा होगा. वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी. 2024-25 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है.

## बड़ा ऑपरेशन : एके-47 सहित कई घातक हथियार बरामद

# छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा में 30 नक्सली ढेर

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है. इस मुठभेड़ में अब तक नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है.

सूत्रों के अनुसार, अब तक 30 से अधिक नक्सली ढेर किए जा चुके हैं. नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने मुठभेड़ जारी रहने की पुष्टि की है. साथ ही कहा कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित हैं. नारायणपुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर अबुझमाड़ इलाके में जारी इस ऑपरेशन में नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के जवान संयुक्त रूप से भाग ले रहे हैं. मुठभेड़ के साथ साथ जवानों का सर्च अभियान भी जारी है. पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को अब तक जवानों द्वारा ढेर कर दिया गया है. मौके से एके 47, एसएलआर सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गए हैं.



नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार जवानों के संपर्क में हैं. रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है. बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है. फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है. सूत्रों की माने तो करीब 30 नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं. बस्तर संभाग के आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं.शनिवार सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी.मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को लगभग एक बजे जब सुरक्षाबल नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे, तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की. उन्होंने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के संयुक्त बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. क्षेत्र में रुक- रुक कर गोलीबारी हो रही है. अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है.

### आजसू, झामुमो के साथ-साथ कांग्रेस और भाजपा के वोटों में क्या सेंधमारी कर पाएगा जेएलकेएम?

# डुमरी और सरायकेला में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

**प्रवीण कुमार। रांची**

खतियान आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले जयराम महतो डुमरी विधानसभा से चुनावी लड़ेंगे. विगत लोकसभा चुनाव में जयराम महतो की पार्टी ने आठ लोकसभा सीटें जिनमें हजारीबाग, रांची, धनबाद, गिरीडीह, चतरा, सिंहभूम, दुमका और कोडरमा में उम्मीदवार खड़े किए थे. पार्टी को मिले वोटों ने दिग्गज पॉलिटिशियन को चौंका कर रख दिया था. हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली, लेकिन जनता ने उन्हें अपने सिर आंखों पर बिठाया. लोकसभा चुनाव में पार्टी ने कई विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई और कुछ क्षेत्रों में दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे. पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें डुमरी से जयराम महतो, जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी, छतरपुर से प्रीति राज को उम्मीदवार बनाया गया है. जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) के उम्मीदवार आजसू, झामुमो के साथ-साथ कांग्रेस और भाजपा के वोटो में भी सेंधमारी की संभावना बनती दिख रही है.

**लोस चुनाव में डुमरी में मिले थे पार्टी को 90541 वोट :** बता दें कि डुमरी विधानसभा सीट कुर्मी बहुल है. यही वजह है कि जयराम महतो ने डुमरी पर दांव खेला है. इस सीट पर करीब 90 हजार से अधिक यानी 32% महतो वोटर हैं. जो अब तक पिछले 20 सालों से जगन्नाथ महतो को वोट देते आ रहे हैं. एक बड़ा वोट बैंक जगन्नाथ महतो के साथ रहा है. उनके जाने के बाद भी कुर्मी वोटरों में बिखराव नहीं हुआ. उनकी पत्नी बेबी देवी जब मैदान पर उतरीं, तो उन्हें भी पूरे दम खम के साथ जिता कर विधानसभा भेजा.

अब जयराम महतो इस सीट पर कितने मतदाताओं को अपनी ओर खींच पाएंगे, यह तय तो विधानसभा चुनाव में होगा. लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो डुमरी विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक वोट (90541) जयराम महतो को मिले थे. आजसू को 55421, झामुमो को 52193 वोट मिले थे.

**सरायकेला में भी पार्टी को मिले थे 29143 वोट**

जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) को लोकसभा चुनाव के समय सरायकेला विधानसभा में 29143 वोट मिले थे. पार्टी यहां तीसरे स्थान पर रही थी. पार्टी ने विधानसभा चुनाव में सरायकेला से प्रेम मार्डी को खड़ा किया है. पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी लोकसभा चुनाव के बाद से ही शुरू कर दी थी. जेएलकेएम के चुनाव में आने से सरायकेला में त्रिकोणीय मुकबला बनता दिख रहा है.

## ए जी, ओ जी, लो जी- सुनो जी, करता हूं जो मैं तुम भी करो जी...

**संजय सिंह**

जी हां... एगो राष्ट्रीय पार्टी के झारखंडी नेताजी लोगन ए घरी विधानसभा चुनाउवा के टिकटवा हथियावे लगे रांची से दिल्ली तक दौड़ईत-दौड़ईत हांफे लगल हैं. एक-एक गो विधानसभा सीटवा से दु-दु दर्जन नेताजी लोगन टिकट के चाहत में राजधानी के श्रद्धानंद रोड से लेकर नेताजी के घर तक कोड़ डालीन हैं. नवरात्र के बहाने मिठाई के डिब्बा लेले नेताजी लोग अपन-अपन आका के ईहां घुमरी चकईया लगाईले हैं. ए गो नेताजी के देखादेखी दूसरको नेताजी भी उहे ढर्रा पर आगे बढ़ गईल हैं. चमचागिरी दे बेस्ट पॉलिसी वाली नीति अपनाईले नेताजी लोगन के हंफनी देख के पार्टिए के मउराइल नेताजी लोग कांग्रेस ऑफिसवा के बरामदा समिति के आबाद कईले हैं. ईहां खाली टिकट ला छिछिआइत फिर रहे नेताजी लोगन पर ढेरे टीका टिप्पणी हो रहल है. जईसही कोनो टिकटार्थी पर नजर पड़ती है, बरामदा समिति आबाद करेवाला मउराइल नेताजी लोग झट से टिप्पणी ठोक देते हैं. यहां दिन के ग्यारहे बजे से बैठकी चालू हो जाती है. चाय-पान, गुटखा का दौर चलता रहता है. फ्री

**चुनावी चकल्लस**



फोकटिया का जुगाड़ होईए जाता है, कोई न कोई क्लाइंट बरामदा समितिवाला मउराइल नेताजी लोग फंसाइए लेता है. ई लोग पर उहे जुमला ठीक बइठता है, सुबह होती है, शाम होती है, इसी तरह बस जिंदगी तमाम होती है. अब देखिए ई बरामदा समिति के मेंबरान लोग झट से एक-एक कर सभे 81 सीटव पर चर्चा कर डालता है. पंजा लड़वइया नेताजी दफ्तर देने दिखते हीं बरामदा समिति मेंबर लोग ओनिए लपकता है. फिर.. गीत गुनगुनाए लगता है, भाई टिकटार्थी लोग पर तो ई गानवा फिट आउर हिट बइठता है-ए जी, ओ जी, लो जी- सुनो जी, करता हूं जो मैं तुम भी करो जी... वइसे दिन भर बरामदा समिति के मेंबरान चकल्लस कईले रहते हैं. कौन सीट से के जीतेगा, कौन अपना बदौलत जीतेगा, कौन गठबंधन के भरोसे, कौन पंजा के भरोसे, एकरो एनालाइज कर देते हैं. राजधानी की हॉट सीट गठबंधन में केकरा पाले जाएगा, केकरा हाथ मले पड़ेगा, एकरा लेकर खूबे ज्यादा चर्चा बरामदा समिति के मेंबर लोग कईले हैं. एगो मउराईल नेताजी चश्माधारी, गुटखा प्रेमी हैं. एगो टिकटार्थी पर नजर पड़ते हीं दन से कहते हैं, ई हो हऊ दौड़ में रे भाई. तबतक समिते के दूसरे सदस्य कहते हैं- तो का होलऊ...एहो धन्नासेठ हऊ. पइसवा से तो सभे मैनेज कर लतेऊ रे भाई. तबतक टिकटार्थी उनके समिति के सदस्यों के पास पहुंच जाते हैं, पूछते हैं, का हालस चाल है भाई, देखिएगा, तनिका हमरो पर ध्यान दीजिएगा. आपलोग तो जानबे करते हैं, हम केतना एक्टिव रहते हैं. हमेसा सभे के सुख-दुख में शामिल होबे करते हैं, जेकरा जईसन जरूरत वइसने मददो करते हैं. तभी समिति के एक नेताजी टोकते हुए कहते हैं- देखो भाइवा ईहां पैडलवा मारवे से कुछो न भेंटावेवाला है. ऊपरेवाला सेटिंगवा काम आएगा. और भाई आपको तो दिल्ली में गजबे सेटिंग है. ईहां तो बस आपके ही बिरादरीवाले को टिकट मिलेगा, तो पंजवा के बेड़ा पार हो जाएगा. देखिए बॉस ऊपरे धइले रहिए. तबतक समिति के एक अन्य सदस्य बोले लगते हैं, तो टिकटार्थी भइया के हंफनी धर लेता है. बरामदा समितिया के ई नेताजी कहते हैं, देखिए भाई, गठबंदन में लड़ाई होवेगा, तो रांची सीटवा तो गियो. तबरिए देखिए ना झामुमो कैंडिडेट भाजपा के सीपी चचा के पानी पिलाई दीहिस थी. थोड़के सा मार्जिन रह गिया था, नहीं तो सीपी चचा के घोलटाईए देले थी. इसलिए बॉस ई सीटवा तो कांग्रेस के हाथ से गियो. ई तो नहीं मिलेगा. देखिए भाई, कोनो दूसरकी सीटवा पर फोकस कीजिए. बेकारे ईहां गोईंठा में घी सुखाईला के कोनो फायदा न होखे वाले है. फिर क्या था, टिकटार्थी महोदय का मुंह लटक गईस. बेचारे के हंफनी धर लीहिस. लेकिन समिते के ऊ सदस्य के बुझा गिया कि भाई जी परेशान हैं, तो तनिका उनके फेवर में बतियावे लगीन, ताकि शाम वाला भी कुछ जुगाड़ पानी होईए जाए. कहने लगे, देखिए बॉस ई सीटवा पर पंजे का हमेशा से कब्जा रहिस है. अभियो मौहाल हमी लोग के पक्ष में है. बस ऊपरे दिल्लीवाला नेताजी लोगन के विश्वास में लेवे पड़ेगा, तभिए बात बनेगी. न तो हमलोग ईहां बइठ कर के तो कुछो करियो ना सकते हैं. देखिए..बॉस कुछ कहल नहीं जा सकता है. कुछो हो सकता है, तो मुन्ना भाई टाइप के लगले रहिए. लगे हाथ ऊ एगो संस्कृत में ना जाने कउची तो बोले लगे, तानिके सा बुझाया... ऊ नेताजी कह रहिन थे कि नारीयस्य त्रियाचरित्रम, पुरुषस्य भाग्यम कोऊ न जानत भाई जी. एसलिए निगेटिव न होना है. मछरिया के आंखें लेखा निशाना साधले रहे के काम है.

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 105 अफसरों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** सरकार ने शुक्रवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 105 अफसरों को प्रोन्नति दी है. प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों को अभी बढ़े हुए वेतनमान में उसी पद पर पदस्थापित किया गया है. कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है.

### जिन्हें प्रोन्नति मिली

| नाम | पद |
|---|---|
| सुधीर कुमार दास | एमडी, बिवरेज कॉरपोरेशन |
| संजय पीएम कुजूर | डीटीओ, पाकुड़ |
| गोरांग महतो | डीसीएलआर, पलामू |
| संजीव कुमार | अपर नगर आयुक्त, चास |
| वैभव कुमार सिंह | भू-अर्जन पदा., चतरा |
| सुशील कुमार राय | उप निर्वाचन पदा., गढ़वा |
| रंथु महतो | उप निर्वाचन पदा., गिरिडीह |
| हीरा कुमार | प्रोन्नत |
| सुरेंद्र कुमार | डीटीओ, लातेहार |
| जितेंद्र कुमार यादव | डीटीओ, पलामू |
| बिष्णुदेव कच्छप | अपर समाहर्ता, गोड्डा |
| अरविंद कुमार ओझा | भूमि सुधार उप समाहर्ता, खूंटी |
| कुमार अभिनव स्वरुप | आप्त सचिव, मंत्री हफीजुल हसन |
| अविनाश पूर्णेन्दु | डीएसओ, कोडरमा |
| शैलेश कुमार सिंह | उप निर्वाचन पदाधिकारी, देवघर |
| रविश राज सिंह | उप समाहर्ता, गढ़वा |
| सलमान जफर खिजरी | डीएसओ, जमशेदपुर |
| प्रभाष कुमार दत्ता | उप समाहर्ता, चास |
| गिरिजा शंकर महतो | भू-अर्जन पदा., कोडरमा |
| श्रीमति श्वेता वेद | उप निदेशक जियाडा |
| श्वेता कुमारी गुप्ता | उप परीक्षा नियंत्रक, जेपीएससी |
| ज्ञान शंकर जायसवाल | डीएसओ, लोहरदगा |
| ओम प्रकाश मंडल | उप समाहर्ता, जामताड़ा |
| प्रभात रंजन चौधरी | उप समाहर्ता, महुआडांड़ |
| संध्या मुंडू | उप समाहर्ता, चाईबासा |
| अब्दुस समद | उप समाहर्ता, दुमका |
| रतन कुमार सिंह | अपर समाहर्त्ता पद पर प्रोन्नति |
| विजय नाथ मिश्र | अवर सचिव, पशुपालन विभाग |
| रितेश जायसवाल | भू-अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा |
| विकास कुमार राय | एसडीओ, चांडिल |
| प्रतिभा कुजूर | उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी |
| मनोज कुमार | डीटीओ, जामताड़ा |
| शैलेश कुमार प्रियदर्शी | डीटीओ, गिरिडीह |
| आबिद हुसैन | अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग |
| बिनोद प्रजापति | अवर सचिव, कल्याण विभाग |
| प्रदीप कुमार शुक्ला | डीएसओ, धनबाद |
| झुनु कुमार मिश्र | डीएसओ, साहिबगंज |
| विनोद कुमार कर्मकार | भू-अर्जन पदाधिकारी, दुमका |
| राजेश कुमार | अवर सचिव, पर्यटन विभाग |
| प्रभाकर ओझा | मु प्रशासी पदाधिकारी, झारखंड भवन |
| धनंजय कुमार | अवर सचिव, श्रम विभाग |
| अनुराग लकड़ा | उप परीक्षा नियंत्रक, जेपीएससी |
| नूतन कुमारी | उप निदेशक, रांची |
| देवदारा दत्ता | अवर सचिव-सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी |
| पूर्णिमा कुमार | एसडीओ, चैनपुर |
| मां देव प्रिया | उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग |
| अनुराग कुमार तिवारी | एसडीओ, रामगढ़ |
| रूबी कुमारी | उप निदेशक, कल्याण शोध संस्थान |
| राजीव नीरज | एसडीओ, गुमाल |
| किरण सोरेंग | अवर सचिव, स्वास्थ्य विभाग |
| अतुल कुमार | अवर सचिव नगर विकास विभाग |
| कपिल कुमार | एसडीओ, राजमहल |
| शैलेश कुमार | निर्वाचन विभाग |
| उत्तम प्रसाद | उप निदेशक भूमि संरक्षण निदेशालय |
| अमर प्रसाद | उप समाहर्त्ता, मधुपुर |
| दयानंद काजी | पंचायत राज पदाधिकारी, सिमडेगा |
| कौशल कुमार | एसडीओ, दुमका |
| सहजाद परवेज | एसडीओ, डुमरी |
| संजय कुमार प्रसाद | भूअर्जन पदाधिकारी, गढ़वा |
| वैद्यनाथ कामती | डीटीओ, हजारीबाग |
| कुशलमय केनेथ मुंडू | उप समाहर्त्ता, चक्रधरपुर |
| रिंकु कुमारी | पंचायत राज पदाधिकारी, जमशेदपुर |
| बिजय कुमार | उप निर्वाचन पदाधिकारी, जामताड़ा |
| वंदना सेजवलकर | डीटीओ, बोकारो |
| प्रमेश कुशवाहा | उप समाहर्त्ता, रंका |
| मनोज कुमार | पदस्थापन की प्रतीक्षा में प्रोन्नत |
| विशाल कुमार | डीटीओ, दुमका |
| गौतम कुमार साहु | उप नगर आयुक्त, रांची |
| निर्भय कुमार | भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग |
| अखिलेश कुमार | डीटीओ, रांची |
| राजेश कुमार साहू | पंचायत राज पदाधिकारी, रांची |
| इंदर कुमार | डीटीओ, चतरा |
| रश्मि लकड़ा | डीएसओ, लातेहार |
| रजनी रेजीना इंदवार | एसडीओ, पालकोट, गुमला |
| द्वारिका बैठा | भू-अर्जन पदाधिकारी, बोकारो |
| शुभ्रा रानी | उप निदेशक, स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग |
| प्रदीप भगत | डीएसओ, रांची |
| रवि प्रकाश | अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर |
| सुषमा लकड़ा | उप निर्वाचन पदाधिकारी, गुमला |
| कीर्तिबाला लकड़ा | अवर सचिव, राजस्व विभाग |
| सुनीता किस्कू | उप निर्वाचन पदाधिकारी, साहिबगंज |
| विजय केरकेट्टा | उप समाहर्ता, छतरपुर |
| सुरेंद्र उरांव | उप निर्वाचन पदाधिकारी, सरायकेला |
| अजय कुमार रजक | एसडीओ, लातेहार |
| सुजाता कुजूर | उप समाहर्त्ता, लोहरदगा |
| मनिंद्र भगत | डीएसओ, चतरा |
| मुकेश मछुवा | एसडीओ, बेरमो |
| जेसी विनीता केरकेट्टा | अवर सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग |
| सुनील चंद्र | एसडीओ, घाटशिला |
| पूनम अनामिका नाग | अवर सचिव, लोकायुक्त कार्यालय |
| उदय कुमार | उप समाहर्त्ता, लातेहार |
| प्रिंस गोडविन कुजूर | उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोडरमा |
| महेंद्र छोटन उरांव | भू-अर्जन पदाधिकारी, सरायकेला |
| जयवंती देवगम | एसडीओ, बसिया |
| निवेदिता नियति | उप समाहर्त्ता, सरायकेला |
| मिथिलेश कुमार चौधरी | उप समाहर्त्ता, गोड्डा |
| संदीप अनुराग टोपनो | एसडीओ, चाईबासा |
| जयप्रकाश करमाली | डीटीओ, दुमका |
| ऐनी रिन्कु कुजूर | अवर सचिव, गृह विभाग |
| किस्टो कुमार बेसरा | एसडीओ, बुंडू |
| अजय भगत | भूमि उप समाहर्त्ता, बरही |
| छूटेश्वर कुमार दास | भू-अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज |
| शालिनी खलखो | डीएसओ, बोकारो |
| मुकेश कुमार बाउरी | पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद |
| रुद्र प्रताप | एसडीओ, रंका |

## निर्वाचन से जुड़े पुलिस के सभी अफसरों के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य : के. रवि कुमार

**संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को निर्वाचन सदन धुर्वा के सभागार में राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस के पदाधिकारी अपनी महती भूमिका निभाते हैं. जिस प्रकार प्रिसाईडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर के लिए निर्वाचन संबंधी ट्रेनिंग कराई जाती है, उसी प्रकार निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस के हरेक स्तर तक के पदाधिकारियों के लिए मैनुअल तैयार करते हुए उनकी ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित करना है. इससे ड्यूटी पर लगे पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में स्पष्टता आएगी. साथ ही वे अपनी जिम्मेदारियां तत्परता से निभा सकेंगें और उन्हें यह मालूम रहेगा की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान क्या करना है और क्या नहीं.



प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य.

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब ने पदाधिकारियों को चुनाव की घोषणा से पूर्व प्रारंभिक कार्य एवं मतदान केन्द्रों का वर्गीकरण, वल्नरेबिलिटी का मूल्यांकन और क्रिटिकल विश्लेषण के विषयों एवं मतदान पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के पश्चात की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था के विषयों पर बिंदुवार विस्तृत रूप से बताया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तमिलनाडु सत्यव्रत साहू ने अपने प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की तैनाती की जरूरतों का आकलन स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों से उनके समन्वयन एवं राज्य के पुलिस बल के साथ उनकी तैनाती से संबंधित विषयों को रेखांकित करते हुए उनसे संबंधित स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों को भूमिका को रेखांकित किया. निर्वाचन के दौरान कानून–व्यवस्था, जिसमें एमसीसी एवं व्यय निगरानी, नवाचार एवं सुधार से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के पदाधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते हुए उनकी शंकाओ का समाधान भी किया गया.

इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, राज्य सीएपीएफ के नोडल डीआईजी इंद्रजीत महथा, पुलिस हेडक्वार्टर के निर्वाचन सेल के डीआईजी धनंजय कुमार कुमार सिंह, रांची, हजारीबाग, चाईबासा, पलामू, बोकारो एवं दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,जिलों के निर्वाचन प्रकोष्ठ के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे.

### मगध और आम्रपाली कोल परियोजना

## भाड़ा बढ़ाने के नाम पर हुआ आंदोलन कमेटी बनते ही शुरू हो गई वसूली

**वरीय संवाददाता। रांची**

सीसीएल के मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में कमेटी बनाकर एसोसिएशन संगठन के लोगों के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है. यह वसूली गाड़ियों के फॉर्मेट दिलाने के नाम पर किया जा रहा है. बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि दो माह पहले बालूमाथ प्रखंड के उप-प्रमुख और मगध कोलयरी के विस्थापित नेता कामेश्वर राम के नेतृत्व में भाड़ा बढ़ाने को लेकर आंदोलन किया गया था. आंदोलन में बालूमाथ, सेरेगड़ा, आरा, चमातू, चंदवा, चतरा, लातेहार,चतरा समेत कई स्थानों के ट्रक ऑनर शामिल हुए थे. शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, सिमरिया विधायक किशुन दास समेत कई नेता आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया था. उसके बाद ट्रक के भाड़ा की वृद्धि की गई. साथ ही सभी जगहों के ट्रकों को फॉर्मेट देने का कोटा तय किया गया और सही रूप से संचालन करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया. जिसके अध्यक्ष कामेश्वर राम बनाए गए.

**15 लाख रुपये की वसूली की गई :** कमेटी के नियम के अनुसार एक महीने तक तो सब कुछ सामान्य तरीके से चला. इस दौरान कमिटी के नेताओं ने प्रत्येक ट्रक मालिक से 500 रुपये की वसूली की गई. करीब 15 लाख रुपये की वसूली की गई. वहीं चमातू के कामेश्वर राम राजेश राम, सत्यनारायण साव, त्रिवेणी साव, मुकेश साव (सीसीएल कर्मी) विजय साहू, खुशियाल साहू, मुकेश राम समेत कई लोगों ने सभी जगह का फॉर्मेट बांटने का जिम्मा लिया. इन लोगों द्वारा स्थानीय ट्रकों को फॉर्मेट नहीं देकर बिहार, बंगाल और दूसरे राज्य के ट्रकों के बीच एक हजार से दो हजार तक लेकर फॉर्मेट बेचना शुरू कर दिया. ट्रक मालिकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक दिन में इन लोगों द्वारा 150 से 200 ट्रको को का फॉर्मेट पैसे लेकर दिया जा रहा है.

**हर दिन दो लाख रुपये की वसूली**

जानकारी के मुताबिक बालूमाथ समेत आंदोलन में शामिल सभी ट्रक मालिकों को फॉर्मेट नहीं दिया जा रहा है. कई ट्रक मालिकों ने इसका विरोध किया. पिछले सप्ताह ट्रक मालिक पिंटू सोनी ने बालूमाथ थाना को आवेदन देकर कहा कि उसने बिना पैसा दिए हुए ही फॉर्मेट एलाऊ करा लिया था. इसी बीच खुशियाल साहू ने पैसे की मांग की. पैसा नहीं देने पर फॉर्मेट को छीन कर फाड़ दिया. साथ ही कहा कि अगर किसी ट्रक को फॉर्मेट लेना है, तो 2000 प्रति ट्रक कमेटी को देना होगा. विरोध करने पर खुशियाल साव समेत चार–पांच लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट की. तीन दिन पहले भी फॉर्मेट नहीं मिलने पर सेरेगड़ा के ट्रक ऑनर एवं चमातू के लोगों के बीच में जमकर मारपीट हुई थी. अमरवाडीह पिकेट प्रभारी ने गांव पहुंच दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया था.

### कोर्ट की खबरें

## प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने दी बेल, ट्रायल कोर्ट में पासपोर्ट जमा करने का मिला आदेश

**विधि संवाददाता। रांची**

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने झारखंड में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश को जमानत दे दी है. प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई. अदालत ने कहा कि जमानत पर रहने के दौरान वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेंगे और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे.

**बेल देने से किया था इनकार :** दरअसल जनवरी 2023 में झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. इसके बाद प्रेम प्रकाश ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. एक केस में शीर्ष अदालत ने प्रेम प्रकाश को पहले ही बेल दे दी है. प्रेम प्रकाश अवैध खनन और लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी है और फिलहाल दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है.

### जस्टिस रत्नाकर भेंगरा हुए रिटायर, विदाई दी गई



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा शुक्रवार सेवानिवृत्त हो गए. शुक्रवार को हाईकोर्ट में उनका अंतिम कार्यदिवस था. अंतिम कार्यदिवस के मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीशों और एडवोकेट एसोसिएशन ने उन्हें यादगार विदाई दी. जस्टिस रत्नाकर भेंगरा ने वर्ष 1988 में न्यायिक क्षेत्र में वकील के रुप में अपने करियर की शुरुआत की थी. जिसके बाद वर्ष 2015 में उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था. वर्ष 2017 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को हाईकोर्ट का स्थायी जज नियुक्त किया गया था. एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत अन्य जजों ने जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को शुभकामनाएं दी. वहीं एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष और महासचिव ने उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### हाईकोर्ट ने कहा- 6 दिसंबर तक पूरी करें चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 6 दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है. शुक्रवार को चौकीदार नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एसएन. पाठक ने यह निर्देश दिया है. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता एम एम शर्मा ने बहस की. उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि गृह सचिव ने अदालत को यह अंडरटेकिंग दी थी कि तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. लेकिन अंडरटेकिंग देने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई. बता दें कि राज्यभर में कुल 4861 चौकीदारों की नियुक्ति होनी है. लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में देर के विरुद्ध हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है.

### विस चुनाव | एनडीए के लिए पीएम, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, तीन केंद्रीय मंत्री व छह सीएम कर चुके हैं सभा

## स्थानीय नेताओं को चमक फीकी पड़ने का डर

- हर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए कई–कई दावेदार
- हर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऑनलाइन सर्वे भी किया जा चुका है

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है, सत्तारुढ़ इंडिया गठबंधन और विपक्ष एनडीए के बीच अलग-अलग दिक्कतें सामने आने लगी हैं. इंडिया गठबंधन को जहां चुनाव बाद विधायकों के टूटने का डर सता रहा है, वहीं एनडीए के स्थानीय नेता भी कम परेशान नहीं हैं. राज्य के नेताओं को अपनी चमक फीकी पड़ने और जनता के बीच कम वक्त दे पाने का डर सताने लगा है.

दरअसल, एनडीए के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, तीन केंद्रीय मंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के अलावा असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री झारखंड में आकर चुनावी रैली और सभा कर चुके हैं. इस तरह अब तक भाजपा के 11 से अधिक बड़े नेता झारखंड दौरे पर आ चुके हैं. इसका असर यह हो रहा है कि आम लोगों तक में इन बड़े नेताओं की ही चर्चा ज्यादा होने लगी है. मीडिया भी बड़े नेताओं को ही ज्यादा कवरेज कर रहे हैं. ज्यादा स्पेस दे रहे हैं. आम लोगों में स्थानीय नेताओं की चर्चा भी कम हो रही है और मीडिया में भी कम कवरेज मिल रहा है. एक और दिक्कत यह है कि बड़े नेताओं के आगमन पर स्थानीय नेताओं को अपने तमाम कार्यक्रम रद्द करके उनकी सभाओं के लिए वक्त निकालना पड़ रहा है. इन वजहों से राज्य भाजपा के नेताओं को अपनी चमक फीकी पड़ने का डर भी सताने लगा है. कुछ नेताओं में यह भावना भी पनपने लगी है कि जब प्रचार का सेंटर पार्टी के बड़े नेता हैं, तो जीत-हार में उनकी क्रेडिट पर चर्चा कौन करेगा. कौन सोंचेगा.

एक समस्या यह भी है कि भाजपा की तरफ से हर विधानसभा के लिए टिकट के कई-कई दावेदार हैं. टिकट के दावेदार किनके पास पहुंच कर अपनी दावेदारी को पुख्ता करें, यह समझने में मुश्किलें आ रही हैं. भाजपा कार्यालय में नेताओं के बीच चल रही चर्चाओं में एक यह भी है कि मिलने-मिलवाने की बात करके कई दावेदारों से ठगी भी की जा चुकी है. हालांकि पार्टी ने स्वतंत्र और लोकतांत्रिक तरीके से कई सर्वे कराये हैं. हर विधानसभा के लिए ऑनलाइन सर्वे भी किया जा चुका है. इसके बाद भी टिकट के दावेदारों को चैन नहीं मिल रहा है.

क्लासिफाइड



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in धनबाद, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 177 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### सांसद ढुल्लू महतो के मामले में आदेश सुरक्षित

**धनबाद:** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में शुक्रवार को हाजिर नहीं हुए. एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने उभय पक्ष की बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है.

### नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा 7 को

**धनबाद :** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने,उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी बलियापुर निवासी मंगल दास को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर 24 की तारीख निर्धारित की है.

### बच्ची, बुजुर्ग की डेंगू रिपोर्ट पॉजीटिव

**धनबाद ।** शुक्रवार को डेंगू से पीड़ित दो नये मरीज की पहचान हुई है. इनमें एक बुजुर्ग और एक बच्ची शामिल है. दोनों की एलाईजा जांच एसएनएमएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी लैब में कराई गई. इनमें 63 वर्षीय गणेश महतो और 9 वर्षीय सोनिया मंडल शामिल हैं. दोनों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है. वहीं रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद लैब की ओर से इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई.

### आटो-टोटो चालक ड्रेस कोड में बरत रहे लापरवाही

**धनबाद.** धनबाद परिवहन विभाग के आदेश के बावजूद भी अभी तक शहर के सभी ऑटो चालक ड्रेस कोड के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं. धनबाद के सड़कों पर फिलहाल कोई ऑटो चालक ड्रेस कोड के अंतर्गत वर्दी ड्राइविंग कर रहे हैं.लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो इस नियम का हाल और बुरा है. निडर होकर ऑटो और टोटो ड्राइवर बिना ड्रेस कोड ड्राइविंग कर रहे है. बताया जाता है कि करीब 3000 ऑटो धनबाद शहर में दौड़ रहे हैं.

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष कैद

**धनबाद :** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी बरमसिया निवासी गुड्डू पासवान उर्फ सुमित कुमार को धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने चार वर्ष की कैद एवं सात हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. कोर्ट में पीड़िता के अलावे सभी गवाहों ने अभियोजन के कथन का समर्थन किया. पीड़िता के मां भी घटना का समर्थन करते हुए कहा था कि गुड्डू उसके घर में जबरन घुस गया था और उसके साथ गलत करने का प्रयास कर रहा था तो उसने गुड्डू के चंगुल से पीड़िता को बचाया था. प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर धनसार थाने में 9 मार्च 24 को दर्ज की गई थी.

**एक्शन :** राज्यपाल के निर्देश के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन, सीओ को दिया जांच का जिम्मा

# पीके राय-आईआईटी आइएसएम जमीन विवाद में जांच के आदेश

- अपर समाहर्ता ने दिया सीओ को जांच का आदेश
- पीके राय की प्राचार्या ने राज्यपाल को लिखा था पत्र

अमित सिन्हा । धनबाद

पीके राय कॉलेज की 71 डिसमिल जमीन आईआईटी आइएसएम प्रबंधन द्वारा कब्जा करने के मामले में धनबाद उपायुक्त ने धनबाद अंचल अधिकारी शशिनाथ सिंकर को जांच का आदेश दिया है. जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि पीके राय कॉलेज की प्राचार्या कविता सिंह ने राज्यपाल से गुहार लगाई थी. जिसके बाद राज्यपाल ने धनबाद उपायुक्त को जांच का निर्देश दिया था. मामले में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि ऐसे मामलों में देरी नहीं की जाती है. धनबाद सीओ को जांच का आदेश दिया गया है. वहीं मामले में सीओ सिंकर ने कहा कि अभी तक उनके पास जांच का आदेश नहीं आया है. आदेश मिलने पर जांच कर रिपोर्ट दी जाएगी.




### रास्ते के लिए 10 फिट जमीन मांग रहा पीके राय

पी के राय कॉलेज की प्राचार्या कविता सिंह ने आईआईटी आइएसएम प्रबंधन से रास्ते के लिए दस फिट जमीन की मांग भी की है. कॉलेज परिसर में दाखिल होने का रास्ता मात्र 13 फिट चौड़ा है. कॉलेज में अगलगी या अन्य किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी कॉलेज परिसर में दाखिल नहीं हो सकेगी. प्राचार्या ने आईआईटी आइएसएम प्रबंधन को कई बार पत्र लिख कर 10 फिट जमीन कि मांग की है ताकि रास्ते की चौड़ाई 20 फिट की जा सके. हालांकि आईएसएम प्रबंधन द्वारा अब तक इसपर कोई पहल नहीं की गई है.

### ये है पूरा मामला :

पीके राय कॉलेज की प्राचार्या ने राज्यपाल संतोष गंगवार को पत्र लिख कर गुहार लगाई थी कि कॉलेज की 71 डिसमिल जमीन पर आईआईटी आइएसएम प्रबंधन द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है. उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा कर कॉलेज के अधीनस्थ करने का आग्रह किया था. जिसपर संज्ञान लेते हुए राज्यपाल ने धनबाद डीसी माधवी मिश्रा को जांच के लिए लिखा. जिसके बाद डीसी ने इस पर जांच के आदेश दे दिए है. पीके राय कॉलेज की प्राचार्या कविता सिंह ने इस मामले में बताया कि सरकार द्वारा 2019 में उन्हें 71 डिसमिल जमीन दी गई थी. इस पर नई बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव है, मानव संसाधन विकास विभाग की ओर से 75 करोड़ की योजना भी स्वीकृत की जा चुकी है जिसका कार्य आने वाले वर्ष की प्रथम तिमाही से शुरू होगा. इसी बीच आईआईटी आइएसएम द्वारा जमीन के आगे दीवार खड़ी कर दी गई थी. शिकायत करने पर दीवार तो हटा दी गई है लेकिन इसके बाद पूरी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पिलर लगा कर तार से घेराबंदी की जा रही है. इसकी शिकायत राज्यपाल से की गई थी. उन्होंने बताया कि 71 डिसमिल जमीन के साथ ही 7.64 एकड़ जमीन के आवंटन की प्रक्रिया भी चल रही है. उक्त 7.64 जमीन भागा माइनिंग स्कूल के प्राचार्य आवास के नाम पर थी जो कि सरकारी जमीन है. जिसे पीके राय कॉलेज को दिए जाने की प्रक्रिया अभी चल ही रही है.

### पोस्टमास्टर के खिलाफ सीबीआई ने सौंपी चार्जशीट

**धनबाद।** बगोदर गिरिडीह पोस्ट मास्टर विपिन कुमार के विरुद्ध सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है. सीबीआई ने आरोप लगाया है कि दिनांक 10 मई 24 को सीबीआई ने जीडीएस मुंडरो के सब पोस्टमास्टर अजय कुमार को तेरह हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था.अजय ने पूछताछ में यह बताया था कि उसने पोस्ट मास्टर विपिन कुमार के कहने पर रिश्वत की रकम देवचंद कुमार एबीपीएम मुंडरो से लिया था. सीबीआई ने आरोप लगाया है कि विपिन कुमार ने मुंडरो सब पोस्ट ऑफिस मे जांच पडताल की थी. देवचंद के पक्ष में रिपोर्ट बनाने के एवज में विपिन ने 25 हजार रिश्वत की मांग की थी. इसके पूर्व सीबीआई ने अजय कुमार के विरुद्ध 2 जुलाई 24 को आरोप पत्र दायर किया था.

# मटकुरिया से आरा मोड़ तक फ्लाईओवर का शिलान्यास

- सीएम ने किया काको चौक से गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का उद्घाटन

संवाददाता। धनबाद

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची में आयोजित समारोह में झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा निर्मित काको चौक - बिनोद बिहारी चौक - गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का ऑनलाइन उद्घाटन किया. साथ ही मुख्यमंत्री ने मटकुरिया से आरा मोड तक फ्लाईओवर निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास किया. उद्घाटन व शिलान्यास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 8 लेन सड़क पर स्थित बिनोद बिहारी चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्यमंत्री के समारोह का जीवंत प्रसारण किया गया. कार्यक्रम में विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष कुमार के अलावा पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आम जन मौजूद रहे. वहीं मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास तथा संबोधन के बाद विधायक टुंडी, उपायुक्त तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने नारियल फोड़कर 8 लेन सड़क आमजन को समर्पित की. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि काको चौक - बिनोद बिहारी चौक - गोल बिल्डिंग तक 461.90 करोड़ रुपए से निर्मित 20 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क जिले के लोगों के सुगम यातायात के लिए बहुउपयोगी साबित होगी. मटकुरिया से आरा मोड तक 256.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 3.53 किलोमीटर फ्लाईओवर से शहरी क्षेत्र में ट्राफिक पर कम दबाव पड़ेगा. समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने रांची, जमशेदपुर और धनबाद जिले की 3260 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन वह शिलान्यास किया. कार्यक्रम में विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, कनीय अभियंता अनिल कुमार, सहायक अभियंता पंकज कुमार, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि मदन महतो, डीआईओ सुनीता तुलस्यान, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.



### पहले 208 घरों को बसाए सरकार : निसार

**धनबाद।** फ्लाईओवर निर्माण से पहले पिछले 50 वर्षों से फ्लाईओवर के नीचे बसे 208 घरों को किसी दूसरे स्थान पर सरकार नगर निगम द्वारा आवास बना कर दे, तभी फ्लाईओवर निर्माण का कार्य शुरू होने दिया जाएगा. अगर बिना आवास दिए निर्माण कार्य शुरू किया गया तो वासेपुर में बहुत बड़ा आंदोलन होगा. जिसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी. उक्त बातें वार्ड नम्बर 10 के निवर्तमान पार्षद निसार आलम ने निवर्तमान मेयर व पार्षदों द्वारा शुक्रवार को किये गए एक अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन के दौरान कही. उन्होंने कहा जिले में वर्षों से जाम की समस्या को देखते हुए मटकुरिया से आरा मोड तक फ्लाईओवर निर्माण का मुख्यमंत्री द्वारा आज ऑनलाइन किया गया, शिलान्यास जनता हित में है.

### रिकवरी एजेंट गोलीकांड में दो और अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। धनबाद

पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बी टाइप कॉलोनी के निकट 15 सितंबर को फ्लिपकार्ट एजेंट मुकुल मिश्रा गोलीकांड के मामले में पुलिस ने और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए अपराधियों की निशानदेही पर शुक्रवार को बी टाइप गेट के समीप पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है. अभियुक्तों ने उक्त एजेंट को गोली मारने एवं पैसा लूटने की बात स्वीकार कर ली है .उक्त जानकारी शुक्रवार को जोड़ापोखर थाना में पूर्व डीएसपी भूपेंद्र राउत और वर्तमान डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने प्रेस वार्ता की दी. डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के पास से 1 लाख 22 हजार रुपये नगद , देशी पिस्टल, जिंदा गोली ,घटना स्थल से खोखा बरामद किया गया है. वारदात के दिन अपराधियों द्वारा पहना गया कपड़ा बरामद किया गया है. बताया कि पूर्व में पकड़े गए अपराधियों की निशानदेही पर दो और अपराधी धीरज कुमार गुप्ता, गौतम धीवर को पकड़ लिया गया है. घटना में प्रयुक्त आपची मोटरसाइकिल संख्या जेएच10जेसी- 2003 भी बरामद कर ली गई है. कांड के अनुसंधान में जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा, पाथरडीह प्रभारी पवण पाठक ,सुदामडीह थाना प्रभारी तूरज कुमार रजक बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी अजित कुमार सहित एसआइटी टीम व पुलिस पदाधिकारी थे.



1. लूट की रकम में से 1 लाख 22 हजार रुपया नगद बरामद
2. देशी पिस्टल, जिंदा गोली ,घटना स्थल से खोखा भी मिला
3. वारदात के दिन अपराधियों द्वारा पहना गया कपड़ा व प्रयुक्त बाइक की भी बरामदगी

### झरिया में मिला करैत, अफरा तफरी

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र के फतेहपुर गली स्थित मार्टिनेट कंप्यूटर एजुकेशन नामक सेंटर में शुक्रवार की देर शाम एक सांप निकलने से कोचिंग संस्थान में अफरा- तफरी मच गई. मामले को लेकर बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम मार्टिनेट कम्प्यूटर सेंटर के समीप एक झाड़ी नुमा जगह है.जहां से वह सांप निकालकर कोचिंग संस्थान के समीप पहुंच गया. एक बच्चे ने सांप को देखा.फिर सांप कोचिंग सेंटर के गेट में जा फंसा, इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी मंतोष नमक सर्प मित्र को दी.सूचना मिलते ही सर्प मित्र मौके पर पहुंच गया और कुछ देर की मशक्कत के बाद सांप को पकड़ने में उन्हें सफलता मिली. सर्प मित्र के अनुसार यह काफी जहरीला करैत सांप था.

### पीबी प्रोजेक्ट में जमीन मापी पर ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता। पुटकी

पीबी प्रोजेक्ट में शुक्रवार को रास्ता निकालने को लेकर जमीन की मापी करने आए सर्किल इंसपेक्टर को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा. सीओ के आदेश पर जमीन की मापी करने सर्किल इंस्पेक्टर छत्रधारी दास शुक्रवार को पहुंचे थे.

ग्रामीणों का कहना है कि बिना ग्राम सभा किए तथा ज़मीन मालिक को बिना नोटिस दिए चुपके से ज़मीन की मापी की जा रही थी, जिसका हमलोगों ने विरोध किया है. मापी कराने से पहले बीसीसीएल प्रबंधन ग्रामीणों के साथ बैठक करे.

### टिकट दलालों ने महिला व युवक को पीटा

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर में टिकट दलालों का कब्जा है. शुक्रवार की सुबह तत्काल टिकट में पहले नंबर लगाने वाले महिला व उनके भतीजा के साथ दलालों द्वारा जमकर मारपीट की गई. मामले को लेकर महिला संगीता देवी ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है. महिला का आरोप है कि वे तत्काल टिकट लेने के लिए आरक्षण टिकट काउंटर में लिस्ट में एक नंबर पर अपना नाम लिखे थे लेकिन जब वे और उनका भतीजा संकज कुमार शुक्रवार की सुबह पांच बजे आए तो देखा कि टिकट दलालों द्वारा उनके लिस्ट को फाड़कर दूसरा लिस्ट टांग दिया गया है. इस बात का उन्होंने विरोध किया तो उन्हें व उनके भतीजा को मारा पीटा गया. इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद शनिवार से आरक्षण टिकट काउंटर में शनिवार से सुरक्षार्थ आरपीएफ की तैनाती रहेगी.

### दिव्यांग महिला से पेंशन की रकम की ठगी

**आरोपी ने कहा, उधार की रकम नहीं चुकाना चाहती, इसलिए लगा रही आरोप**

संवाददाता। तेतुलमारी

तेतुलमारी थाना क्षेत्र के सुभाष नगर की रहने वाली 39 वर्षीय दिव्यांग युवती रुखसाना परवीन ने तेतुलमारी थाना में लिखित शिकायत कर दो लोगों पर पेंशन का पैसा ठगी करने का आरोप लगाया है. ठगी को लेकर रुखसाना परवीन ने कहा है कि विमल वर्मा और सुजीत वर्मा नामक व्यक्ति द्वारा पेंशन का पैसा ठग लिया गया. विमल वर्मा ने विकलांग पेंशन चालू कराने के बाद पेंशन बंद होने की बात करी और फिर पेंशन का आधा पैसा ले लेता था. सुजीत वर्मा ने विकलांग रुखसाना को बैंक ऑफ इंडिया तेतुलमारी शाखा ले जाकर निकासी पर्ची पर साइन कराया और पचास हजार रुपया निकाल लिया. आधा पैसा देकर बोला कि किसी को मत बताना नहीं तो पूरा पैसा वापस देना पड़ेगा. विकलांग को धमका कर विकलांग पेंशन का पैसा हड़पने की घटना में तेतुलमारी पुलिस छानबीन कर रही है.आरोपी ने बताया कि शिकायतकर्ता रुखसाना परवीन के पिता स्वर्गीय समुउलाह खान पर पचास हजार रुपया बकाया था. जो गल्ला दुकान से राशन और नगद रूप में दिया था. समुउलाह खान के निधन के बाद उसकी बेटी रुखसाना परवीन ने उधारी का आधा पैसा दिया. पच्चीस हजार रुपया दिया है और पच्चीस हजार अभी बाकी है. जबकि रुखसाना परवीन बकाया पैसा नहीं देना चाहती है इसके लिए अनर्गल आरोप लगा रही है. आरोप पूरी तरह से निराधार है. वहीं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने प्रशासन को त्वरित कार्रवाई कर को इंसाफ दिलाने और पैसा वापसी कराने की मांग की है.



### स्कूटर से अवैध बालू ढुलाई को लेकर दो लोगों में मारपीट

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना के सुंदर नगर स्थित बालू घाट में शुक्रवार की सुबह अबैध बालू धुलाई को लेकर सुंदर नगर निवासी संजय सिंह और शंभु बाउरी के बीच जमकर मारपीट हो गई. वारदात में संजय सिंह की हालत गंभीर बताई जाती है. दोनों को निरसा प्राथमिक केंद्र में उपचार के बाद धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया है. एनजीटी लागू होने के बावजूद भी आखिर सुंदर नगर बालू घाट से बालू ढुलाई हो रही थी. ग्रामीणों का कहना है बालू को लेकर अकसर छोटे मोटे झगड़े होते थे. पर आज सुबह दोनों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. जिसमें संजय सिंह के गर्दन पर हथियार से बार किया गया. ग्रामीणों ने बताया कि दोनों स्कूटर से अवैध बालू बोरी में करके बेचता था. संजय का मोबाइल आज बंद रहने के कारण जहां माल गिराता था. वहां पर शम्भू बालू गिरा दिया, इसी को लेकर मारपीट हुई.

**पाबंदी** शहर में नो एंट्री पॉइंट निर्धारित, शाम 3 से सुबह 5 बजे तक लागू

# दुर्गापूजा को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव

### खास बातें

- झरिया-सिंदरी के ऑटो-टोटो पूजा के दौरान धनसार चौक तक चलेंगे
- केंदुआ-महुदा के ऑटो-टोटो मटकुरिया चेकपोस्ट तक दौड़ेंगे

संवाददाता। धनबाद

दुर्गा पूजा को लेकर धनबाद प्रशासन की तरफ से बदलाव किए गए हैं. ये बदलाव पूजा के चार दिनों सप्तमी से दशमी तक जारी रहेंगे. इस दौरान ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और सवारी वाहनों के लिए विशेष मार्ग निर्धारित किए गए हैं. यात्री बसों के लिए भी अलग मार्ग तय किए गए हैं. बड़े वाहनों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न मार्गों पर नो एंट्री पॉइंट निर्धारित किए हैं. यह व्यवस्था शाम 3 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगी.

### सवारी वाहनों के लिए मार्ग

1. राजगंज-बरवाअड्डा की ओर से सभी सभी सवारी वाहन गोल बिल्डिंग, गेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए इसी रास्ते से वापस होंगे.
2. निरसा, गोविन्दपुर, बलियापुर की ओर से गोल बिल्डिंग, मेगको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए इसी मार्ग से लौटेंगी.
3. कतरास, पुटकी, केन्दुआडीह की ओर से आने वाले वाहन मटकुरिया चेकपोस्ट से वापस
4. सिन्दरी, झरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चौक से वापस (बैंकमोड़/शक्ति मंदिर की ओर नो इंट्री)
5. भूदा, बलियापुर, हीरापुर की ओर से बरमसिया पुल से वापस (मनईटाँड/पुरानी बाजार और हीरापुर की ओर
6. बरमसिया पुल से मनईटांड़, पुराना बाजार, एवं हीरापुर की तरफ नो इंट्री रहेगी.

### यात्री बसों का परिचालन मार्ग:

1. धनबाद-बोकारो-राँची/राँची-बोकारो-धनबाद वाली बसें करकेन्द्र मोड़, राजू यादव स्मारक, सिजुआ नया मोड़, पाण्डेयडीह, तेतुलमारी थाना, शहीद शक्तिनाथ चौक, विनोद बिहारी चौक, बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़, बरटांड बस स्टैंड चलेंगी.
2. जमशेदपुर-पुरुलिया-धनबाद/धनबाद-पुरुलिया-जमशेदपुर मार्ग की बसें नगिना बाजार, मोहलबनी चेकपोस्ट, सुदामडीह थाना, जामाडोबा मोड़, पुटकी मोड़, करकेन्द मोड़ पहुंचेगी.
3. सिन्दरी - झरिया होते हुए धनबाद आने वाली सभी यात्री वाहन : इन्दिरा चौक झरिया, कतरास मोड, केन्दुआ करकेन्द मोड़
4. कतारास मोड़ से बाटा मोड़ होते हुए 04 नम्बर बस स्टैंड रोड़ : वन वे
5. धनबाद रेलवे स्टेशन बस स्टैंड से यात्री बस से श्रमिक चौक, सिटी सेन्टर, मेमको मोड़ के रास्ते

### ये हैं नो एंट्री पॉइंट

- श्रमिक चौक से गया पुल-बैंकमोड़
- सरायढेला थाना मोड से स्टील गेट
- कोलाकुसमा से स्टील गेट
- जेसी मल्लिक, पटेल चौक से हीरापुर

### नो एंट्री पॉइंट

1. शहरी क्षेत्रों में माल वाहक (407/ 409/709) एवं अन्य भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर 24 घंटे पाबंदी
2. जोड़ापोखर थाना : सिन्दरी से पुटकी की ओर जाने वाले भारी वाहनों का गौशाला ओ0पी0 के पास नो इंट्री
3. बोकारो से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों का मोहलबनी ग्राउण्ड (सुदामडीह थाना) से आगे नो इंट्री
4. पुटकी से सिन्दरी की ओर जाने वाले भारी वाहन आबोदेवी पेट्रोल पम्प (बोर्रागढ़ ओ0पी0) के बाद नो इंट्री

### टुंडी में लॉटरी बेचने वाला गिरफ्तार

**टुंडी :** टुंडी में अवैध रूप से लॉटरी बेचने वालों का एक गिरोह सक्रिय है. स्थानीय लोयों को लाखों रुपए की ईनाम का प्रलोभन दे बड़ी संख्या के युवा लॉटरी का लत लग रहा है. अवैध रूप से लॉटरी का टिकट बेचने के आरोप में टुंडी पुलिस ने शुक्रवार को जुम्मन अंसारी नामक एक व्यक्ति को कमारडीह में लॉटरी का टिकट बेचते हुए रंगेहाथ पड़कर जेल भेज दिया. टुंडी के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमाशंकर ने बताया कि टुंडी थाना अंतर्गत लछुरायडीह निवासी जुम्मन अंसारी को करीब डेढ़ सौ अवैध लॉटरी के टिकटों के साथ पकड़ा गया है. उसके पास से एक मोबाइल और लॉटरी के बेचे गए टिकट की 625 रुपया बरामद किया गया. पुलिस ने पूछताछ में लॉटरी टिकट के अवैध कारोबारी के राकेट का जानकारी मिली है. बहुत जल्द अवैध लॉटरी टिकट का कारोबार करने वाला सरगना पुलिस ने गिरफ्त में लेने की बात कही है.

### मासस का अस्तित्व नहीं होगा समाप्त : दिल मोहम्मद

**पार्टी गठन के लिए पुराने नेता एक मंच पर**

- गणेश महतो को बनाया गया पार्टी का संरक्षक

संवाददाता। धनबाद

मार्क्सवादी सामान्य समिति का अस्तित्व अब समाप्त नहीं होगा. पार्टी को फिर से स्थापित करने के लिए पुराने नेताओं ने एक मंच पर आकर पहल शुरू कर दी है. इसे इरादे को लेकर पुराने नेताओं ने धनबाद के गांधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता किया गया. प्रेस वार्ता के दौरान गणेश महतो और दिल मोहम्मद ने बताया कि पार्टी के बड़े नेता अपने स्वार्थ के लिए जीत की लालसा को लेकर मासस पार्टी का बीते 9 सितंबर को भाकपा माले में विलय कर दिया जबकि मासस का स्थापना राजनीति के संत कहे जाने वाले ऐके राय द्वारा किया गया था. एके रॉय ने मजदूरों, किसानों पर हो रहे शोषण के विरोध में मार्क्सवादी सामान्य समिति, पार्टी की स्थापना की थी. राय दा ने धनबाद में सांसद और विधायक रहते पार्टी को खून और पसीने से सींचा था.यह पार्टी नहीं रॉय दा का विचार था, जिसे खत्म किया गया. उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्थापित की गई. पार्टी को दूसरे पार्टी में विलय किया गया लेकिन हमलोग उनके विचारधाराओं को फिर से स्थापित करने के लिए पार्टी का फिर से रजिस्ट्रेशन करवाएंगे और चुनाव आयोग का जो भी गाइडलाइन होगा, उसके अनुसार पार्टी बनाएंगे. उन्होंने कहा कि धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग सहित कई जगह के पार्टी के पुराने नेता भी यही चाह रहे हैं .दिल मोहम्मद ने बताया की इसके लिए गणेश महतो को पार्टी का संरक्षक बनाया गया है.

▼ ब्रीफ खबरें

## पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओपी लाल की धर्मपत्नी का निधन



**कतरास।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओपी लाल की धर्मपत्नी व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल के माता शोवा देवी उम्र 85 वर्ष का गुरुवार की देर रात निधन हो गया. वे कुछ समय से बीमार चल रही थी. वे अपने पीछे चार पुत्र सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव पुत्री अनीता श्रीवास्तव सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं. शोवा देवी धार्मिक विचार की महिला थी. पूजा पाठ व अन्य सामाजिक कार्यों में चढ़कर हिस्सा लेती थीं.निधन के खबर पाकर देर रात से ही उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा. अंतिम संस्कार शुक्रवार कतरास लिलौरी मंदिर श्मशानघाट में किया गया.

## भाजपा नेता डब्लू तिवारी की माता का निधन

**मधुबन।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स नावागढ़,खरखरी,महेशपुर के अध्यक्ष सह भाजपा नेता डब्लू तिवारी के 83 वर्षीय माता सरस्वती देवी का निधन शुक्रवार को हो गया. उनकी माता एक महीने से बीमार चल रही थी. इधर निधन की सूचना पाकर धनबाद सांसद ढुलू, झारखंड इलेक्शन कमीशन के पूर्व डायरेक्टर गोपाल कृष्ण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो,जीटा महासचिव राजीव शर्मा,कतरास चेम्बर का अध्यक्ष विजय तूलस्यान,झरिया व्यवसाय गणेश पाण्डेय, गोपाल कृष्ण तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि हरि साव सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग पहुंच कर शोक जताई.

## प्रोफेसर रामेश्वर शुक्ल को दी भावभीनी विदाई

**निरसा बाजार।** निरसा स्थित केएसजीएम कॉलेज के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद शुक्ला के सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को कॉलेज के प्राध्यापकों एवं कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी. उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उक्त अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने 1988 में कॉलेज में योगदान दिया था. 36 वर्षों तक उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास में अपना अहम योगदान निभाया. उनके द्वारा पढ़ाए गए कई विद्यार्थी आज विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं. 30 सितंबर को उनका कार्यकाल कॉलेज से समाप्त हो गया.

## कोयला डिस्पैच कर ग्राहकों तक पहुंचाना एक कला : दास

**केंदुआ।** बीसीसीएल में कोयला का उत्पादन एक पहलू है लेकिन उसका सही ढंग से डिस्पैच कर उसे ग्राहकों तक सही ढंग से पहुंचाना एक कला है. कम्पनी के सेल्स व मार्केटिंग विभाग को इसका निर्वहन सतर्कता व जिम्मेवारीपूर्वक करना है. कुसुंडा एरिया के महाप्रबन्धक प्रणव दास ने उक्त बातें मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि क्षेत्र को कोयला के उत्पादन का जो लक्ष्य मिला है वो तभी सार्थक है जब उसका डिस्पैच हो. इसलिये सेल्स व मार्केटिंग डिपार्टमेंट की भूमिका अहम हो जाती है. जीएम दास ने कहा कि विजिलेंस डिपार्टेंट में सही तरीके काम करने का राह दिखाता है.अगर सभी नियमानुसार काम करें तो गलती की गुन्जाईश नहीं रहती.

### रजवार बस्ती के रैयतों को मुआवजा-नियोजन के साथ करमाटांड में बसाने की मांग

# किसी भी कीमत पर होगी कोईरीबांध की रक्षा : पूर्णिमा

**खास बातें**

- दुखहरिणी धाम से कोईरीबांध के अस्तित्व को लेकर जीएम से वार्ता

संवाददाता। धनबाद



झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने राजापुर परियोजना के विस्तारीकरण से कोयरीबांध, दुखहरिणी धाम से झरिया स्टेशन रोड और झरिया बाजार के अस्तित्व पर उत्पन्न हुए खतरे को लेकर विकास भवन बीसीसीएल महाप्रबंधक एरिया 9 के कार्यालय में बीसीसीएल प्रबंधन के साथ आवश्यक बैठक की. इस मामले को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ता के क्रम में कहा कि कल ही स्थानीय लोगों के साथ उन्होंने घटना स्थल का दौरा किया था, लोग जान माल की सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं. किसी भी कीमत पर झरिया बाई पास सड़क एवं कोयरीबांध को सुरक्षित रखना ही होगा, इसके लिए जो कदम उठाने हो, प्रबंधन पहल करे. लोगों को विश्वास में लेकर, घटनास्थल पर स्वयं बीसीसीएल अधिकारियों के साथ जाकर, घटना स्थल उचित आकलन करते हुए निर्णय लें. साथ ही साथ रजवार बस्ती के रैयतों को कर्माटांड में शीघ्र अतिशीघ्र विस्थापित कर उनके मुआवजा एवं नियोजन देने पर उचित कार्रवाई करे. महाप्रबंधक बस्ताकोला अनिल सिन्हा ने विधायक की बातों पर सहमति जताई और शीघ्र घटना स्थल का दौरा कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया. वार्ता में उप महाप्रबंधक टुनेश्वर पासवान, मुख्यप्रबंधक कार्मिक अभिषेक राय, पीओ राजापुर केके सिंह, जनता मजदूर संघ, बस्ताकोला के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पाठक, कोयरीबांध समिति से बंटी जायसवाल, संजय गुप्ता, देवेंद्र यादव ,मंटू गुप्ता ,रितेश रजवार, दिलीप गुप्ता, अक्षय यादव, अभिषेक परमार, एनके परमार , हरे राम कुमार , शक्ति सिंह, नसीब चौहान, मनोज यादव , जितेंद्र पासवान , रविंद्र यादव , लाल बहादुर यादव , राजीव राय, मुन्ना सिंह , रमेश राम , शिव शंकर महतो, जितेंद्र पासवान, रवींद्र यादव, विनय साव आदि उपस्थित थे.

# सामूहिक सर्वधर्म विवाह : इस बार 101 जोड़ों का होगा विवाह

- 9 अक्टूबर से बेकारबांध पंडित डेकोरेटर्स में मिलेगा रजिस्ट्रेशन फार्म

संवाददाता। धनबाद

हीरापुर स्थित मास्टर पाड़ा में शुक्रवार को सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह की अध्यक्षयता में हुई . इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षो से लगातार सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रहा है. इस 11 वें वर्ष के विवाह समारोह में 15 जनवरी 2025 को 101 जोड़ों का विवाह रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउण्ड) हीरापूर धनबाद में करवाने का निर्णय लिया गया है. विवाह करने वाले जोड़ों के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म 9 अक्टूबर से बेकारबान्ध पंडित डेकोरेटर्स में उपलब्ध मिलेगा .विवाह कार्यक्रम में सभी धर्मों के लड़के व लड़कियों का विवाह उनके रीति-रिवाज के अनुसार की जाएगी. उम्र सीमा कम से कम 18 वर्ष लड़की की उम्र और 21 वर्ष लडके की उम्र होनी चाहिए. समिति ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि यहां विवाह बिल्कुल निःशुल्क है किसी भी तरह की कोई देय राशी नहीं निर्धारित है. बैठक में महासचिव भरतजी भगत, उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी, दिलीप सिंह, विक्रम सिंह, तारकनाथ दास,सचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक पंडित, शुशील कुमार, विशाल कुमार, नवीन गुप्ता,गणेश शर्मा, विभूति शरण,समीरन सरकार, नीरज कुमार शाहा, जीतेन्द्र मालाकार, लल्लू साव,उदय साव, अखिलेश कुमार रंजन, दिनेश केसरी आदी उपस्थित थे.

### टुंडी के मनियाडीह गांव की वारदात

# मारपीट के विवाद में पहुंची पुलिस को बनाया बंधक

- बीडीओ, सीओ, डीएसपी समेत थानेदार के समक्ष महापंचायत में विवाद का निपटारा
- फुटबॉल मैच देखने गांव पहुंचे मेहमान के टार्च जलाने पर भड़का विवाद
- दो पक्षों में कई सालों से चल रहा था तनाव

संवाददाता। टुंडी



पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के डंडाटांड गांव में दो भाईयों के आपसी विवाद के बाद गांव दो गुटों में बंट गए व कहासुनी के बीच जमकर हाथापाई के बाद विवाद बढ़ गया. पुलिस पहुंचते ही गांव वालों ने मनियाडीह पुलिस को भी बंधक बना लिया. जानकारी मिलने पर भारी संख्या में टुंडी व मनियाडीह पुलिस पहुंची व प्रशासनिक अधिकारियों के पहल के बाद गांव में पंचायती कर मामले को निपटारा किया गया.

**ये है मामला :**
पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के डंडाटांड गांव में लंबे अर्से से चली आ रहे विवाद तूल पकड़ लिया. दो भाईयों के बीच विवाद में गांव वाले दो गुटों में बंट गए व जमकर हाथापाई-मारपीट हो गई.बताया जाता है कि फिल्टर मुर्मू व पुरन मुर्मू दोनों भाई हैं. फिल्टर मुर्मू के साथ पूर्व मुखिया चंपा देवी के पति शिवशंकर सोरेन सहित 14आदिवासी परिवार व पुरण मुर्मू के साथ पूरे गांव वाले शामिल थे.यह विवाद पिछले कई सालों से चला आ रहा है. कहते हैं कि विवाद के कारण दोनों पक्षों में बातचीत खान-पान बंद था. गुरुवार को डंडाटांड गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन कार्यक्रम था. इस कारण बड़ी संख्या में आस-पास के मेहमान गांव पहुंचे थे. एक मेहमान द्वारा टार्च की रोशनी जलाने को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गये व कहासुनी गाली-गलौज करते हुए मारपीट हो गई. शुक्रवार की सुबह जब फिल्टर मुर्मू व पूर्व मुखिया पति मनियाडीह थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की. इस बाबत जब मनियाडीह पुलिस पहुंची तो लिखित शिकायत में कई निर्दोष लोगों के नाम सुनकर गांव वाले भड़क गए व गांव में तनाव बढ़ गया. मामला को तूल पकड़ते देख मनियाडीह पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी. तब टुंडी बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया,सीओ जितेन्द्र प्रसाद, धनबाद वन डीएसपी शंकर कामती, टुंडी थानेदार उमाशंकर, मनियाडीह थानेदार शिव कुमार, सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंची. प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर गांव में महापंचायत कराई. स्थानीय कई जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बात सुनी व रायशुमारी के बाद दोषी लोगों द्वारा भरी पंचायत में माफी मांगने के बाद विवाद का निपटारा हो गया.

# डीएवी स्कूल में कार्यक्रम 424 प्रतिभागी हुए शामिल

- शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता। धनबाद

टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में रन फॉर डीएवी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच अनुशासन, दृढ़ता, शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देना था. इस दौरान प्रतिभागियों को स्वस्थ शरीर रखने के लिए नियमित व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया.

कार्यक्रम को टाटा स्टील झरिया डिवीजन के यूनियन लीडर अशोक राय और टाटा डीएवी स्कूल के प्राचार्य एके मिश्रा ने हरी झंडी दिखाई. दोनों ने प्रतिभागियों को शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए प्रोत्साहित किया. अशोक राय ने कहा कि नियमित व्यायाम शरीर को लचीला बनाता है. वहीं प्राचार्य एके मिश्रा ने स्कूली बच्चों के बीच इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर अच्छे नागरिक बनाने में स्कूल की भूमिका पर प्रकाश डाला.

कार्यक्रम में कुल 424 प्रतिभागी शामिल हुए. प्रतिभागियों में 33 लड़कियां और 44 लड़के शामिल थे. साथ ही 30 स्वयंसेवी लड़के और 25 स्वयंसेवी लड़कियां भी शामिल थीं. इसके अलावा 68 स्कूल स्टाफ़, 82 अभिभावक और 272 छात्र भी शामिल थे. कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया गया.




## दुर्गोत्सव पर डीएवी कुसुंडा के छात्रों का नृत्य-गीत

**केंदुआ।** दुर्गोत्सव पर डीएवी कुसुंडा के छात्रों ने नृत्य, गीत व नाटिका का मंचन किया. सीनियर विंग के छात्रों की जीवंत प्रस्तुति ने माहौल को पूजन उत्सव सा बना दिया. अभिभावक और शिक्षकों की मौजूदगी में प्रतिभागियों ने उत्सव और भक्ति का माहौल बना दिया. छात्रों की प्रस्तुतियों ने त्योहार की भावना को जीवंत कर दिया. नाटकों, नृत्य प्रदर्शन और भक्ति गीतों के माध्यम से देवी दुर्गा के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया. देवी की उत्पत्ति से लेकर दुष्टों पर विजय तक व उनके बुराई पर अच्छाई की जीत को उजागर किया. पारंपरिक परिधानों और विस्तृत सजावटों ने कार्यक्रम को ओर भी आकर्षक बनाया. प्राचार्य झूमा महता ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की.

# विजिलेंस अवेयरनेस दिवस पर रक्तदान शिविर



संवाददाता। कतरास

बीसीसीएल एरिया चार के अंगरपथरा डिस्पेंसरी में विजिलेंस अवेयरनेस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल एवं विजिलेंस डिपार्टमेंट के एके मंडल ने संयुक्तरूप से फीता काट कर उद्घाटन किया. मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक एडमिन उमंग ठक्कर, डॉ जयप्रकाश राय, डॉ प्रीतम कुमार एवं वरीय फार्मेसिस्ट दीपक कुमार, प्रिन्स वर्मा, सुजीत, बिंदेश्वर माली,राजेश साव संतोष, साथ ही बिहार जनता खान मजदूर संघ से छोटू सिंह एवं यूनियन प्रतिनिधि विपिन राय, उपस्थित थे. कार्यक्रम डॉक्टर जेपी राय के निगरानी में संपन्न हुआ. कैंप में लगभग 60 आदमी उपस्थित हुए थे. कतरास क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी सभी ने रक्तदान किया.50 यूनिट ब्लड सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद भेजा गया.

# बुशिकान दोजो के 190 कराटेकारों को बेल्ट प्रमोशन

संवाददाता। धनबाद



इंटरनेशनल शोतोकान कराटे डू क्योकाई द्वारा बुशिकान दोजो के 190 उभरते कराटेकारों को उनके योग्यतानुसार विभिन्न बेल्टों के लिए प्रोन्नति दी गई. यह ग्रेडिंग परीक्षा वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुई. इस अवसर पर वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक रंजीत केशरी, मनोज शर्मा, राजेश यादव, सूरज वर्मा, पवन बर्नवाल, ममता पांडे, जुली कुमारी, संदीप पासवान और सौरभ भारती उपस्थित थे.

**इन कराटेकारों को दी गई प्रोन्नति:**
**ब्राउन बेल्ट (प्रथम क्यू):** सागरिका घोषाल, माउतुसी सेन, अनिरूद्ध बिस्वास, समृद्धि रानी, अरनेश सूत्रधार, प्रिया केशरी, अभिनव सिंह, मानसी केशरी, तथा निष्ठा पाठक।
ब्राउन बेल्ट (द्वितीय क्यू): यत्ती सिंह, मिहिर प्रसाद, शिविका अग्रवाल तथा आर्या जैन.
**ब्राउन बेल्ट (तृतीय क्यू):** आदिति चौधरी तथा तोशिका खत्री. **ब्राउन बेल्ट (चौथा क्यू):** सरयू आनंदी, अनिर्वेदा सिंह, अर्णव सिंह, ईशान सेन, शिवांगी सिंह, सनव नियोगी, विनाया सिंह, अक्षिता पंडित, सौरव रवानी तथा सोर्य बनर्जी.
**परपल बेल्ट (पांचवा क्यू):** सात्यकि दास, साएशा नियोगी, युवराज कश्यप तथा जनार्दन गोप.
**ब्लू बेल्ट (छठा क्यू) :** दक्षा वेदांशी, विधि प्रियांशी, सोनल चंद्रवंशी, स्लोक देवांश, मीमांसा सिंह, अंशिका पंजियारा, कृतिका सिंह, दक्षा वर्मा, अथर्व कुमार, भाषा सिंह, अपराजिता घोष, दूसाना घोष, पृथ्वी सिंह राणा, आदित्य कुमार दास, एमानुएल सुमित, लक्ष्मी कुमारी, रवि कुमार, शुभार्थी मुर्मू, दीप्तांगशु मुर्मू, रिद्धि प्रिया, सूर्यांश वर्मा, मुस्कान बर्नवाल, स्वर्णजीत बर्नवाल तथा विशाल पाल.
**ग्रीन बेल्ट (सातवां क्यू):** गणेशराम, रिद्धि नंदनवार, सिद्धि नंदनवार, रौनक भौमिक, अतीक्षा सिंह, निशांत, वेदांश भारद्वाज, डीवी वर्मा, सानवी नेगी, शाह फैजल, विहान राज, अनवित सिन्हा, आईरा सिद्दिका, उत्सव रंजन सिंह, साहिल सिंह, पियूष कुमार, प्रज्ञा कुमारी शर्मा, संस्कृति कुशवाहा, विराट सिंह गिल, वैभव वेदांत, अन्या अग्रवाल, राजेश्वर प्रसाद, आदर्श कुमार शर्मा तथा केशव प्रसाद.
**ऑरेंज बेल्ट (आठवां क्यू):** ऋतिक कुमार, गोकुल कृष्णा, अर्णव गुप्ता, समीक्षा दास, इशिता सरकार, ईशान सरकार, अनुष्का कुमारी, रमित सराइयार, आर्या चौधरी, अपराजिता ठाकुर, मनस्वी सिंह, चिन्मय सिंह, इशिता पाल, युवान गौतम, काशवी यादव, शौर्य प्रताप, आर्यवीर सिंह, संविका सिन्हा, सिद्धार्थ कश्यप, तनिष्का रॉय, त्रिशा सिंह, अनाहिता अग्रवाल, रोहन गुप्ता, सुमेधा महतो, आर्यन कुमार, वंश गुप्ता, कुमार कुणाल, अर्चित वीर सिंह, अथर्व वीर सिंह, पवन कुमार बावरी, प्रतीक पियूष तथा शिवांशी बर्नवाल.
**येलो बेल्ट (नौवां क्यू):** रिशव राज, वेदिश एम, ऋतिशा ओजस्वी, गरिमा कुमारी, अर्विका, अनिका, कुमारी तनवी, रुद्रांश गंगवार, श्रेया सिंह, रेयानस प्रधान, विपुल बाजपेई, मनवीर गौतम, अन्वेषा सिंह, यश कुमार, किशोर कुमार शर्मा, आस्था रानी, कृपा संकर, कुहू त्रिपाठी, शिवांगी घोष, हविषा गोएंका, अरिंदम कुमार, दर्श गुप्ता, सांची पटवारी, आरोही सिंह पाटोदिया, अंशिका शर्मा, ऋतिक शर्मा, आदविक कुमार, अवनी प्रकाश, हर्ष राज, सौम्या राज, अवनी, मो. असद, रुद्र नमन, नित्या राज, अथर्व वर्मा, शिवांश बनर्जी, प्रियांचल रॉय, अद्रीजा महता, इशिता कुमारी, मो. अर्शिल फैजल, जसप्रीत कौर, गनव कुमार सिंह, भावेश गांधी, अमन कुमार, सना फातमी, शुभ्या कुमारी, समृद्धि चैटर्जी, अनवी कुजूर, श्रृष्टि कुमारी शर्मा, त्विशा रचना गुप्ता, जाह्नवी, ऐशनी पाल, श्रीविद्या, अर्णव आरव, सानवी, कविता झा, मानस्विनी नायक, राजरिधि विश्वकर्मा, प्रतीक बर्नवाल, नयरीति वर्मा, हरमन कौर तथा कुमारी तनु शमिल है.

# पूजा में भी नहीं हो पाई मुराईडीह कॉलोनी की सफाई



भोला झा। बरोरा

शारदीय दुर्गा पूजा मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी में धूमधाम से मनाया जा रहा है. नवरात्र शुरू होने के साथ प्रायः घरों में लोग कलश स्थापन के साथ मां दुर्गा की अराधना में लीन हैं. मुराईडीह दुर्गा मंदिर में भी पूजा शुरू हो चुकी है. भव्य पंडाल भी बनाया गया है लेकिन अभी तक बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा कॉलोनी की साफ सफाई नहीं की गई है. इसके प्रति प्रबंधन की रवैया उदासीन दिख रही है. कॉलोनी के हर जगह पर कचरे का अंबार लगा हुआ है. कॉलोनी के मुख्य सड़क के किनारे गंदगी भरी पड़ी है. मंदिर पूजा करने जाने के दौरान कई समस्याओं को झेल रहे हैं. सड़क पर नाली का पानी बह रहा है. सभी नालियां बजबाजा रही हैं. दुर्गंध दे रही हैं लेकिन इस ओर किसी जनप्रतिनिधि या श्रमिक प्रतिनिधि पहल नहीं कर रही है. कहने को तो कॉलोनी में समाजसेवी भरे पड़े हैं लेकिन इस कार्य में कोई आगे नहीं आ रहा है. दुर्गंधयुक्त रास्ते से होकर दुर्गा मंदिर के जाने में भक्तजन काफी परेशान हैं.पावन पर्व में साफ-सफाई नहीं होने से लोगो में काफी रोष है. जहां-तहां कचरे की ढेर ने कॉलोनी बदसूरत दिख रही है. बगल के हरिणा श्रमिक कॉलोनी में साफ़- सफाई का कार्य बदस्तूर जारी है. यहां कॉलोनी की सुंदरता देखते बनती है लेकिन मुराईडीह कॉलोनी के प्रति प्रबंधन की रवैया से लोग आक्रोशित हैं.

## बीसीसीएल कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था में गड़बड़ी

- ठीकेदार को काम से कोई मतलब नहीं
- गंदगी के बीच कर्मी रहने को मजबूर

धनबाद। बीसीसीएल के कॉलोनियों में समुचित साफ-सफाई का लगातार अभाव है. इसलिए तो पूजा के इस अवसर पर भी कॉलोनियों में गंदगी का अंबार लगा है. इसका परिणाम है कि स्थानीय प्रबंधन से लेकर मुख्यालय तक इस पर कोई दिलचस्पी नहीं रख रहा है. बीसीसीएल एक से 12 एरिया में सफाई व्यवस्था लचर अवस्था में है. तभी तो श्रमिक कॉलोनियों की नाली से लेकर कूड़ेदान की में गंदगी का अंबार है हालांकि ठेकेदार साफ सफाई का टेंडर लेता है, लेकिन सफाई के काम में लीपापोती रहती है.

**ठेकेदार से लेकर प्रबंधन की अनसुनी :** बीसीसीएल के कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था की काम में लगातार ठेकेदार को अच्छी-खासी रकम बचती है. इतना ही नहीं श्रमिकों का तो यहां तक कहना है कि ठेकेदारों को बोलने पर भी सफाई ढंग से नहीं होता. कोलकर्मी तो अधिकारियों को शिकायत करते हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है. बीसीसीएल प्रबंधन के पास श्रमिक लगातार शिकायत करता है लेकिन वहां भी प्रबंधन की अनसुनी करते हैं. प्रबंधन को इस बात की कभी भी जिम्मेवारी नहीं रहती कि ठेकेदार अपना पूरा काम ईमानदारी से कर रहे हैं या फिर खानापूर्ति कर रहे हैं.



## बेनागड़िया उच्च विद्यालय में 9 छात्राओं को मिली साइकिल



**निरसा बाजार।** बेनागड़िया उच्च विद्यायल में कक्षा 8 एवं 9 में अध्यनरत छात्राओं के बीच शुक्रवार को प्रिंसिपल सुनील कुमार मंडल द्वारा 9 साइकिल का वितरण किया गया. साइकिल मिलने के बाद छात्राओं ने बताया कि अब वो और बेहतर तरीके से पढ़ पाएंगे.
साथ ही समय पर स्कूल पहुंच पायेंगे. छात्राओं ने बताया की काफी दूर का रास्ता तय कर स्कूल आना पड़ता था लेकिन साइकिल मिल जाने के बाद अब उन लोगों को स्कूल आने में किसी भी तरह का दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा. वहीं स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार मंडल ने कहा की विभाग के तरफ से मिले 9 साइकलों का वितरण छात्राओं के बीच किया गया है.



### ब्रीफ खबरें

## एबीवीपी ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

**देवघर।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच एवं जांच की मांग कर रहे आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए एबीवीपी देवघर जिला के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन सत्संग चौक पर किया. मौके पर एबीवीपी प्रांत सह मंत्री शुभम राय, प्रान्त खेल संयोजक गौरव राज़, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य युवराज सिंह, विनय राय, नगर सह मंत्री शैलेश कुमार चौधरी, कॉलेज मंत्री दीपक कुमार, सह मंत्री अर्पित सेठ, आशीष कुमार, अर्पित कश्यप, उज्जवल चौधरी, सौरभ कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## न्यू सदर अस्पताल में ब्लड बैंक भवन का अतिक्रमण

**देवघर।** पुराना सदर अस्पताल परिसर देवघर में छोटे से भवन में ब्लड बैंक संचालित है. न्यू सदर अस्पताल देवघर में अत्याधुनिक सुविधा युक्त ब्लड बैंक की स्थापना के लिए ब्लड बैंक भवन का निर्माण हुआ. लेकिन वह ब्लड बैंक भवन अतिक्रमित हो गया, उस पर दूसरे का कब्जा हो गया. इधर अत्याधुनिक सुविधा युक्त ब्लड बैंक के लिए ब्लड सेपरेटर मशीन सहित अन्य मशीन के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा राशि आवंटित कर दी गई है. लेकिन सिविल सर्जन देवघर न्यू सदर अस्पताल परिसर देवघर स्थित ब्लड बैंक भवन को खाली नहीं करवा पा रहे हैं. पुराने सदर अस्पताल परिसर देवघर में संचालित ब्लड बैंक को न्यू सदर अस्पताल परिसर देवघर स्थित ब्लड बैंक भवन में स्थापित नहीं कर पा रहे हैं. सिविल सर्जन बार-बार डीसी देवघर से ब्लड बैंक भवन को खाली कराने के लिए अनुरोध कर रहे हैं.

## कोनार नदी से वृद्ध का शव बरामद

**कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के बोड़िया बस्ती मैग्जीन स्थित कोनार नदी में तैरता हुआ शव देखा गया. शव देखे जाने की बात फैलते ही स्थानीय लोगों द्वारा बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई. सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई. शव की पहचान नहीं हो पाई है.

## गावां में 5 से आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका हड़ताल पर

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने शुक्रवार को गावां सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर हड़ताल पर जाने की घोषणा की. आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ गावां इकाई के सदस्यों की बैठक हुई. बैठक में सर्वसमिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 5 अक्टूबर से अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे. इसको लेकर सेविका सहायिका संघ प्रखंड अध्यक्ष संजू देवी ने कहा कि लगातार वे लोग अपने मांगों को सरकार के सामने रख रहे हैं. उसके बावजूद उनकी मांगों पर कोई भी उचित कार्रवाई सरकार द्वारा नहीं की जा रही है. इसे ध्यान में रखते हुए वे लोग 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे.

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के हरला निवासी संझलु उर्फ सलीम खान की गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे तालाब में डूबने से मौत हो गई. सलीम शाम 6 बजे शौच करने तालाब की ओर गया था. शौच के बाद तालाब में पानी छूते वक्त पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया. तालाब में 10 फिट से उपर पानी भरा है. सलीम को पानी में तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह डूब गया. घटना स्थल पर थाना प्रभारी महेश चंद्र दल बल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया.

## बिजली बिल माफी योजना के लिए शिविर

**पीरटांड़।** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरकी पंचायत भवन में बिजली बिल माफी योजना के प्रमाण पत्र वितरण को लेकर शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया. शिविर की सूचना पाकर प्रखंड के सैकड़ों बिजली उपभोक्ता चिरकी पंचायत भवन पहुंचे. शिविर में कई लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया. शिविर में अफरा तफरी का माहौल था. लोग अपना बिजली बिल माफ करने और प्रमाण पत्र पाने के लिए एक दूर से धक्का मुक्की कर रहे थे.

### जिला प्रशासन ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी

# 24 घंटे में कर्मियों का दें डाटा : डीडीसी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. कार्मिक कोषांग की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई. अध्यक्षता कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी गिरजाशंकर प्रसाद ने की. उन्होंने नोडल पदाधिकारी शालिनी खलखो से कोषांग के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली. खलखे ने बताया कि कई कंपनियों व प्रइवेट बैंकों ने कर्मियों का डाटा उपलब्ध नहीं कराया है. इस पर डीडीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंकों व अमलाबाद कोलीयरी समेत अन्य कंपनियों को शो-कॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब देने व कर्मियों का डाटा कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि समय पर कर्मियों का डाटा उपलब्ध नहीं होने से विधानसभा चुनाव कार्य में बाधा आ सकती है. उन्होंने बैठक में उपस्थित लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को बैंकों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा.

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा अक्टूबर व नवंबर में अलग–अलग तिथियों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है. डीडीसी ने बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए. मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार, डीएसई अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, एलडीएम मो. आबीद हुसैन समेत विभिन्न विभागों व कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

## पॉल्ट्री फार्म से 450 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त संचालक गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम व पुलिस ने गुरुवार देर रात हरला थाना क्षेत्र के पचौरा गांव में पॉल्ट्री फार्म पर छापामारी भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट जब्त किया. टीम ने पॉल्ट्री फार्म के संचालक रंजीत कुमार मंडल को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. उसके सहयोग प्रदीप कुमार मंडल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई गई है. पुलिस को वहां पॉल्ट्री फार्म की आड़ में अवैध शराब का कारोबार किए जाने की सूचना मिली थी. इसके आधार पर उत्पाद विभाग व पुलिस की टीम ने पॉल्ट्री फार्म में छापेमीर कर प्लास्टिक के 10 जरकिन में रखा 450 लीटर स्प्रिट जब्त किया. छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक सन्नी तिर्की समेत उत्पाद व पुलिस बल के जवान शामिल थे.

# चौकीदार नियुक्ति के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज

### बोकारो सेक्टर 12 स्थित जैप 04 ग्राउंड में होगी परीक्षा, तैयारियां पूरी

**संवाददाता। बोकारो**



चौकीदार संवर्ग की जिला अंतर्गत सीधी नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता जाँच परीक्षा शनिवार को प्रातः 5:00 बजे से जैप 4 सेक्टर 12 के मैदान में निर्धारित है. इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. शुक्रवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि ने तैयारियों का जायजा लिया. मौके पर उपस्थित सर्जेंट मेजर प्रणव कुमार को जरूरी दिशा–निर्देश दिया.

शरीरिक दक्षता जांच परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य दायित्व के संबंध में अवगत कराया. पदाधिकारियों ने ज्वाइंट ब्रिफिंग किया. सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पदाधिकारियों को प्रातः 04 बजे मैदान में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया. डीडीसी ने परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं विभाग से प्राप्त मार्ग दर्शिका के संबंध में विस्तार से बताया. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र जिस पर हाल का पासपोर्ट साईज फोटो चिपका हुआ हो एवं वैध मूल फोटो आइडी प्रमाण पत्र यथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आइडी कार्ड साथ लाना होगा. इन दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थी का प्रवेश अमान्य होगा.

# दलित महिला से दुर्व्यवहार मामले में भाजपा ने दिया एक दिवसीय धरना

### धरना के दौरान बीडीओ को लिया निशाने पर, भाकपा माले पर भी निकाली भड़ास

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



दलित महिला से दुर्व्यवहार के आरोप में तिसरी बीडीओ मनीष कुमार के खिलाफ शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन संपन्न हुआ. प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा के दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उक्त महिला रेखा देवी के साथ धरने पर बैठे. धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील शर्मा व संचालन चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव ने किया. इस दौरान बीडीओ मनीष कुमार पर भाजपाई जमकर बिफरे. साथ ही चेतावनी देते हुए बीडीओ पर अविलम्ब कार्रवाई की मांग की.

वहीं धरने को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सह जिला मंत्री मनोज यादव ने कहा कि हेमंत सरकार में पदाधिकारी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं . उन्होंने हेमंत सरकार को महिला, युवा व किसान विरोधी बताया. उन्होंने तिसरी बीडीओ मनीष कुमार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि स्वयं तबादला करवा लो, जिला प्रशासन से निश्चित कार्रवाई करवाएंगे.

**माले को लिया आड़े हाथ, उठाए कई सवाल**

वहीं मनोज यादव ने भाकपा माले को लेकर भी कई सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि माले चीन और रूस की उत्पत्ति है, यह चीन से इम्पोर्ट कर लाया गया संगठन है, यह देश और विकास विरोधी है.

कहा कि कश्मीर में भारतीय सेना एक आतंकवादी को मार गिराया था तब माले के ही एक पदाधिकारी ने उसे कश्मीर का पोस्टर बॉय बताते हुए उसे शहादत का दर्जा देने की मांग की थी. उन्होंने कहा कि माले और कोरोना दोनों चीन से आया हुआ वायरस है, जो विकास विरोधी है .

उन्होंने धनवार के पूर्व विधायक पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके विधायक काल में परिवारवाद को बढ़ाने का काम किया.

उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार में माले भी एक सहयोगी पार्टी है. सभी पदाधिकारी सरकार के कर्मी हैं लेकिन उनका विरोध न करके केवल विधायक - सांसद का विरोध किया जाता है. उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लोगों को बहका रहे लोग ये न भूलें कि गांवा से माल्डा-पटना जाने वाला पुल बाबूलाल मरांडी की ही देन है.

धरना कार्यक्रम में उपेंद्र साव, नरेश यादव, माला सिन्हा, गोपी रविदास, मोहन बर्णवाल, दिनेश विश्वकर्मा, अनिल साव समेत दर्जनों भाजपाई शामिल हुए.

## अबुआ आवास में 20 हजार रिश्वत का आरोप

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखण्ड के जरीडीह पंचायत के मुखिया पति पर अबुआ आवास के नाम पर 20 हजार रिश्वत लेने का आरोप पंचायत के मंझलाडीह की शकुंतला देवी ने लगाई है. इस बाबत शकुंतला देवी ने जमुआ बीडीओ और जमुआ प्रमुख को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. महिलाओं के साथ भाकपा माले के कई सदस्य जमुआ प्रखंड कार्यालय जमुआ पहुंचे, पर बीडीओ से कार्यालय में भेंट नहीं हुई. दिए आवेदन में महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनका कच्चा मकान है एवं प्रतीक्षा सूची के क्रमांक में सबसे ऊपर नाम है. लकिन सम्पन्न लोगों से मोटी रकम लेकर मुखिया और पंचायत सचिव ने सम्पन्न लोगों को अबुआ आवास स्वीकृत किया है. आवेदक शकुंतला देवी का घर बरसात में गिर गया और वह प्लास्टिक लगाकर रह रही है. अबुआ आवास दिलाने को लेकर मुखिया पति राजीव रंजन वर्मा 20 हजार रुपया रिश्वत के तौर पर लिया है. पर अब तक आवास नहीं मिला. इधर भाकपा माले जमुआ विधानसभा नेता अशोक पासवान ने जमुआ बीडीओ को अपने कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही. कहा कि गरीबों के लिखित आवेदन पर भी कोई करवाई नहीं किया जा रहा है.

## कसमार में मोबाइल वैटनरी एम्बुलेंस की हुई शुरुआत

**कसमार (बोकारो)।** कसमार स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को मोबाइल वैटनरी एम्बुलेंस का उद्घाटन किया गया. इस दौरान कसमार प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ स्वेच्छा अखौरी एवं प्रखंड के कई पंचायतों के मुखिया ने चलंत वैटनरी एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की शुरुआत की. इस दौरान डॉ स्वेच्छा अखौरी ने बताया कि उक्त मोबाइल वैन प्रखंड के सभी गांव में घर-घर जाकर पशु चिकित्सा का कार्य करेगी. एम्बुलेंस में पारावैट सुमित कुमार महतो एवं पायलट सुधांशु रंजन महथा मौजूद रहेंगे. जिनके घर में बकरी, गाय, बैल, भैंस समेत अन्य किसी प्रकार के पालतू पशुओं की कोई परेशानी या बीमारी हो तो 1962 टोल फ्री नंबर में कॉल कर इस सेवा का तुरंत लाभ ले सकते हैं. वैन में एलईडी, मेडिसिन काउंटर, फ्रीजर, लाउडस्पीकर समेत अन्य सभी प्रकार की सुविधा मौजूद है. इस दौरान मुखिया हारू रजवार, सुमित्रा देवी, परिपुषा कुमारी, बबीता देवी, गीता देवी, सरिता देवी, विजय जायसवाल, चंद्रशेखर हेम्ब्रम, मनोज महतो, विजय कुमार महतो, सुमित कुमार महतो, धनलाल कपरदार, अरविंद कुमार महतो, अंबिका प्रसाद मुखर्जी समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## विभिन्न स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

**बोकारो।** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक आद्रा मंडल के सभी स्टेशनों पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों की गहन सफाई सुनिश्चित करना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करके स्टेशनों को स्वच्छ, हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है. शुक्रवार को मंडल के सभी स्टेशनों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्लेटफार्मों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई की गई. यात्रियों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें, ताकि प्लास्टिक, कचरा, नालियों और जल निकासी को बाधित न कर सके.

## कार्डधारियों को पूजा के पहले दें राशन : बीडीओ

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को एक बैठक पीडीएस दुकानदरों के साथ की गई. जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी निशांत अंजुम ने की. बैठक में शामिल प्रखंड के पीडीएस दुकानदरों को आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के पहले सभी डीलर अनाज को वितरण करना सुनिश्चित करें. ग्रीन कार्ड धारी के लिए भी राशन दिया गया है, जिसे 10 अक्टूबर तक कार्ड धारियों के बीच वितरण किया जाना है.

## नेशनल इंटीग्रेशन कैंप के लिए 10 स्वयं सेवक चयनित

**संवाददाता। कथारा**

कथारा स्थित विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद के केबी कॉलेज बेरमो के पांच पुरुष, पांच महिला स्वयं सेवकों समेत एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ( टीम लीडर के रूप में चयन) का चयन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने हरियाणा के चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी में आगामी 6 नवंबर से 12 नवंबर 2024 में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए हुआ है. विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी से एकमात्र के बी कॉलेज बेरमो को नेशनल इंटीग्रेशन कैंप का प्रतिनिधित्व करने का मौका प्राप्त हुआ है.

सात दिवसीय शिविर में देश के 12 राज्यों के 200 एनएसएस स्वयं सेवक प्रतिभाग करेंगे. झारखंड राज्य के विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व के बी कॉलेज बेरमो के स्वयं सेवक करेंगे. नेशनल इंटीग्रेशन कैंप की अवधि सात दिनों की होती है, जिसमें दिन रात बोर्डिंग और लॉजिंग की सुविधा होती है.

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह, प्रति कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस डा मासूफ अहमद, यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों ने के बी कॉलेज बेरमो के चयनित सभी स्वयं सेवकों को कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभ कामनाएं दी है.

प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी से के बी कॉलेज बेरमो एनएसएस ईकाई को नेशनल कैंप के लिए अनुमति मिलना एनएसएस ईकाई और पूरे कॉलेज परिवार के लिए गौरव की बात है.

प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में के बी कॉलेज बेरमो की भागीदारी से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

### प्रखंड प्रमुख ने किया एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

# तारिक बादशाह -11 की टीम 15 रन से विजयी



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड के गदर पंचायत अंतर्गत नावाडीह खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय एनपीयल ( नावाडीह प्रीमियर लीग) सीजन 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख ललिता देवी ने फीता काटकर किया.

उन्होंने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरुरी है, ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है. खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढ़ता है, खेल भी शिक्षा का एक अंग है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए.

सांख पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव ने कहा कि यह प्रखंड एक अत्यंत पिछड़ा और सुदूरवर्ती क्षेत्र है. इस तरह के प्रतियोगिता होने से नौजवानों, छात्रों व खिलाड़ियों के अंदर छिपे प्रतिभा बाहर निकलकर आती है.

वहीं सीआरपीएफ ब्रदर टीम क़े कैप्टेन चंदन यादव ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया. जिसके जवाब में तारिक बादशाह- 11 टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 07 विकेट खोकर 95 रन बनाया.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीआरपीएफ ब्रदर टीम ने अपने सभी विकेट खोकर मात्र 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस तरह से तारिक बादशाह -11 ने यह मुकाबला 15 रन से जीत लिया .

मौके पर स्थानीय मुखिया अनीता देवी, पसंस प्रतिनिधि इन्द्रदेव यादव, मुन्ना कुमार, चंदन यादव, दिनेश्वर यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## जीजीईएसटी में एमओयू के विस्तार का पुनर्वालोकन बैठक

**बोकारो।** कांडरा, चास स्थित गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो में कालेज के एम. ओ. यू. पार्टनर्स - 1 कुंदन उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड स्माल, टाइनी सर्विसेज एंड बिजनेस एंटरप्राइजेज एसोसियेशन ( स्टेट इंडस्ट्रियल एसोसियेशन), तथा विकास कुमार, चीफ एक्जीक्यूटिव, नेशनल इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी के साथ कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार की सालाना समीक्षा बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में एम. ओ. यू. के विस्तार का पुनर्वालोकन किया गया तथा भविष्य में सहकार से ट्रेनिंग प्रोग्राम, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट इत्यादि की योजना बनाई गयी. कॉलेज जियाडा बोकारो के तहत स्थानीय उद्योगों को तकनीकी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करता रहा है. इस अवसर पर उपरोक्त संस्थाओं ने कॉलेज को उसके मूल्यवान योगदान के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किये. इस बैठक में प्रो. दयाशंकर दिवाकर, प्रो. सुमीत पांडे तथा प्रो. विकास जैन सम्मिलित हुए. संस्थान अध्यक्ष शतरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बधाई दी.

## बालू तस्करी का हब बनता जा रहा है पथरगामा

**गोड्डा।** बालू की तस्करी को रोकना प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है. जिला प्रशासन द्वारा बालू के अवैध उठाव को बंद करने की कई बार घोषणाएं की जा चुकी है, लेकिन सरजमीं पर यह काम होते नहीं दिखता है. खासकर पथरगामा क्षेत्र में यह काम धड़ल्ले से किया जा रहा है. रात्रि में बालू तस्करी किस प्रकार परवान चढ़ता है, इसका अवलोकन करने के लिए कई वीडियो भी वायरल हैं. सड़कों और गलियों में दौड़ती तेज रफ्तार ट्रेक्टर, मिनी हाइवा इस काम में लगे हुए हैं. स्थानीय भाजपा विधायक अमित मंडल के गांव कोरका के रास्ते देर रात्रि मेला का दृश्य रहता है. इस काम में लगे वाहन सड़कों पर इस कदर कहर बरपाती हुई दौड़ती है कि मानो जमीन पर नहीं हवा में उड़ रहे हो. अधिक से अधिक ट्रिप लगाने की होड़ लगी रहती है. लूट का खेल है, जाहिर है ऊपर से नीचे तक काली कमाई का हिस्सा पहुंचता होगा. विधायक श्री मंडल का समय-समय पर बालू तस्करी को लेकर किया गया विरोध भी तस्करों के मनोबल को नहीं रोक पाया. एनजीटी का रोक किन-किन क्षेत्रों पर लागू होता है, इसकी जानकार तो प्रशासन ही बता सकते हैं, लेकिन बालू के इस अवैध कारोबार से जिला मुख्यालय में बैठे अधिकारियों पर भी ऊंगली उठने लगी है.

# अव्यवस्था के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

### बैंक ऑफ इंडिया में व्याप्त समस्याओं को दूर करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**



कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में व्याप्त समस्याओं और अव्यवस्था के खिलाफ़ भाकपा माले की कसमार व जरीडीह प्रखंड कमेटी ने शुक्रवार को धरना एवं प्रदर्शन किया. इस दौरान खैराचातर स्थित बाजारटांड़ में सभा का आयोजन भी हुआ.

सभा को संबोधित करते हुए माले की राज्य स्थायी कमेटी के सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि बैंक की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने बैंक परिसर का विस्तार करने, बैंक में अविलंब एटीएम, खाता अपडेट मशीन व पैसा जमा करने की मशीन लगाने, बैंक कर्मियों की संख्या बढ़ाने, बैंकिंग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विद्यालयों में सीएसआर के तहत पेयजल, शौचालय, पंखा, पुस्तकालय की व्यवस्था करने, पिरगुल स्थित झारखंड चौक का सुंदरीकरण बैंक आफ इंडिया के द्वारा करने, मिनिमम बैलेंस के बाध्यता खत्म करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि विकास और शिक्षा के लिए सस्ते दर पर ऋण उपलब्ध कराने की मांग उठायी.

सभा को एक्टू के राज्य अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष देवदीप सिंह दिवाकर, जरीडीह प्रखंड सचिव अविविलास भगत, कसमार प्रखंड सचिव गंगाधर महतो, जब्बार अंसारी, अलका, जेएन सिंह आदि ने भी संबोधित किया.

सभा के बाद एक प्रतिनिधिमंडल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा. मौके पर गोविंद गंझू, सुरेश गंझू, नरेश ठाकुर, राजू महतो, नित्यानंद महतो, विलासी देवी, तिलकधारी महतो, फूलचंद घांसी, आनंद घांसी, उमाशंकर सिंह, मुरलीधर महतो, मजीद अंसारी, रथुराम महतो, हरदयाल महतो, सुनील महतो, अखिलेश्वर मुंडा, नकुल सिंह, जगदीश सिंह, रामप्रसाद मांझी आदि मौजूद थे.

# एडवोकेट क्लब सह रिक्रिएशन सेंटर के लिए मिली जमीन

### बोकारो के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**संवाददाता। बोकारो**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बोकारो के अधिवक्ताओं के लिए जमीन उपलब्ध करवाने के आदेश पर शुक्रवार को चास अंचलाधिकारी द्वारा बोकारो जिला अधिवक्ता संघ को 0.79 एकड़ जमीन का दखल कब्जा दिलवाया गया. जिस पर अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट क्लब सह रिक्रिएशन सेंटर बनेगा. इस दौरान अधिवक्ताओं के समक्ष जिला प्रशासन द्वारा जमीन की मापी कर चिन्हित किया गया.

इस अवसर पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के मेंबर प्रयाग महतो, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि, दिनेश प्रसाद शर्मा, अतुल कुमार, हसनैन आलम, संजीत महतो, संजीत कुमार सिंह, दीपिका सिंह, संदीप सिंह, राज श्री, अशोक महथा, अंकित ओझा सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे.

ज्ञात हो कि बोकारो के अधिवक्ताओं ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बोकारो आगमन पर अधिवक्ताओं की तरफ से शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया था एवं उनसे बोकारो के अधिवक्ताओं के लिए कैंप टू में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की थी. साथ ही चंद्रपुरा, दुगदा, जरीडीह थाना को बोकारो कोर्ट से जोड़ने के लिए पहल करने का अनुरोध किया था. उसी के आलोक में शुक्रवार को कैंप टू में कोर्ट के समीप जमीन उपलब्ध करवाया गया है. इस दौरान अधिवक्ताओं ने खुशी में एक दूसरे को मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया.

# स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन

## विधायक अपनी संपति बनाने में लगे, जमुनिया नदी में डूबे किशोर की नहीं हो सकी थी इलाज : दीप नारायण






संवाददाता। गोमो

गोमो। जदयू पार्टी ने प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के अगुआई में शुक्रवार शाम को गोमो के स्टेशन चौक पर स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन किया. गोमो बिजली आफिस से जुलूस की शक्ल में स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो के विरुद्ध जम कर नारेबाजी करते हुए स्टेशन मोड़, पंहुच कर स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन किया. मौके पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है. गोमो, तोपचांची जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डॉक्टर और दवा की व्यवस्था नहीं है. दो दिन पूर्व जमुनिया नदी डूबकर घायल हुए गोमो, अंबेडकर नगर निवासी सोनू राज का निधन जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डोक्टर नहीं होने के कारण हो गया.करोड़ों के लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ शोभा के लिए बने हुए हैं. स्थानीय विधायक को इससे कोई लेना-देना नहीं है. वे सिर्फ और सिर्फ सम्पत्ति बनाने में लगे हुए हैं. आप लोग जदयू पार्टी से जुड़े और टुंडी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक को बदलकर पार्टी को विजय बनाने का काम करें, पार्टी टुंडी विधानसभा का तकदीर और तस्वीर बदले का काम करेगी. पुतला दहन कार्यक्रम में जदयू टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह,जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाण्डेय, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष अहमद रजा, दीपक महतो , बिंदु देवी,कमलेश मंडल, प्रकाश चंद्र मंडल, फुलचंद दास,तारा बाबू, प्रदीप सिंह, बैजनाथ ठाकुर,पंकज सिंह,प्रकाश मंडल ,अमित राम,महेंद्र दास, सपन दुबे , नियमुदिन आदि थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### सोना संथाल समाज का प्रतिनिधिमंडल सीओ से मिला

**मैथनः धनबाद** जिला में भी अन्य जिलों की तरह मानकी मुंडा समाज के प्रधानों को प्रधान सम्मान योजना के तहत राशि का भुगतान करने और धनबाद जिला के सभी प्रखंडों में सभी प्रधानों की सूची तैयार कर उनको लाभ पहुंचाने की मांग को लेकर शुक्रवार को संथाल समाज के सचिव अनिल कुमार टुडू और झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एग्यारकुण्ड अंचल के सीओ से मिला.मानकी मुंडा परियोजना सम्मान योजना के तहत वैसे सभी लाभों को सूची तैयार कर सम्मान राशि की भुगतान करने की मांग की. सोना संथाल समाज के सचिव अनिल टुडू ने बताया कि अन्य जिलों में इस योजना का सम्मान राशि देने का काम किया जा रहा है, यहां तक कि गिरिडीह जिला में भी दिया जा रहा है लेकिन धनबाद जिला में इस योजना का लाभ ऐसे लाभुकों को नहीं मिल पा रहा है.

### छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रभारी बने प्रभाकर प्रसाद



**धनबाद :** एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद चंद्र पवार के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव राजीव झा एवं पर्यवेक्षक कुमार ज्ञानेंद्र द्वारा एनसीपी के चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पांच प्रमंडल में प्रमंडल प्रभारी नियुक्त किया गया. जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद चंद्र पवार यूथ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर प्रसाद को छोटा नागपुर प्रमंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया. प्रसाद ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है. कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जो कार्यभार दिया गया है उसे मेहनत और ईमानदारी निभाएंगे.

## झरिया के युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



संवाददाता। धनबाद

धनबाद । झरिया में अल्पसंख्यक समुदाय के सैंकड़ों लोगों ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए. स्थानीय लोगों ने रागिनी सिंह का जोरदार स्वागत किया और महिलाओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. मौके पर रागिनी ने कहा कि झरिया की जनता के जोश और जुनून को देखकर उन्हें पूर्ण विश्वास हो गया है कि इस बार झरिया में कमल खिलने वाला है. उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जनता ने महसूस किया है कि उन्हें सिर्फ ठगा गया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि वे पानी निकासी और सड़क निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते रहे हैं. उन्होंने कहा कि वे इस बार रागनी सिंह पर विश्वास जताकर उन्हें अपना समर्थन दिया है. इस अवसर पर मो. अकबर, मो.नसीम, मोहसिन खान, नसीम शेख सहित सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहे.

### थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए धरना आज

**धनबाद** । थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के परिजनों ने सरकार की उदासीनता के कारण धरने का एलान किया है. समाजसेवी अंकित राजगढ़िया और रवि शेखर के नेतृत्व में 5 अक्टूबर को धरना दिया जाएगा. थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची अराध्य के पिता गणेश शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं की, इस कारण उन्हें धरना देने का फैसला करना पड़ा. अंकित राजगढ़िया ने बताया कि उन्होंने डीसी, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक, सिविल सर्जन और अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद से मिलकर दो मुख्य मांगें रखी थीं.

इसमें बच्चों के लिए दवाइयों और डे केयर सेंटर की मांग की गई है. डे केयर सेंटर के लिए 10 साल से हर जगह मांग कर चुके हैं.

लगातार बच्चे दवाई और जांच के अभाव में मर रहे हैं.रवि शेखर ने कहा कि बच्चों की जीवन रक्षा करना सरकार का कर्तव्य है, और जब तक मांगें पूरी नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा.

## महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता जरूरी : राम शर्मा



संवाददाता। धनबाद

धनबाद । महिलाओं तथा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए कानूनी जागरुकता का सर्वोपरि महत्व है. वे अपने कानूनी और अन्य अधिकारों, समाज में अपनी स्थिति और अपनी समस्याओं के समाधान के बारे में अनभिज्ञ हैं. इसी कारण से राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से विधान से संविधान योजना को चला रही है. जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न ब्लॉक में महिलाओं को जागरूक बनाने का काम कर रही है. उक्त बातें शुक्रवार को निरसा ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कही. उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होंगी और कानून को नहीं जानेगी, तब तक वह विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित होती रहेगीं. उन्होंने बताया कि कुल पांच ब्लॉक में नालसा के निर्देश पर यह कार्यक्रम फरवरी तक किया जाएगा कार्यक्रम में उपस्थित सहिया, साथियों को एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने दहेज प्रताड़ना, पोक्सो एक्ट , भारतीय न्याय संहिता में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के विषय में बताया.

न्यूज अपडेट ▼

### ढुल्लू ने बताया माता का आशीर्वाद

**धनबाद।** कोयला चोरी में सीबीआई जांच के आदेश को धनबाद हाईकोर्ट द्वारा कोयला चोरी मामले में सीबीआई जांच के आदेश के बाद धनबाद सांसद ने प्रेस वार्ता कर खुशी जाहिर करते हुए हाईकोर्ट फैसले को नवरात्रि में माता का आशीर्वाद बताते हुए जम कर सराहना की. कहा कि अवैध खनन में सैकड़ों मजदूरों की जान गई है. अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें भी षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया था. अब सीबीआई की जांच में सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. संजीव कुमार के बाघमारा डीएसपी से एसएसपी तक के सफर में धनबाद में जम कर खनीज संपदाओं की लूट करवाई गई है. कोर्ट के आदेश के बाद धनबाद की जनता में खुशी की लहर है सभी भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए.

### दिव्यांग बच्चों के लिए जागरुकता कैंप

**धनबाद** । नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में डीफ एंड ब्लाइंडनेस जागरूकता कैंप और मीटिंग आयोजित की गई. यह कार्यक्रम सेंस इंडिया द्वारा आयोजित किया गया. दीपशिखा से उर्मिला सिंह और दशरथ कच्छप ने इस मीटिंग में भाग लिया. उर्मिला सिंह ने बताया कि सेंस इंडिया भारत की एकमात्र संस्था है जो डीफ एंड ब्लाइंड के लिए प्रोजेक्ट चलाती है. उन्होंने बताया कि भारत में 80,000 डीफ एंड ब्लाइंड हैं. इस जागरूकता कैंप में बताया गया कि डीफ ब्लाइंडनेस व्यक्ति की पहचान और निदान कैसे की जाए. सेंस इंडिया द्वारा डीफ एंड ब्लाइंड बच्चों को चिन्हित कर ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार के अवसर देकर स्वावलंबी बनाया जाता हैर

### लायंस क्लब ने श्रीगंगा गौशाला में किया पौधरोपण

कतरास। लायंस विश्व सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास के द्वारा श्रीगंगा गौशाला में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया. अभियान के तहत पीपल, आम, नीम,कड़ी पत्ता के 35 पौधे गौशाला प्रांगण में लगाए गए वहीं लायंस क्लब की ओर से एक अन्य कार्यक्रम बांग्ला बालक प्राथमिक विद्यालय कतरास में चलाया गया. कार्यक्रम के तहत 65 बच्चों के बीच पेंसिल, रबर, कलम और चॉकलेट का वितरण किया गया. साथ ही चाइल्ड कैंसर के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया.उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में लायंस क्लब कतरास के सचिव डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, सर्विस चेयर पर्सन डॉ. मधुमाला, क्लब डायरेक्टर विष्णु चौरसिया और महेश अग्रवाल उपस्थित थे. मौके पर बांग्ला विद्यालय के प्राचार्य युधिष्ठिर रजक, दिलीप कुमार समेत स्कूल के शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे.

### रुद्रचंडी महायज्ञ से इलाके में भक्तिमय माहौल

महुदा। राधानगर देवघरा पहाड़ी पर आयोजित नौ दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ सह श्रीश्री नव निर्मित दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन यज्ञ मंडप में यजमानों ने पूजा-अर्चना की. मुख्य यजमान धीरन रवानी, बच्चु रवानी, छक्कु रवानी, शिव चरण मोहली थे. चारों यजमानों ने विधि-विधान से सपत्नीक पूजा-अर्चना की. यज्ञाचार्य गणेश पाण्डेय और कृष्णा पाण्डेय ने मंत्रोच्चारण कर पूजन कराया. महायज्ञ को लेकर आसपास के इलाके में भक्तिपूर्ण माहौल है. पूजा-अर्चना समाप्त होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया.

### युवा भारत झारखंड प्रदेश कार्यकारणी की बैठक

महुदा। युवा भारत झारखंड प्रदेश कार्यकारणी की बैठक शुक्रवार को महुदा में हुई. बैठक में सांगठनिक विस्तार का निर्णय लिया गया. साथ ही धनबाद जिला संयोजक नैंसी डाडेल एवं टाटा नगर प्रभारी रूपा देवी चयनित की गई. राष्ट्रीय समन्वयक उमेश कुमार तुरी ने नव चयनित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी जिला, प्रखंड एंव पंचायत स्तरीय समितियों को सक्रिय करना होगा. संयोजक रमेश महतो ने कहा कि नैंसी और रूपा अपने-अपने क्षेत्र में संगठन का विस्तार करेगी. बैठक में अमन जहां, राधू राय, सरफुद्दीन राजू, सुरेश तुरी, उषा देवी, किरण शर्मा, अजय महतो, मधु देवी, विष्णु राय साहित अन्य उपस्थित थे.

## आसनसोल

# गोलीबारी-बमबारी में भाजपा नेता अर्जुन सिंह हुए घायल, बढ़ा राजनीतिक तनाव

### भाजपा नेता अर्जुन सिंह पर हमले की निंदा, सरकार से मांगा जवाब

संवाददाता। आसनसोल

पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों के राजनेताओं के घरों पर हमलों का सिलसिला बंद होता नहीं दिख रहा है. बैरकपुर के पूर्व लोकसभा सांसद अर्जुन सिंह के घर पर गोलीबारी की गई है और बम से भी हमला किया गया है. हमले में वह घायल भी हो गए हैं. हालांकि वह अभी घर पर ही हैं. उनके घर पर पहले भी हमले होते रहे हैं. साल 2021 में सितंबर में अर्जुन सिंह के घर पर कम से कम 2 बार हमले किए गए थे. भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के घर पर आज शुक्रवार कई लोगों हमला कर दिया.अर्जुन के घर के सामने आज शुक्रवार की सुबह कई गुंडे बाइक से आ गए. उन्होंने अचानक बमबारी शुरू कर दी. उनकी ओर से कई राउंड फायरिंग भी की गई. बम की आवाज सुनकर पूर्व सांसद जब घर से बाहर निकले. तभी बम का एक टुकड़ा गिरकर उनके पैर पर लग गया, जिससे वह घायल हो गए. फिलहाल क्षेत्र में काफी तनाव है.



### स्थानीय पार्षद के बेटे पर लगाया आरोप

भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेता अर्जुन सिंह पर हाल ही में एक हमला हुआ, जिसमें उन्हें घायल कर दिया गया। इस हमले के लिए स्थानीय तृणमूल कांग्रेस पार्षद सोमनाथ श्याम के बेटे नमित सिंह को जिम्मेदार बताया गया है। अर्जुन सिंह ने बताया कि उनके घर पर 15-20 बदमाशों ने हमला किया और उनके सुरक्षा गार्डों पर भी हमला किया गया। इस दौरान गोलीबारी हुई और एक बम का टुकड़ा उनके पैर में लगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और इससे पहले भी उन पर हमला हो चुका है, जिसके खिलाफ एनआईए का केस भी था [1]।

### सोमनाथ श्याम का आरोप से इनकार

उन्होंने आगे कहा, 'स्थानीय पुलिस हमले के दौरान मूकदर्शक बनी रही, जबकि गुंडे पुलिस के सामने खुलेआम हथियार लहरा रहे थे. इन गुंडों ने करीब 15 बम फेंके, एक दर्जन से अधिक राउंड गोलियां चलाईं. पश्चिम बंगाल की पुलिस तृणमूल कांग्रेस के आगे कठपुतली बन गई है. यह बेहद शर्मनाक है!

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस पार्षद सोमनाथ श्याम ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है. उन्होंने कहा, 'मैंने सुना है कि अर्जुन सिंह खुद केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर अपने यहां गोलियां चला रहे हैं और बम फेंक रहे हैं. उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. वह खुद को गोली मार रहे हैं. वह अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं.'

### सुवेंदु ने पुलिस पर साधा निशाना

पूर्व सांसद के घर पर हुए हमले की राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने आलोचना की. उन्होंने कहा, 'आज सुबह, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कुछ गुंडों और समाज विरोधी लोगों ने उत्तर 24 परगना जिले के भाटपारा में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के घर पर हमला कर दिया. उन्होंने देसी बम भी फेंके. पुलिस पर निशाना साधते हुए अधिकारी ने कहा, 'हमेशा की तरह पुलिस इस बार भी मूकदर्शक बनी रही और अपराधियों को रोकने के लिए कुछ खास नहीं किया. वीडियो फुटेज अपराधियों की पहचान करने और उन्हें इस जघन्य अपराध के लिए गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त है. मुझे उम्मीद है कि बंगाल पुलिस के डीजीपी इन बदमाशों को पकड़ने के लिए कम से कम इन विजुअल का इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे.

## चाइल्ड हेल्प लाइन सर्विस टीम ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



संवाददाता। बराकर

बराकर, पश्चिम बर्दवान जिला चाइल्ड हेल्प लाइन सर्विस टीम ने सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म नंबर एक पर स्थित प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चाइल्ड हेल्प लाइन सर्विस टीम ने 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर की जानकारी बच्चों को अनोखे तरीके से जागरूक करने के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के तहत पश्चिम बर्दवान चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के सी.वाई.एम., सीतारामपुर आरपीएफ थाना पोस्ट प्रभारी लखन मीना, सीतारामपुर अमृत भारत स्टेशन कमेटी सदस्य सह आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा, और सबइंस्पेक्टर बंटी कुमार को फूल पुष्प देकर सम्मानित किया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन सर्विस की ओर से मेघना दास, दोलन नायक, नरण गोराई मुख्य रूप से शामिल थे। चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से ए पी स्कूल के छात्र छात्राओं को चित्रांकन प्रतियोगिता के लिए पेपर, पेंसिल, रेंजर, रंग दिया गया था। प्रतियोगिता में बीस मिनट का समय दिया गया था। प्रथम और द्वितीय पुरस्कार आरपीएफ इंस्पेक्टर और अमृत भारत स्टेशन कमेटी के सदस्य ने छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## नेत्रहीन पति को नहीं मिला वेतन, पत्नी ने दिया धरना



संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज में ईसीएल के काजोरा एरिया के खास काजोरा 10 नंबर पीट कोलियरी में एक अनोखा धरना प्रदर्शन हुआ। सकुंतला देवी ने अपने नेत्रहीन पति भीम लाल महतो को साथ लेकर यह धरना दिया। भीम लाल महतो 2016 में कोलियरी में एसडीएल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे, जब उनकी ड्यूटी के दौरान एक लोहे के टुकड़े से उनकी आंखों में चोट लग गई, जिससे उनकी आंखों की रोशनी चली गई। इसके बाद, ईसीएल ने उन्हें घर बैठे वेतन देना शुरू किया, लेकिन पिछले तीन महीनों से उनका वेतन रुक गया था। इसी कारण से सकुंतला देवी ने अपने पति के साथ धरना दिया और मांग की कि उनके पति की जगह उनके बेटे वीरेंद्र महतो को नौकरी दी जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि जब तक उनके बेटे को नौकरी नहीं मिलती, तब तक कंपनी खुराकी की तरह उनके पति को हर महीने राशि दे। इस मामले में पश्चिम बर्धवान जिला के जिला सहकारी सभाधिपति विष्णु देव नोनिया ने हस्तक्षेप किया और प्रबंधन के साथ बैठक की, जिसमें तय हुआ कि भीम लाल महतो को हर महीने खुराकी की राशि दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया।

### रानीगंज सरकारी स्कूलों में वस्त्र वितरण



**रानीगंज** । राउंड टेबल इंडिया संस्था ने तपसी और धसल प्राइमरी सरकारी स्कूल के 300 विद्यार्थियों को नए वस्त्र और फूड पैकेट वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष सरदार सरबजीत सिंह ओबेरॉय ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चे नए वस्त्र पहनकर आनंद उठाएं और उनके चेहरे पर खुशियां झलके, यही हमारा उद्देश्य है। संस्था का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा में मदद करना है। संस्था के संस्थापक सदस्य सिद्धार्थ शारडा ने कहा कि संस्था के सभी सदस्य बढ़-चढ़कर सेवा के काम में योगदान देते आ रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें करण सिंह, कोषाध्यक्ष उमंग डोकनिया शामिल थे।

# पूजा कमिटी के साथ पुलिस की बैठक, गाइडलाइन जारी

### आसनसोल दुर्गापुर में दुर्गा पूजा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर जोर



संवाददाता। बराकर

आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट ने दुर्गा पूजा के अवसर पर समन्वय बैठक का आयोजन किया। बैठक में डीसीपी वेस्ट संदीप कर्रा, एसीपी हीरापुर इफ्सिता दत्ता, कुल्टी थाना प्रभारी कृष्णनेंदु दत्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पूजा गाइडलाइन मैप का उद्घाटन किया गया। डीसीपी वेस्ट संदीप कर्रा ने पूजा कमिटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पूजा के दौरान ट्रैफिक नियमों और सड़कों पर डायवर्सन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पुलिस से संपर्क करने के लिए आवश्यक नंबर भी प्रदान किए। इसके अलावा, उन्होंने पूजा कमेटी को सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुलिस प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। बैठक में वेस्ट जोन के सभी पुलिस प्रभारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नगर पथ भ्रमण समारोह



**बराकर** । नवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से कुल्टी में नगर पथ भ्रमण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बराकर, सकतोड़िया स्थित मां छिन्मस्थिका मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर झालबगन स्टेडियम तक विशाल एक पद यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर कुल्टी के वरिष्ठ संघ चालक विजय कृष्ण खेमानी, जिला संघ के कैलाश दुलाई, भाजपा के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार सहित वरिष्ठ सदस्य गण मुख्य रूप से शामिल थे। आर एस एस, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच के सदस्य मुख्य रूप से पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इस नगर पथ भ्रमण कार्यक्रम को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोगों का जनसमूह देखा गया। पूरे रस्ते भर पद यात्रियों के ऊपर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

### डेंगू की रोकथाम के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**रानीगंज :** पांडवेश्वर विधानसभा के हरिपुर बाजार में राज्य सरकार की ओर से डेंगू से बचने के लिए बाउल गीत करके लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में बाउल गायक कार्तिक रुईदास ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्तिक रुईदास ने कहा, हम राज्य सरकार की ओर से लोगों को डेंगू से बचने के लिए बाउल गीत गाकर प्रचार कर रहे हैं। हम हरिपुर बाजार में प्रचार करेंगे और उसके बाद बहुला बाजार में भी प्रचार करेंगे। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को डेंगू के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस बीमारी से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है।



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** कोई यात्रा का योग है. मानसिक तनाव बढ़ सकता है. किसी से विवाद हो सकता है. बेकार की बहस से बचें. माता सुख में कमी करेगा. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे.

**वृष** धन के लिए दिन शुभ है. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. साथ ही पराक्रम में वृद्धि होगी. मानसिक उलझन होगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. अपनों के साथ मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** पैतृक संपत्ति का सुख बढ़ेगा. किया गया कार्य लाभ देगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. की गयी छोटी यात्रा सुखद रहेगी. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. मानसिक शांति मिलेगा. समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. अपनों का ध्यान रखें. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** आय से ज्यादा खर्च होगा. कोई धार्मिक यात्रा का योग है. दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कन्या** समय बहुत ही उत्तम है. आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुड़ी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. कोई बड़ा कार्य होने से मनखुश होगा. अन्न दान करें.

**तुला** शेयर बाजार से लाभ का योग है. पिता के कार्य से लाभ होगा. आप कर्म प्रधान हैं. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. आपके किसी गलत व्यवहार से मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** समय थोड़ा उलझन वाला होगा. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. माता पिता और गौ सेवा से लाभ होगा.

**मकर** जरूरत मंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. यदि बहुत जरूरी हो तो यात्रा करें. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ बिगड़ सकता है.

**कुंभ** गलत दोस्त से बचें. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. पारिवारिक जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. शनि का वस्तु का दान करें.

**मीन** समय सामान्य है. संतान के कर्म से लाभ होगा. धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. पीली वस्तु का दान करें.

## डैम में डूबने ने युवक की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित अन्नराज डैम में नहाने के दौरान एक युवक के डूब जाने से मौत हो गई. मौत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक उसका शव पुलिस नहीं बरामद कर सका है. युवक गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरोंजिया गांव निवासी क्रम साव का पुत्र पिंटू गुप्ता 20 वर्ष है. परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि घटना के 4 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक शव को नहीं निकलने का कोई प्रयास नहीं किया. यह जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही है. अक्रोशित ग्रामीणों व परिजनो को पुलिस के द्वारा किसी तरह से समझा बुझा कर देर रात्रि उन्हें घर भेजा गया था. पुलिस के द्वारा अस्वस्थ किया गया था कि हम लोग अपने उच्च अधिकारी को घटना के बारे में जानकारी दे दिए हैं. एनडीआरएफ की टीम को घटना की सूचना प्राप्त हो गई है. अहले सुबह एनडीआरएफ की टीम के द्वारा डैम में उसकी तलाशी शुरू कर दिया जाएगा.

## जन्मे अवध में राम मंगल गाओ री...



**लातेहार।** शहर के बीचोबीच अंबाकोठी में आयोजित 51 वें श्रीरामचरित मानस परायन पाठ महायज्ञ के दूसरे दिन कथानुसार श्रीराम जन्मोतस्व मनाया गया. इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर श्रीराम जन्म की बधाई दी. पाठ कर रही कुंवारी कन्या और महिलाओं ने भी एक दूसरे को अबीर लगाये. मौके पर परायण पाठ कर करा रहे अनिल जी भारद्वाज व उनकी मंडली (गिरिडीह) के द्वारा जन्म अवध में राम मंगल गोओ री... और बाजे अयोध्या में बधाई देखो जन्मे राम समेंत कई सोहर गीत गाये गये. इस पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया. अनिल जी भारद्वाज ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो भगवान इस जन्मोत्सव में भाग ले रहे हैं.

### जेरेडा के तकनीकी विशेषज्ञों के पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर दिया प्रेजेंटेशन

# सौर ऊर्जा के इस्तेमाल में आम नागरिक दिखाएं दिलचस्पी : जेरेडा

**संवाददाता। रामगढ़**

सौर ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल ही मानव प्रजाति का भविष्य है. आज हम थर्मल पावर से निर्मित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं. लेकिन उससे प्रदूषण भी फैल रहा है. सौर ऊर्जा न सिर्फ हमारी जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि वह हमारे वातावरण को भी प्रदूषित होने से बचाएगा. यह बातें शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यशाला के दौरान जेरेडा के पदाधिकारी आर्यदीप जेना ने कही. इस दौरान मौजूद पीआईबी के झारखंड एवं उड़ीसा के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के एडवांटेज काफी है और यह तभी प्रसारित हो सकता है जब स्थानीय लोगों के बीच मीडिया इसे प्रसारित करेगा. सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय एवं रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ''वार्तालाप'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसका विधिवत उद्घाटन पीआईबी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा और डीसी चंदन कुमार के द्वारा संपन्न हुआ. इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्रभात कुमार, जेरेडा से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ आर्यदिप्त जेना और बी.के. दास भी मौजूद रहे.



कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथिगण.

**आम लोगों तक कैसे पहुंचे इसके लिए प्रचार करें :** उपायुक्त चंदन कुमार ने इस योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि रामगढ़ जिले के कई महत्वपूर्ण सरकारी विभागों में झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी (जेरेडा) के सहयोग से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य किया जा सकता है. कार्यशाला का संचालन पीआईबी रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने किया और सभी से वर्तालाप के दौरान पीएम सूर्य घर बिजली योजना के विभिन्न पहलुओं को आम जनों तक पहुंचाने के लिए इसके प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया. वहीं अपने स्वागत भाषण संबोधन में पीआईबी के कार्यालय प्रमुख, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने वार्तालाप की सार्थकता तथा इस रामगढ़ में आयोजित करने के प्रयासों और उद्देश्य की चर्चा करते हुए सभी सहभागियों और अतिथियों का इसमें शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया.

**डीसी ने पहल की सराहना की**

वार्तालाप में शामिल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए डीसी चंदन कुमार ने पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जिले में वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की. साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आम जनों को बिजली आपूर्ति में होने वाले फायदे के दूरगामी असर को चिन्हित किया. पीआईबी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वार्तालाप आयोजन का मकसद आम और सहज भाषा में जिलों में जाकर के मीडिया से रूबरू होना है. विकास से जुड़े विभिन्न सरकारी योजनाओं पर खुले मंच पर द्विपक्षीय चर्चा करना है. उन्होंने पत्रकारों से पीएम सूर्य घर योजना पर चर्चा हेतु आए विशेषज्ञों की बातों को ध्यान पूर्वक समझने और आमजनों तक पहुंचाने का आग्रह किया.

## ऑटो व बाइक में टक्कर पुत्र की मौत, मां घायल

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ के पास टेंपो और बाइक की टक्कर में पुत्र की मौत हो गयी, वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गयी. बताया जाता है किघटना में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के हबरुआ गांव निवासी द्वारिका पासवान की पत्नी गीता देवी उम्र 40 वर्ष और बेटा अमन कुमार उम्र 10 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा दोनो मां-बेटा को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया. जहां इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने अमन कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां गीता देवी की हालत गंभीर बनी हुई है. जिसका इलाज अस्पताल में ही चल रहा है. घायल गीता देवी ने बताया की उसका बेटा अमन कुमार लहलहे में अपने रिश्तेदार के घर रह कर पढ़ाई करता था.

### मिशन चुनाव : राज्यस्तरीय नेता व मंत्रियों ने संभाली कमान

# कांग्रेस पार्टी का जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 शुरू

**विशेष संवाददाता। रांची**

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपना जनसंवाद अभियान लक्ष्य-2024 शुक्रवार से सभी प्रमंडलों में शुरू कर दिया. इसके लिए सभी प्रमंडलों में छह टीम गठित कही गयी. यह टीम इस अभियान के तहत नुक्कड़ सभा, जनसभा व जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का काम शुरू कर दिया है.

**डेढ दशक में भाजपा झारखंड को खोखला कर दिया : बलमुचू**

रांची के कांके में उरुगुटू, बुढ़मू और हटिया विधानसभा के रातू और नगड़ी में जनसंवाद अभियान -2024 को संबोधित करते हुए डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में डेढ दशक से ज्यादा सत्तासीन रहने के दौरान भाजपा ने इस राज्य को खोखला कर दिया. झारखंड के जल जंगल और जमीन को पूंजीपतियों हवाले कर यहां के संसाधनों को लूटवाने का काम किया. कार्यक्रम को अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, गीताश्री उरांव, निरंजन पासवान रामाकांत आनंद, नेली नाथन आदि संबोधित किया.

**कोल्हान प्रमंडल की बागडोर स्वयं अध्यक्ष ने संभाली :** प्रथम चरण में कोल्हान प्रमंडल के लिए जहां स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बागडोर संभाली. वहीं, पलामू प्रमंडल के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए चुनाव अभियान समिति के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू और संथाल परगना के लिए सुखदेव भगत, सांसद को जिम्मा दी गई है. इस कड़ी में शुक्रवार को बोकारो, रामगढ़, मनिका, रांची जिला के कांके और हटिया विधानसभा में चुनावी शंखनाद की शुरूआत हो गई है. पांच अक्टूबर को चाईबासा, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, सिमडेगा, कोलेबिरा, डालटनगंज आहुत की जाएगी.



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू व अन्य.

**विस प्रभारी नियुक्त किया**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा चुनावी अभियान जनसंवाद- लक्ष्य 2024 को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश विभिन्न विस क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सभी नियुक्त विस प्रभारी को विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बूथ कमेटी को मजबूती प्रदान करवाने तथा जन संवाद लक्ष्य 2024 को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है.

**ये बने प्रभारी :** पाकुड़- एनुल हक, जामताड़ा- मनोज कुमार, जरमुंडी -मुन्नम संजय, पोड़ैयाहाट- अशोक वर्मा, महागामा- श्यामल किशोर सिंह, बरही -मनोज सहाय पिंकू, बड़कागांव- आभा सिन्हा, हजारीबाग- राजेश गुप्ता छोटू, रामगढ़ -नरेश वर्मा, मांडू -विजय यादव, सिमरिया- आबिद अंसारी, बगोदर- शशि मोहन सिंह, जमुआ- मृत्युंजय शर्मा, बेरमो- वैभव सिन्हा- बोकारो- परविंदर सिंह, धनबाद-महेंद्र मिश्रा, झरिया- प्रीतम रवानी, बाघमारा- चितरंजन चौधरी, जमशेदपुर ईस्ट- अमरिंदर सिंह, जमशेदपुर वेस्ट-शशि भूषण राय, जगन्नाथपुर-विजय खान, खिजरी- शिवकुमार भगत, जमील अख्तर, हटिया- निजाम अंसारी, कांके- अखिलेश यादव मांडर- जगदीप भगत, सिमडेगा- रमा खलको, कोलेबिरा- रोशन बरवा, लोहरदगा-दीनानाथ तिवारी, मनिका- पप्पू अजहर, पांकी- धर्मराज राम, डाल्टनगंज- आशिक अंसारी, विश्रामपुर- राम लखन सिंह, भवनाथपुर- ज्योतिष यादव आदि शामिल हैं.

## बंद पड़ी दुकानों की दर कम कर आवंटित करने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला परिषद बोर्ड की बैठक शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने परिषद का राजस्व बढ़ाने के लिए प्रयोग में नहीं आ रहे संसाधनों की उपयोगिता बढ़ाने पर बल दिया. वहीं बंद पड़ी दुकानों का दर कम करने और उसे टेंडर के माध्यम से आवंटित करने पर बल दिया. मिलेट मिशन को प्रोत्साहित करने और इसके लिए सरकार स्तर से तय सभी चिह्नित किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार रुपये का भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. बैठक में सतबरवा बीएओ की अनुपस्थिति, कृषि संबंधी काम के प्रति उदासीनता और हाजिरी नहीं बनाने की बात सामने आई. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया कि सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को काम आवंटित करें. साथ ही मिट्टी जांच प्रक्रिया को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया. बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि पूरक पोषाहार के तहत अंडा का पैसा सितंबर तक का प्राप्त है. दो दिन अंडा और एक दिन रागी लड्डू देना है. उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि अक्टूबर माह से वे खुद औचक जांच करेंगे. सदस्यों ने निजी विद्यालयों के शोषण केंद्र के रूप में विकसित होने की शिकायत की.

## कांग्रेस की जन संवाद यात्रा रामगढ़ पहुंची

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस की जन संवाद यात्रा मिशन 2024 शुक्रवार को सुभाष चौक पहुंची. इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया. सुभाष चौक पर एक नुक्कड़ सभा कर आम जनता से कांग्रेस आम जनता से कांग्रेस के गठबंधन सरकार की जनकल्याण योजनाओं की राजेश ठाकुर ने लोगों को जानकारी दी.

**पेज एक का शेष ...**

## हमारी सरकार लंबी सोच के ...

**पहाड़ी मंदिर में झंडा लगाने का गुनाह का खमियाजा भुगत रहे :** इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची शहर में जमीन अधिग्रहण कठिन कार्य है. जब तक इसमें सभी का सहयोग नहीं मिलेगा, पूरा नहीं हो सकता है. मगर कांटा टोली फ्लाई ओवर के लिए जमीन लेने में लोगों ने सहयोग दिया. योगदा सत्संग की जमीन इसमें गई. जिसमें इन्होंने सहयोग किया. राजधानी बनने के साथ ही यातायात की समस्या बढ़ी. बहुत सारे कार्य होने चाहिए थे, मगर देर से शुरू हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि विकास में यह देखना होगा कि कानून हम ही बनाते हैं और तोड़ते भी हम ही हैं. चाहे साफ-सफाई की बात है या गली-मुहल्ले की. सभी की सहभागिता से हम सभी चीजें सुधार सकते हैं. कभी हम अपने हाथों से ऐसा नुकसान कर बैठते हैं. पहाड़ी मंदिर में बड़ा झंडा लगाने का गुनाह किया, जिसका खमियाजा हम भुगत रहे हैं. सिरम टोली में रेलवे क्रांसिंग के ऊपर बन रहा फ्लाईओवर कभी नहीं बना. हमारी सरकार आने वाले समय को देखते हुए लंबी सोच के साथ काम कर रही है. मेन रोड ओवर ब्रिज लंबे समय से सेवा कर रहा है. मैने सोचा कि एक पैरलल पुल की जरूरत है. इसलिए सिरम टोली फ्लाईओवर की सोच उपजी.

**बड़े-बडे भवन बन रहे मगर गेंदा और गुलाब फूल लग रहे, इससे पर्यावरण नहीं सुधरेगा :** शहर में हम बड़े-बड़े भवन बन रहे है, मगर पेड़ काट रहे हैं. एक समय रांची में रात को एसी और पंखा चलाने की जरूरत नहीं पड़ती थी, आज क्या स्थिति है. हमने 200 यूनिट फ्री बिजली कर दिया, पुराना बिल माफ कर दिया. गेंदा और गुलाब का पेड़ लगाने से पर्यावरण नहीं बचेगा. पीपल, नीम का पेड़ लगाएं. पेड़ लगाने के नाम पर खाना पूर्ति होती है. हमने कार्यक्रम में फूल देने की परंपरा ही खत्म कर दी. हम पौधा देते हैं. बुके देकर क्यों पांचसौ - हजार रुपए बर्बाद करो.

**बड़ी-बड़ी सोसायटी में सॉलिड बेस्ड मैनेजमेंट लगाया जाएगा :** अब गांव के लोग शहर का कूड़ा-कचरा डालने नहीं देंगे. बड़ी-बड़ी सोसाइटी में सॉलिड बेस्ड मैनेजमेंट लगाया जाएगा. हमे खुद में कड़ा होना होगा. गांव वाले लोग शहर के कचरे को फेंकने के लिए जमीन नहीं देंगे. सोनम वांगचुक पर्यावरण को लेकर यात्रा पर निकले, मगर गिरफ्तार कर लिया गया. अगर हम नहीं चेते तो खुद झेलेंगे. हम विकास के नाम पर पर्यावरण का ध्यान रखें. विभाग भी इसका ख्याल रखें.

**सरकार मोरहाबादी मैदान को बड़ा करने के लिए सेना की जमीन को कहीं और हस्तांरित करने का प्रस्ताव भेजे : संजय सेठ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची शहर के 18 लाख लोग लगातार बाट जोह रहे थे कि यहां की तकदीर और तस्वीर बदलनी चाहिए. हम सभी प्रयास कर रहे हैं कि रांची एक आदर्श राजधानी बने. नौ करोड़ की लागत से रांची, हटिया और पिस्का नगड़ी रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की योजना पर काम शुरू हुआ. मेरे आग्रह पर सॉलिड वेस्ट की 40 करोड़ योजना का शिलान्यास हुआ. ऐसे सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट अन्य शहरों में भी बनें. मुख्यमंत्री से आग्रह है. ताकि शहर से निकलने वाले कचसे से ऑर्गेनिक खाद मिल सके. पहाड़ी बाबा और जगरनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा. पहाड़ी मंदिर पहाड़ नहीं, मिट्टी का टीला है. उसका 5 करोड़ में सौंदर्यीकरण होगा. रांची को इंटरनेशन एयरपोर्ट बनाने का प्रयास किया जा रहा है. सेना की 72 एकड़ जमीन खाली है. वह जमीन जल्दी से जल्दी एयरपोर्ट को मिल जाए. रांची का मोरहाबादी मैदान ऐतिहासिक है. इस मैदान में सेना की एक जगह है, राज्य सरकार सेना के लोगों के लिए कहीं और जमीन मुहैया कराए, ताकि मैदान बड़ा हो जाए. अगर सरकार प्रस्ताव भेजती है, तो हम उसका अनुमोदन करवा देंगे.

## मुसलमानों एक हो जाओ, शहीद नसरल्लाह

**अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे :** आयतुल्लाह खामेनेई ने अमेरिका और उसके सहयोगियों की नीतियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि उनका आचरण दुनिया के हित में नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि 7 अक्टूबर को फिलिस्तीन द्वारा की गई कार्रवाई जंग का हिस्सा थी और इसे उचित माना जाना चाहिए. साथ ही, ईरानी बलों की ओर से उठाए गए कदम भी वैध बताए गए. खामेनेई ने कहा, हम अपनी सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएंगे और पीछे नहीं हटेंगे. भीड़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. जब उन्होंने पहली बार 2020 के बाद शुक्रवार, 4 अक्टूबर की नमाज के बाद भाषण दिया. इस दौरान उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई यहूदी शासन के अपराधों के लिए कम से कम सज़ा थी.

**नसरल्लाह को बताया शहीद :** आयतुल्लाह खामेनेई ने भाषण के दौरान हसन नसरल्लाह को शहीद बताया है. सर्वोच्च नेता ने कहा, शहीद नसरल्लाह ने अपने जीवनकाल में लेबनान के लोगों को जो सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिया, वह यह था कि इमाम मूसा सद्र, सैयद अब्बास मौसवी जैसी प्रमुख हस्तियों के नुकसान पर निराश न हों, बल्कि अपने प्रयासों को बढ़ाएं, आक्रामक दुश्मन का डटकर मुकाबला करें, और उन्हें पराजित करें.

## 5 वर्षों में 2730 से बढ़कर 4730 डॉलर ...

**खपत में आएगी उछाल :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, आने वाले दशक में भारत में खपत में जोरदार इजाफा देखने को मिलेगा. मौजूदा समय में 43 फीसदी भारतीय 24 साल से कम के हैं और उन्हें अपने खपत के तौर तरीकों को एक्सप्लोर करना बाकी है. जल्द ही भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से ग्रोथ दिखने लगेगी.

## तिरुपति लड्डू विवाद की जांच...

एसजी ने कहा कि देश भर में भक्त हैं, खाद्य सुरक्षा भी है. मुझे एसआईटी के सदस्यों के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि एक स्वतंत्र एसआईटी बनाई जाए. इसमें सीबीआई और राज्य सरकार से दो-दो सदस्य रह सकते हैं. इसके अलाव एफएसएसएआई से भी एक सदस्य को इस समिति में रखा जाए. खाद्य पदार्थों की जांच के मामले में एफएसएसएआई सबसे विशेषज्ञ शीर्ष निकाय है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह करोड़ों लोगों की आस्था का सवाल है. ऐसे में वह नहीं चाहता कि यह राजनीतिक ड्रामा बन जाए. अगर एक स्वतंत्र निकाय होगा, तो विश्वास पैदा होगा. सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए याचिका का निपटारा कर दिया कि यदि कोई बात हो तो आप जांच लंबित रहने तक फिर से न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं. पहले इस मामले की सुनवाई गुरुवार दोपहर 3:30 बजे होनी थी. तब मेहता ने जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा था कि यदि आप अनुमति दें तो क्या मैं शुक्रवार सुबह 10:30 बजे जवाब दे सकता हूं? पीठ ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया और कहा कि वह शुक्रवार को मामले में सुनवाई करेगी.


## 5 दिन में 16 लाख करोड़ डूबे

**32,000 करोड़ लेकर भारत से चीन भागे विदेशी निवेशक :** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने महज चार कारोबारी सत्रों में भारतीय बाजार से 32,000 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं. इस कारण सेंसेक्स में 3,300 से अधिक अंकों की गिरावट आई है. विदेशी निवेशक चीन के बाजारों का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां सस्ते में शेयर मिल रहे हैं. चीन की सरकार ने इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी. इस कारण चीन और हॉन्ग कॉन्ग के बाजारों में काफी तेजी आई है. लेकिन घरेलू निवेशक इस मौके को हाथोंहाथ लेने के लिए बोरों में नोट भरकर बैठे हैं. ईरान और इजरायल के बीच बढ़ रहे तनाव से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट जारी रहने की आशंका है. लेकिन जानकारों का कहना है कि यह स्थिति ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहेगी. इसकी वजह यह है कि मजबूत भारतीय मैक्रो, घरेलू तरलता और एसआईपी धन का निरंतर प्रवाह गिरावट को सीमित कर सकता है. कई अमीर निवेशक और पीएमएस फंड मैनेजर गिरावट की स्थिति में खरीदारी करने के लिए तैयार बैठे हैं. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि म्यूचुअल फंड 1.86 लाख करोड़ रुपए के बड़े नकदी ढेर पर बैठे हैं.

# विधायक भानु कराएंगे 51 असहाय बहनों की शादी

**संवाददाता। केतार**

विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को नवरात्रि के अवसर पर 51 असहाय बहनों को 28 फरवरी 2025 को धूमधाम से शादी कराने का ऐलान किया. विधायक ने कहा कि वर्ष 2014 में लोगो ने क्षेत्र की गरीब असहाय बहनों का सामूहिक निःशुल्क विवाह कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव रखा था. 2014 से 2024 तक गरीब बहनों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. शाही ने बताया कि मैं जिन बहनों की शादी करता हूं भाई और बाप बन कर करता हूं. मेरा लक्ष्य है की अपने क्षेत्र के 1100 गरीब असहाय बहनों की डोली उठा कर विदा करूंगा. उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग तरह तरह की बातें करते हैं. आप उन बहनों के यहां जाओ जिनका भाई, बाप बन कर मैनें डोली उठाने का काम किया है. जवाब मिल जाएगा. अभी तक 351 असहाय बहनों की शादी की शादी की जा चुकी है. हम लोगों ने फैसला लिया है कि वैसे गरीब जो विकलांग है और जिनके माता-पिता नहीं हैं या अत्यंत गरीब हैं, वैसे लोगों को पहले प्राथमिकता दिया जाएगा. साथ ही वैसे लोगों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने निर्देश अपने लोगों को दिया है. शाही ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा. जिसमे भोजपुरी के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव शामिल होंगे.



# पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों ने मुखिया के खिलाफ खोला मोर्चा

- उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर मुखिया को पद से हटाने की रखी मांग

**संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड की डेमू पंचायत के वार्ड सदस्य, उपमुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने मुखिया प्रमिला देवी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. इन्होंने शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को एक ज्ञापन सौंप कर मुखिया को उसके पद से हटाने की मांग की है. ज्ञापन में उन्होने कहा कि मुखिया प्रमिला देवी पंचायती राज अधिनियम के तहत काम नहीं कर रही है. मुखिया पति ही पंचायत के सारे कार्यों को देखते हैं. मुखिया के द्वारा ग्रामसभा की सूचना तक नहीं दी जाती है. मनमाने तरीके से कार्यकारिणी सदस्यों को बिना बताये ही योजनाओं का चयन किया जाता है. पंचायत सचिवालय की मरम्मत का पैसा आने के बाद भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया. बनवारी सिंह और गोपाल सिंह के कूप निर्माण में फर्जी तरीके से सरकारी राशि की निकासी कर ली गयी. जानकारी मांगने पर पंचायत समिति सदस्य व अन्य ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं. रविन्द्र उरांव के घर से रोड तक पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति हुई है, मगर मुखिया द्वारा कार्यादेश रिश्वत के चलते नहीं दिया गया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फुलकुमारी उरांव का आम बागवानी को स्वीकृति करने के एवज में 25 सौ रुपये रिश्वत मुखिया ने ली. इस संबंध में बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है. जांच कर कार्रवाई की जायेगी.




**टिप्पणी**

### चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा-

# भजंत्री को रांची डीसी बनाना हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन

**संवाददाता। रांची**

चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. पत्र में आयोग ने भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने के फैसले को हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है. भारतीय निर्वाचन आयोग ने अपने पत्र में मुख्य सचिव को छह दिसंबर 2021 के आदेश का अनुपालन करने का कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था. साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है.




मंजूनाथ भजंत्री

**आयोग ने भजंत्री से मांगा था स्पष्टीकरण :** चुनाव आयोग ने अपने पत्र में लिखा है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी द्वारा आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था. लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर पदस्थापित करने का आदेश दिया था. इसके करीब छह माह बाद मुख्य निर्वाची अधिकारी (सीईओ) ने आयोग को रिपोर्ट भेजी थी. इस रिपोर्ट में सीईओ ने बताया कि डीसी ने आचार संहिता खत्म होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई. चुनाव आयोग ने सीईओ की रिपोर्ट पर डीसी से स्पष्टीकरण मांगा था. लेकिन संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर छह दिसंबर 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था.

**हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को सही करार दिया था**

दरअसल मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन देवघर डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश किया था. इसे लेकर चुनाव आयोग ने छह दिसंबर 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त पद से हटाने का आदेश दिया था. भजंत्री ने आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका (5716/22) दायर की थी. अपनी याचिका में चुनाव आयोग के आदेश को नियम विरुद्ध बताया था. सिंगल बेंच ने भजंत्री की याचिका को स्वीकार कर लिया था. इसके बाद आयोग ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में एलपीए (244/24) दायर की. हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद 30 सितंबर 2024 को अपना फैसला सुनाया और चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया. न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि आयोग का आदेश नहीं मानना संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करने जैसा है. उसका निर्देश मानना राज्य के लिए बाध्यकारी है.

## योगदान देते ही डीसी ने सुनी ग्रामीणों की शिकायत



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शुक्रवार को यहां योगदान देते ही शुक्रवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. उन्होंने प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया और संवेदनशील हो कर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए. इनमें अबुआ आवास, नियोजन, जमीन विवाद व मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन शामिल थे. उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा.

## ऐतिहासिक फैसला

सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में जेल कार्य आवंटन में जाति आधारित भेदभाव को असंवैधानिक घोषित कर दिया. बेहतर होता कि इस फैसले का असर देश में जारी जातिगत भेदभाव पर भी पड़ता और समानता के संवैधानिक मूल्यों की वास्तविक अर्थों में स्थापना होती. सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है. कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है. दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है. खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है, जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है. कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है. कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है. साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है. कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है. साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है. उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे. दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था. उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है. उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी. इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है. इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी. सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था. छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया. पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था. जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था और जेलों में जातिक के आधार पर कार्य विभाजन के तथ्य सार्वजनिक किए थे. इस अध्ययन में उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया.

> उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे. दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था.

### सुभाषित

**या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मी पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।**
**श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम्।**

जो धर्मात्माओं के गृह में लक्ष्मी के रूप में, दुरात्माओं के यहां निर्धनता के रूप में, शुद्ध अन्तःकरणवाले पुरुषों के हृदय में बुद्धि के रूप में, सज्जनों में श्रद्धा के रूप में तथा कुलीन मनुष्यों में लज्जा के रूप से विराजमान रहती हैं, उन महामाया भगवती दुर्गा को हम प्रणाम करते हैं. देवि! आप सम्पूर्ण विश्व का पालन कीजिये.

# ये तमाशा देख रहे हो न विनोद!

**कर्नाटक में कोर्ट के आदेश से ही सही, एक तो बहुचर्चित चुनावी बॉन्ड मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर, दूसरा जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री एस सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी जांच. पता नहीं क्यों गैर एनडीए मुख्यमंत्रियों पर किसी न किसी हीले ईडी, सीबीआई की जांच बैठ ही जाती है. झारखंड में देखिए भानु प्रताप शाही, मधु कोड़ा और अब कमलेश सिंह एनडीए खेमे में जा टिके.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

पितृपक्ष पश्चात त्योहारी सीजन आ गया. शक्ति की अधिष्ठातृ देवी दुर्गा विराज चुकीं. अजीब संयोग रहा. पितृपक्ष की शुरुआत चंद्रग्रहण और अंत सूर्यग्रहण से हुआ. यह अलौकिक दृश्य भारत में नहीं दिखा. अलबत्ता जम्मू-कश्मीर और हरियाणा पर छाया लौकिक चुनावी ग्रहण छंटा भी नहीं कि झारखंड और महाराष्ट्र पर राजनेताओं ने उसे तारी कर दिया. झारखंड में चुनाव से काफी पहले जो कुछ होने लगा, उसे देखकर 'पंचायत' वाला विनोद भौंचक रह गया होगा. विनोद ही क्यों, हर झारखंडी भौंचक है. चुनाव की घोषणा के साथ कौन से तमाशे होंगे, राजनीतिक मंच के अभिनेता नेता ही जानें. यूं, हाल-फिलहाल के दो राजनीतिक मंचन दिलचस्पी जगा रहे हैं. कर्नाटक में कोर्ट के आदेश से ही सही, एक तो बहुचर्चित चुनावी बॉन्ड मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एफआईआर, दूसरा जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री एस सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी जांच. पता नहीं क्यों गैर एनडीए मुख्यमंत्रियों पर किसी न किसी हीले ईडी, सीबीआई की जांच बैठ ही जाती है. झारखंड में देखिए भानु प्रताप शाही, मधु कोड़ा और अब कमलेश सिंह एनडीए खेमे में जा टिके. हरिनारायण राय और एनोस एक्का भी आ जाते तो क्या बात थी! ये न केवल 2006-08 में राज-पाट के संगी-साथी थे, अपितु होटवार के भी साथी रह चुके हैं. अपने जमाने के धाकड़ जदयू नेता रमेश सिंह मुंडा की हत्या के मामले में जमानत पर छूटे गोपाल कृष्ण पातर यानी राजा पीटर पुनः जदयू में जा बैठे. मजे की बात यह कि वे रमेश सिंह मुंडा के परवर्ती काल में जदयू के विधायक रहे, मंत्री भी बने. राजनीतिक मंच ऐसे-ऐसे खेल-तमाशे करता रहता है. नीतीश बाबू यानी सुशासन बाबू यानी पलटू चाचा ने सरयू राय और राजा पीटर को पलटवा कर चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह और जूनियर चाणक्य हिमंता बिस्वा सरमा के दिमाग को चकरघिन्नी बना डाला. बैसाखी भी कमाल की चीज होती है न! राजा पीटर 2009 में तत्कालीन सीएम और प्रसिद्ध आदिवासी नेता शिबू सोरेन को मुंडा बेल्ट तमाड़ के उपचुनाव में पटखनी देकर हीरो बने थे. अपराजेय समझे जानेवाले तत्कालीन सीएम रघुवर दास को 2019 में सरयू राय भाजपा त्याग बतौर निर्दलीय उम्मीदवार धूल चटाकर छा गये थे. आखिरकार वे भी आ ही गये एनडीए फोल्डर में. गनीमत है 'जहाज का पंछी' नहीं बने या नहीं बनने दिया गया. विनोद को क्या! मन हुआ तो अपना वोट डालकर तमाशा देखता रहेगा.

झारखंड में चुनाव का ऐलान जब होगा, तब होगा. माहौल अभी से गर्म कर दिया गया है. किसी भी पक्ष में सीट शेयरिंग नहीं हुई है. पेंच-खुरपेंच हर ओर है. फिर भी एनडीए पक्ष का यहां-वहां प्रायः हर दिन सीरीज में केंद्रीय मंत्री या कोई न कोई मुख्यमंत्री अपना लहरा मार जा रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी ने इन लहरों का जमशेदपुर में उद्घाटन भाषण तो किया ही, हजारीबाग में एक धमक और दिखा गये. दूसरे पक्ष से सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन मोर्चा संभाले हुए हैं. इनका एक पार्टनर राजद सीटों के लिए पैंतरे भांज रहा है. कांग्रेस हमेशा की तरह चुनाव के इंतजार में उलझी हुई है. वह कभी खुद से उलझती है तो कभी मेजर पार्टनर झामुमो से. बावजूद इसके सरकारी पक्ष दनादन कुछ न कुछ बांट रहा है और आगे के भी सपने बांट रहा है. दूसरी ओर से भी कम वादे नहीं किये जा रहे. अरे, वे इतना ही दे रहे हैं, हम इतना देते. विस्थापन की जद से उठाकर हमें स्थापित करें, फिर देखिए क्या-क्या न देंगे. अभी ही इतनी घोषणाएं. पता नहीं, चुनावी घोषणा पत्रों में क्या-क्या अटा पड़ा रहेगा. सभी झारखंडी संस्कृति की दुहाई दे रहे हैं, लेकिन साथ ही साथ प्रकारांतर से लोभी और मंगता-खाता साबित करने में कोई हिचक नहीं दिखा रहे. सरकारी खजाने से खैरात लुटाकर या लुटाने के ख्वाब दिखाकर वोट के बदले नोट का यह अजब किस्सा क्या आम्बेदकर ने सपने में भी सोचा होगा? नहीं न! ऐसा तो विनोद ने भी नहीं सोचा लेकिन देख जरूर रहा है.

झारखंड और महाराष्ट्र के लिए यह त्यौहारी सीजन चुनावी सीजन भी है. यह शुभ-शुभ गुजर जाये तो अच्छा, वरना आंध्र में जो लड्डू विवाद उठाया गया था, उसका पहला हश्र सुप्रीम कोर्ट की डांट-फटकार के रूप में सामने आया. हरियाणा चुनाव के ऐन पहले बहुचर्चित राम रहीम को चार साल में 11वीं मर्तबा पैरोल मिल गई. पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कम से कम सात चुनावों के पहले उसको यह सुविधा मिली. अगली शोचनीय-विचारणीय खबर यह कि देश की जेलों में 76 फीसद कैदी अंडरट्रायल हैं. और बड़ी खबर यह कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद गौ हिताय भारत-भ्रमण पर निकले तो अरुणाचल में ईटानगर एयरपोर्ट पर रोक दिये गये, लेकिन महाराष्ट्र में गौ माता राज्य माता घोषित कर दी गईं. महाराष्ट्र और अरूणाचल का फर्क देखिए. दोनों राज्यों में भाजपा पॉलिटिकल पार्टनर है. ध्यान दें, झारखंड के संग-संग बहुत संभव है, महाराष्ट्र में भी चुनाव हो. फिलहाल पूर्व चुनावी बयार में सभी पक्ष यत्र-तत्र-सर्वत्र एक-दूसरे पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते फिर रहे हैं. काश! वे खुद तुष्ट हो लेते. वह नेता ही क्या जो तुष्ट हो जाय! उसके सीने में महत्वाकांक्षाओं का सागर लहराता रहता है, भले ही वह उम्र के आखिरी पड़ाव पर हो. किसी पर 75 का होने पर रिटायरमेंट का दबाव है तो कोई 83 का होकर भी कहता फिर रहा है, उनके पराभव के बाद ही मरूंगा मैं. विनोद को अभी बहुत कुछ देखना है लेकिन वह फिलहाल भजे जा रहा है,

या देवि सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता.
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः..

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## माता गौरी की शक्ति

माता गौरी की शक्ति ही प्रकृति के जीवन का आधार है. शक्ति सदैव शांत और अज्ञेय रहकर कार्य करती है. सक्रिय देव तत्वों को नियंत्रित करती है. ठीक इसी प्रकार हमारे शरीर का बायां भाग नारी चेतना का और दायां भाग पुरुष चेतना का हिस्सा होता है. शरीर का दायां हिस्सा को सदैव बायें हिस्सा द्वारा नियंत्रित किया जाता है. अगर ऐसा नहीं होता तो क्रोध, गति, ऊर्जा और शक्ति रूपी मनोभाव पर नियंत्रण असंभव होता. यह करुणा, प्रेम, शांति और अहिंसा की स्त्रैण चेतना ही हमारे शरीर को संतुलन भाव में रखती है. सृजन कर्म को सात्विक ऊर्जा से भरने और नकारात्मक भावों से शरीर को प्रभावित होने से बचाने के लिए शक्ति जरूरी है. शक्ति ही हमारी क्रियाओं को स्पंदित रखती हैं. स्पंदन की गति और दिशा का निर्धारण शक्ति का स्वरूप निर्धारित करता है. स्पदंन को प्रभावी बढ़ाने के लिए आत्मा की शक्ति को बढ़ाना होता है. इसके लिए प्रकृति के संक्रमण काल उपयोगी माध्यम है, जब खुद प्रकृति के माध्यम से सृष्टि नवीनता के साथ सहभागी होने के लिए तैयारी करती है. इस हरेक संवत्सर में चार संक्रांति (वसंत, शरद, आषाढ और पौस यानी सूर्य के चार संपात जो मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में आता है.) के माध्यम से हम खुद को बेहतर के लिए तैयार कर सकते हैं. इस संक्रमण के माध्यम से प्रकृति अपनी अचेतन लयबद्धता के साथ अपनी जीवन शक्ति को बांधती और खोलती रहती है. मौसम परिवर्तन के इन चार कालखंड में प्रकृति का सौंदर्य उत्कर्ष पर होता है, उसकी सृजन या धारण की शक्ति बढ़ जाती है, तब नवरात्र की अवधि आती है. जब सूर्य इक्विनॉक्स यानी विषुवत रेखा पर साल में दो बार मार्च और सितंबर में होती है, तब दिन-रात बराबर अवधि की होती है. उस समय वासंतीय और शारदीय नवरात्र मनाते हैं इसी प्रकार जब सूर्य विषवत रेखा से सबसे दूर यानी कर्म और मकर यानी सॉल्सिटस पर होती है, तब धरती के एक भाग में सबसे लंबी दिन तो दूसरे भाग में सबसे लंबी रात्रि होती है. यह स्थिति पृथ्वी पर आषाढ़ के समर सॉल्स्टिस और पौष माह के विंटर सॉल्स्टिस में आती है. दिन-रात की अवधि में असंतुलन के कारण इसे गुप्त नवरात्र के रूप में मनाते है. लेकिन शक्ति के संधान, तपस्या और अंतशक्ति के आरोहण के लिए य संक्रमण काल विशेष लाभकारी और जीवन के लिए उपयोगी होता है.

## क्या अब खामेनेई हैं इजराइल के निशाने पर

• देशांतर

पुष्परंजन

इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) और मोसाद का मनोबल इस समय ऊंचा है. 58 दिनों के भीतर मध्य पूर्व में दो 'शक्तिशाली' नेताओं, हमास नेता इस्माइल हानिया और हिज़बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह को खत्म करने के बाद, सवाल यह है कि इजराइल का अगला लक्ष्य कौन होगा? इजराइल ने संकेत दिया है कि वह नफ्ताली बेनेट के 'ऑक्टोपस सिद्धांत' का पालन कर रहा है, जो हिज़बुल्ला या हमास जैसी छाया शक्तियों से लड़ने की बजाय, ईरान के साथ अब सीधा भिड़ना चाहता है. अर्थात, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब निशाने पर हैं. नसरल्लाह की हत्या के बाद, ईरानी अधिकारियों ने ख़ामेनेई को देश के अंदर एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया था, जहां सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इजराइल ने कहा कि हम आतंकवादी समूहों को समर्थन देने वालों को पाताल से खोजकर निकाल लेंगे. 30 जुलाई, 2024 को याद कीजिये, जब इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया, जिसमें हिज़बुल्ला के शीर्ष कमांडरों में से एक, फुआद शुक्र की मौत हो गई. कुछ घंटों बाद, एक विस्फोट में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता इस्माइल हनिया की तेहरान में मौत हो गई, जहां वे ईरान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन समारोह में भाग ले रहे थे.

इजराइल ने पिछले हफ्ते दहियाह में एक आवासीय इमारत के नीचे समूह के भूमिगत मुख्यालय पर 'लक्षित हमले' में हिज़बुल्ला प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह को मार डाला था. नसरल्लाह, जिन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक हिज़बुल्ला का नेतृत्व किया था, खामेनेई के ख़ास और ईरान की क्षेत्रीय प्रॉक्सी रणनीति में एक प्रमुख चेहरा थे. हमास नेता इस्माइल हानिया के बाद हसन नसरल्लाह इन दो ताक़तवर चेहरों के बूते ईरान की लीडरशिप इजराइल को सबक़ सिखाने का दम भरती थी. ईरान, जिसने नसरल्लाह की मौत के बाद बदला लेने की कसम खाई थी, ने मंगलवार रात को इजराइल पर लगभग 200 बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं. रॉयटर्स के अनुसार, 'ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि मिसाइल हमला हाल ही में लेबनान और गाजा में नेताओं की इजराइली हत्याओं और ईरान समर्थित सशस्त्र समूह हिज़बुल्ला के खिलाफ आक्रामकता का जवाब था.' लेकिन, इसे फुस्स हमला माना जाये, जिसमें इजराइल के जान-माल की हानि लगभग नहीं के बराबर हुई.

> 30 जुलाई, 2024 को याद कीजिये, जब इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया, जिसमें हिज़बुल्ला के शीर्ष कमांडरों में से एक, फुआद शुक्र की मौत हो गई. कुछ घंटों बाद, एक विस्फोट में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता इस्माइल हनिया की तेहरान में मौत हो गई, जहां वे ईरान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन समारोह में भाग ले रहे थे.

85 वर्षीय ख़ामेनेई 1989 से हिज़बुल्ला का समर्थन कर रहे हैं. बेरूत में इजराइल के हमले के बाद उन्होंने कहा, 'क्षेत्र में सभी प्रतिरोधक ताक़तें हिज़बुल्ला के साथ खड़ी हैं.' ख़ामेनेई के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए, नेतन्याहू ने कहा, 'आपके दोस्त ऐसे ही नारे लगाते थे, अब देखिए वे कहां हैं.' इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि ईरान को इजराइल पर मिसाइल हमले के लिए परिणाम भुगतने होंगे. उन्होंने सिनवार, डेफ़ और नसरल्लाह का हवाला देते हुए दावा किया कि जो प्रतिद्वंद्वी इजराइल के सेल्फ डिफेन्स को कम आंक रहे हैं, वो परिणाम भुगतने को तैयार रहें. दिलचस्प यह है, ईरान के सर्वोच्च नेता अब रेवोल्यूनेशनरी गार्ड के रहमोकरम पर है. कभी अयातुल्ला अली खामेनेई की मर्जी के बग़ैर ईरान का पत्ता नहीं हिलता था. अब उन्हें डर है कि कोई 'विभीषण', मोसाद को उनके ठिकाने की सूचना न लीक कर दे. सिनवार, डेफ़, हानिया और नसरल्लाह की हत्याएं सत्ता के गलियारे में सक्रिय 'विभीषणों' की सूचनाओं की वजह से हुई थी. अयातुल्ला अली खामेनेई पर जानलेवा हमला पहले हो चुका है. 27 जून 1981 को मुजाहिदीन-ए-खल्क द्वारा की गई हत्या के प्रयास में वो बाल-बाल बच चुके हैं, जब टेप रिकॉर्डर में छिपा हुआ एक बम, उनके बगल में फट गया. अयातुल्ला अली खामेनेई के इलाज में कई महीने लग गए, तब से उनका दाहिना हाथ काम नहीं कर पाता.

ईरान ने हिज़बुल्ला और हुथी लड़ाकों का इस्तेमाल जिस तरह से किया है, उससे कई सवाल खड़े होते हैं. भूमध्यसागर के पूर्वी तट पर स्थित एक संकीर्ण पट्टी पर अवस्थित लेबनान, दुनिया के छोटे मुल्कों में से एक है. इस समय आप राजधानी बेरूत चाहकर भी नहीं जा सकते. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## एकाकीपन मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

आधुनिक युग में भी हम मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सोच में बहुत पीछे रह गए हैं. हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है. हम जब मन से स्वस्थ होते हैं हमारा शरीर अपने आप ही स्वस्थ होता है समय बदलता है, मौसम बदलता है, जीवन में तरह-तरह की घटनाएं होती है. कभी हमारे मन के अनुरूप होती हैं और कुछ घटनाएं हमारे मन के विपरीत होती हैं. जीवन के उथल-पुथल से कभी-कभी लोग टूट जाते हैं. कभी-कभी जीवन में स्वयं को संभालना बहुत मुश्किल हो जाता है. इस युग ने मनुष्य को सीमित दायरे में कैद कर दिया है. बहुत से लोग ऐसे हैं, यहां तक की बच्चे भी, जो अपने आपको अकेले रखना पसंद करते हैं और यही एकाकीपन, अकेलापन जब बढ़ने लगता है तो अवसाद का जन्म होता है. हम लोगों के बीच में जितना रहते हैं, उतना ही अधिक स्वस्थ रहते हैं. कुछ व्यक्तियों, कुछ बच्चों में मैंने देखा कि वे लोगों के बीच रहने के बजाय अकेला रहना ज्यादा पसंद करते हैं. हैरानी होती है ऐसा देखकर, क्योंकि यदि मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाये तो अकेला रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा नहीं है. लोगों में यह भी देखा जाता है कि तरह-तरह की मनोवैज्ञानिक समस्या या मनोविकार से परेशान हैं, फिर भी सलाह या परामर्श लेने से वे हिचकिचाहते हैं. इसका कारण लोगों में यह देखा जाता है कि उन्हें लगता है कि यदि हम किसी साइकेट्रिस्ट के पास जाते हैं तो लोग क्या कहेंगे? लोग हमें मानसिक रोगी समझेंगे. इस तरह के रूढ़िवादी विचारों से वे मानसिक विकारों को बढ़ावा देते हैं. जब स्थिति गंभीर हो जाती है, तब बात उनकी समझ में आती है कि उन्होंने कहां भूल की. ऐसी भी परिस्थितियां देखी गईं, जिनमें गरीबी के कारण लोग चिकित्सा से दूर हो जाते हैं. उन्हें ज्ञात नहीं होता कि उनके आसपास ही निःशुल्क सलाह या परामर्श भी दिया जाता है. यहां जागरूकता के अभाव में लोग चिकित्सा से वंचित रह जाते हैं. मानसिक स्वास्थ्य की प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की प्रति सचेत करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिससे लोग मानसिक विकारों से होने वाली बीमारियों के बारे में समझें और उसका उचित इलाज करवायें. लोगों के बीच में जो स्टिग्मा है, उसको दूर करने के लिए मीडिया भी सराहनीय भूमिका निभा रहा है. आज के समय में अगर लोग इस विषय पर थोड़ा गंभीर हो जाएं तो शायद कहीं न कहीं मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को दूर करना संभव हो जाएगा. जब मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं तो व्यक्ति के मन में यही सोच होता है कि इन सबसे हमें क्या? हमें क्या फायदा होगा? यहां हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मानसिक बीमारियां किसी को भी हो सकती हैं. जैसे बुखार, सिर दर्द, पेट दर्द और भी कई शारीरिक बीमारियां किसी को भी हो सकती हैं. ठीक उसी प्रकार मानसिक बीमारियां भी कभी और किसी को भी हो सकती हैं. इसलिए इसके बारे में जानना बहुत आवश्यक है. इनके लक्षणों के बारे में, इनका क्या उपाय है कैसे हम इससे दूर रह सकते हैं वैसे तो राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिशन के द्वारा पूरे भारतवर्ष में कुछ ना कुछ कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य पर हर महीने चलाए जाते हैं, लेकिन अक्टूबर का महीना पूरी तरह मानसिक स्वास्थ्य पर समर्पित होता है, जो कोई भी इस क्षेत्र से जुड़े हुए होते हैं वे जगह-जगह पर वर्कशॉप, सेमिनार आदि का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कई योजनाएं चलाते हैं. लोगों को बीमारियों के बारे में बताना उनके लक्षणों को समझाना, कैसे उनकी चिकित्सा की जाती है यह बताना और सबसे महत्वपूर्ण बात उन्हें चिकित्सा के लिए प्रेरित करना बहुत आवश्यक हो गया है रांची में सरकारी संस्थाओं के अलावा गैर सरकारी संस्था कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट के मेंटल हेल्थ क्लीनिक में निःशुल्क परामर्श हर शनिवार को दिया जाता है, जहां लोग दूर-दूर से भी आते हैं और चिकित्सा का लाभ उठाते हैं. मैंने यहां दरभंगा, रामगढ़, कोडरमा, धनबाद, गढ़वा, बोकारो तक के पेशेंट को देखा है, जिन्होंने सौ प्रतिशत चिकित्सा का लाभ उठाया है. **(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

> हैरानी होती है ऐसा देखकर, क्योंकि यदि मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखा जाये तो अकेला रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा नहीं है. लोगों में यह भी देखा जाता है कि तरह-तरह की मनोवैज्ञानिक समस्या या मनोविकार से परेशान हैं, फिर भी सलाह या परामर्श लेने से वे हिचकिचाहते हैं.

### मीडिया में अन्यत्र

## भारतीय अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र की अहमियत



**सांख्यिकी** एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने हाल ही में वर्ष 2022-23 के लिए उद्योगों के सालाना सर्वेक्षण के नतीजे जारी किए. उल्लेखनीय यह है कि वित्त वर्ष 23 में भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी के दौरान वृद्धि में आई भारी गिरावट से उबर ही रही थी. बहरहाल ये नतीजे दिखाते हैं कि कच्चे माल के इस्तेमाल, उत्पादन और मुनाफे के मामले में भारतीय विनिर्माण काफी लचीला है. इस सर्वेक्षण में पूरे देश को शामिल किया जाता है और यह देश में औद्योगिक आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है. देश के सकल घरेलू उत्पाद में 17 फीसदी का योगदान देने वाले विनिर्माण क्षेत्र ने समीक्षा अवधि में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसका अपेक्षाकृत कम आकार और केंद्रीकरण चिंता का विषय है.वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की बात करें तो वर्तमान मूल्य पर यह पिछले साल की तुलना में करीब 7.3 फीसदी बढ़ा. औद्योगिक उत्पादन में भी 21.45 फीसदी की तेज वृद्धि दर्ज की गई. यह बात भी ध्यान देने लायक है कि वित्त वर्ष 20 और 21 में उत्पादन में भारी गिरावट आई थी, उसके बाद वित्त वर्ष 22 और 23 में इसने अच्छी वापसी भी की.इसके अलावा तयशुदा और निवेशित पूंजी में आलोच्य अवधि में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई. रोजगार में सालाना आधार पर 7.43 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली. इस क्षेत्र में प्रति व्यक्ति औसत क्षतिपूर्ति में भी इजाफा हुआ. इसी प्रकार महामारी के पहले वाले वर्ष यानी 2018-19 की तुलना में प्रति व्यक्ति जीवीए में 26 फीसदी का इजाफा हुआ. इससे संकेत मिलता है कि विनिर्माण के क्षेत्र में श्रम की उत्पादकता में इजाफा हुआ. इसी पांच वर्ष की अवधि में औसत वेतन में 22 फीसदी का इजाफा हुआ.वित्त वर्ष 23 में विनिर्माण क्षेत्र के विशुद्ध मूल्य वर्धन (एनवीए) के अनुपात के रूप में मुनाफे का हिस्सा महामारी के पहले के वर्षों यानी 2018-19 और 2019-20 की तुलना में अधिक रहा जबकि इसी अवधि में कर्मचारियों को दिए गए वेतन-भत्तों का हिस्सा महामारी के पहले के स्तर से कम रहा. यह साल दर साल आधार पर एनवीए में लाभ के हिस्से में कमी और वित्त वर्ष 22 की तुलना में वित्त वर्ष 23 में वेतन और भत्तों की हिस्सेदारी में इजाफे के बावजूद हुआ. स्पष्ट है कि देश में विनिर्माण समय के साथ पूंजी के गहन इस्तेमाल वाला होता जा रहा है.औद्योगिक गतिविधि भी भौगोलिक रूप से कुछ खास इलाकों में और कुछ खास उत्पाद श्रेणियों में सीमित रही है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## मत/मति/मती

**मेरा** मत है कि उस मती की मति मारी गयी है. इस वाक्य में तीन शब्दों का प्रयोग हम देख रहे हैं-मत, मति और मती. इन तीनों शब्दों का मूल मत ही है. यानी मत से ही मति शब्द भी बनता है और मती भी. अब विचार करें कि यह मत आखिर है क्या? मत एक बहुअर्थी शब्द है. यानी उसके अनेक अर्थ हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार संज्ञा पुल्लिंग के रूप में मत का मतलब है खयाल, नजरिया, विचार, राय, मति, बुद्ध, सम्मति, पंथ, अनुयायी, संप्रदाय, भाव, आशय, अभिप्राय, निर्वाचन के समय किसी प्रतिनिधि को दी जानेवाली सम्मति, जिसे अंग्रेजी में वोट कहते हैं. इसका क्रिया विशेषण के रूप में अर्थ होगा नहीं, न, निषेध के अर्थ में. जैसे मैं कहता हूं कि इस बार उस नेता को अपना मत किसी भी हालत में मत देना. लोकतंत्र में मतदान का महत्व बहुत अधिक होता है. जो मत देते हैं, उन्हें मतदाता कहा जाता है. जिस स्थान पर मत दिया जाता है, उसे मतदान केंद्र कहते हैं. जहां तक मतदान करने की बात है तो आम जनता के बीच में मतभिन्नता होती है. वैसे हर नागरिक के पास मताधिकार होता है. मत की भांति ही मति शब्द भी तत्सम है. अंतर बस इतना ही है कि मत संज्ञा पुल्लिंग और मति संज्ञा स्त्री लिंग है. मति का मतलब है प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ, इच्छा, कामना, अभिप्राय, याद, स्मृति. विचारधारा या सोचने के ढंग को मतिगति कहते हैं, लेकिन जिस व्यक्ति को बीमारी या नशे आदि के कारण कुछ का कुछ समझ में आने लगता है तो वह मतिभ्रम है. कम बुद्धि रखनेवाले बेवकूफ को मतिमंद कहा जाता है. जो अपना विचार रखता है या किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी होता है, उसे मती कहा जाता है. मती शब्द का एक और अर्थ है, वह है सामर्थ्य. जैसे बुद्धिमती. मान का स्त्रीलिंग रूप भी मती है. जैसे श्रीमान का श्रीमती.

## अगर गलत होऊं तो मेरा नाम बदल देना!


• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



पहचान के लिए नामकरण ज़रूरी है. जबतक किसी वस्तु या व्यक्ति को कोई नाम नहीं दे दिया जाता, उसकी विशिष्ट पहचान नहीं हो पाती. बच्चे के पैदा होते ही उसका कोई न कोई नाम रख दिया जाता है. उसका नामकरण बड़े समारोह पूर्वक किया जाता है. अपनी पसंद का नाम छांटिए और रख दीजिए. पर एक बार जो भी नाम पड़ गया, उसका बदलना बड़ा कठिन होता है. नाम, वस्तु या व्यक्ति से, कुछ इस प्रकार जुड़ जाता है कि दोनों को अलग नहीं किया जा सकता. लोटा नाम न हो तो लोटा आप किसे कहेंगे? लेकिन एक बार सुविख्यात अंग्रेज़ी कवि विलियम शेक्सपीयर को न जाने क्या सूझी कि उन्होंने कह दिया, नाम में भला क्या रखा है? आप किसी भी नाम से क्यों न पुकारें गुलाब तो गुलाब ही रहेगा. बस लोग ले उड़े. नाम बदलने की मुहिम शुरू हो गई. बल्कि कहना चाहिए, नाम बदलने की राजनीति ही आरम्भ हो गई. जिसका भी नाम पसंद नहीं आया, उसे बदल डाला गया. एक का बदला, दूसरे का बदला, तीसरे, चौथे का बदला. सिलसिला चल निकला. नाम बदलने का यह सिलसिला फिलहाल तो नगरों और स्थानों तक ही सीमित है, पर बात निकली है तो न जाने कहां तक पहुंच जाए और व्यक्तियों के भी नापसंद नाम तक बदल दिए जाएं! जिला फैजाबाद को अयोध्या बनाया गया है. क्या पता फैज़ अहमद फैज़ को अयोध्या अहमद अयोध्या कहने पर बाध्य कर दिया जाए. मैं गलत होऊं तो मेरा नाम बदल दें. कहने को तो खैर मैंने कह दिया, पर कौन चाहेगा इस तरह अपना नाम बदलवाना? नाम के आगे उपनाम तो लोग बेशक रख लेते हैं. किन्हीं लोगों के दो नाम भी होते हैं. एक घर पर प्यार से पुकारने का और एक घर से बाहर अन्य लोगों द्वारा पुकारे जाने का. लोकप्रिय कवि हरिवंश राय ने अपने घर के नाम, बच्चन, को अपना उपनाम बना कर अपने मुख्य नाम के आगे जोड़ लिया. उनके यशस्वी पुत्र अमिताभ ने एक कदम आगे बढ़कर बच्चन अपना 'सरनेम' ही बना डाला. कोई कोई नाम इस प्रकार मजेदार यात्रा करने का अच्छा खासा मज़ा लूटते हैं. राजनीति से प्रेरित कुछ लोगों को कुछ नाम गवारा नहीं होते. वे इन नागवार नामों को मिटा देना चाहते हैं. वैसे उनका शायद बस चले तो वे जिनके ये नाम हैं, उनको ही मिटा दें. पर नाम को बदलना शायद सबसे आसान काम है. वे इस आसान काम में जुट गए हैं. राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट. लोगों ने राम नाम को खूब लूटा है. किसी के नाम के आगे राम हैं तो किसी के नाम के पीछे राम विराजमान हैं. कोई राम प्रकाश है तो कोई तेनाली राम हैं. तो कोई खुद ही रामजी बने बैठे हैं. किसी के लिए राम-राम अभिवादन बन गया तो कोई धत-काम के लिए मुंह बिरा कर राम राम कहने लगा. मरने पर तो राम राम सत्य हो ही जाती है. कोई असंभव काम न हो पाए तो राम भजो. वैसे भी राम नाम के जाप की हिन्दू धर्म में बड़ी महत्ता मानी गई है. बाकी समय पर हम राम की सत्यता पर भले ही शक करें,मरने पर तो राम नाम सत्य हो ही जाता है.

# नवरात्र विशेष



# नमो नमो दुर्गे दुख हरनी

"मां, तुम एक मन्नत हो
जो मिन्नतों से मिलती
मां, तुम एक दिव्यज्योत हो
जो अभ्यर्थनाओं से जलती
न भाव, अभाव , न जाति भेदभाव
हर भक्त पाए तेरी ममता की छांव.
आरती की थाल है
और पुष्पों भरी अंजलि
दिल में हर्ष अपार है
और खुशियां देती पुष्पांजलि
इस कलियुग में राह दिखाओ
उन्हें जो भटक गए
शरण दो उनको मां
जो आज तुझसे लिपट गए."



सारिका भूषण

दुर्गा पूजा यानि स्वयं में निहित शक्ति की पूजा. एक मां की पूजा, जिसे इस दुनिया ने शक्ति का पर्याय माना है. हमारे अंदर अनंत शक्ति निहित है, उस शक्ति-बोध कराने की पूजा. शक्ति शताभिमानी है, सनातन है, जिसे आत्मसात कर नवरात्र का विधान रचा गया. शक्ति उपासना में काली, तारा, त्रिपुरा, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, मातंगी, कमला और बगलामुखी - इन दस को महाविद्याओं के अंतर्गत लिया जाता है, जबकि मां दुर्गा की उपासना शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में होती है. महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, ये तीन प्रधान देवियां हैं. दुर्गा पूजा में इन सारी शक्तियों को जागृत करके आराधना की जाती है. होम किया जाता है और इस संसार में व्याप्त सारी बुराइयों का नाश करने के लिए शक्ति की याचना की जाती है.

## जाग्रत करें आस्था

हमारी शक्ति हमारी देवी माता है. उन्होंने इस जगत को कर्मप्रधान रखा है. पौरोणिक आख्यान में हम पाते हैं कि देवी ने महिषासुर को मारा. वास्तव में, देवी ऊर्जा स्वरूपा अथवा शक्ति स्वरूपा हैं. जहां देवता ऊर्जाहीन, शक्तिहीन थे , वहीं देवी ने साक्षात् रूप लेकर राक्षसों का संहार किया. वही देवी आज स्त्री रूप में समाज का नेतृत्व कर रही है. बस उस दिव्य शक्ति को समझने और जागृत करने की आज जरूरत है.

## फिर मां क्यों उपेक्षिता

पूजा की थाली लिए जब हम स्त्री-पुरुष, मां की भव्य मूर्ति के समक्ष खड़े होते हैं, उसी क्षण हम नारी की गरिमा, उसके सम्मान से जुड़ जाते हैं. उसकी असीम शक्तियों के प्रति नतमस्तक हो जाते हैं, फिर अपने जीवन में किसी स्त्री के प्रति इतना अभिमान क्यों? परिवार, समाज में उसे हर बार क्यों तिरस्कृत होना पड़ता है? क्यों उसे पराश्रित और दुर्बल माना जाता है? क्यों उसकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जाता है. जबकि शक्ति शब्द सुनते ही हमारे सामने एक स्त्री का ही रूप उभरता है, पुरुष का नहीं और उस स्त्री में भी हमें केवल मां का ही रूप दिखाई देता है. फिर हम इस दृश्य और इस शक्ति की उपेक्षा किस आधार पर करते हैं? तब कहां चला जाता है पुरुष अहं या झूठा वहं समाज के शक्तिशाली प्राणी होने का?

इतिहास गवाह है जब-जब पुरुष ने शक्ति को उसके इस रूप से अलग भोग्या रूप में देखा तब-तब विनाशकारी परिणाम ही सामने आए हैं. दरअसल मां एक प्रतीक है, जिसमें स्त्री यानी शक्ति के प्रति सम्मान और आदर का भाव है, क्योंकि यह शक्ति न केवल पुरुष की बल्कि समस्त सृष्टि की जननी है. यही वजह है कि वैदिक काल से लेकर आज के पुरुष प्रधान समाज में भी शक्ति का पर्याय स्त्री ही है. इस सांसारिक सत्ता में जितने की भागीदारी पुरुष की है, उससे तनिक भी कम स्त्री की नहीं है.

स्त्री का व्यक्तित्व बहुआयामी है. वह व्यवसायिक ऊंचाइयों को छू रही है. साथ ही एक आदर्श पत्नी, पुत्री और माता की भूमिका भी अदा कर रही है. वह सृजनकर्ता है, प्रकृति ने उसे एक नई ज़िन्दगी के सृजन की क्षमता प्रदान की है. एक स्त्री में व्यापक शक्ति निहित है. वह प्रेम, समर्पण, साहस और विश्वास - जैसे गुणों से मानव मात्र का प्रतिनिधित्व करती है.

## शक्ति देती सीख

शक्ति का अभिप्राय सिर्फ संहार नहीं है. वह चंडी का रूप तभी धारण करती है, जब हम मर्यादा का अतिक्रमण करते हैं. तमाम प्राकृतिक आपदाएं इसका उदाहरण हैं. शक्ति हमें मर्यादा में रहने की सीख देती है, क्योंकि यह शक्ति जब मर्यादा के बंधन में बंधी होती है, तो बड़े - बड़े निर्माण का गौरव देती है और जब यही शक्ति मर्यादा से मुक्त होकर निरंकुश हो जाती है तो विनाश की पृष्ठ भूमि भी तय हो जाती है. हमें यह समझना होगा की मर्यादा का विस्तार व्यक्ति चरित्र से लेकर सामाजिक चरित्र तक के बड़े दायरे में होता है.

## खुशियां बांटने के ये दिन

मां के कर्णप्रिय भजन, आरती के बड़े - बड़े थाल , टिमटिमाती बत्तियों से सजे रास्ते, भव्य पंडाल, मेले में लगे झूले, पकवानों की खुशबू, रंगीन गुब्बारों में भरी आशाएं, मन्नतों के मंत्र, आस्थाओं के दीपक... यही तो है दुर्गा पूजा! हम चाहे किसी भी मज़हब के हो त्योहारों का आकर्षण सभी के लिए होता है. हम किसी भी उम्र में हों खुशियों के पर्व का इंतज़ार किसे नहीं होता. हम खुश होते हैं, खुशी अपनों के संग बांटते हैं और सारी थकान अपनों की ही मुस्कुराहट में भूल भी जाते हैं.

आइए , हम सब मिलकर उस शक्ति का आह्वान करें, जो ब्रह्मा में ज्ञान रूप में, विष्णु में आह्लाद रूप में और शिव में शिवत्व रूप में विराजती है और समस्त ब्रह्माण्ड को अपनी चेतना से प्राणवान तथा ऊर्जावान बनाए हुए है. मां हम पर कृपा करें कि हम अपनी ज्ञान शक्ति और विवेक शक्ति को जागृत कर एक समृद्ध तथा खुशाल जीवन का आधार रखें. मां का सच्चे हृदय से वंदन करें .

---

### मां बाघचंडी चंडी शक्तिपीठ

# इस द्वार से कोई नहीं लौटता खाली हाथ



रविकांत मिश्रा



**सिमडेगा के कोलेबिरा बानो मुख्य पथ पर मां बाघ चंडी देवी का मंदिर सदियों से आस्था का केंद्र है. यहां एक पत्थर पर मां की सवारी बाघ के पंजे का निशान है. इसीलिए इसे मां बाघचंडी के नाम से जाना जाता है. झारखंड ही नहीं, यहां बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल से भी भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं. मान्यता है कि मां के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता. सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं.**

## मंदिर का इतिहास



मां बाघचंडी मंदिर के मुख्य पुजारी पंचम सिंह और छत्रपति सिंह से पूछिए तो वे मंदिर का इतिहास विस्तार पूर्वक बताते हैं . कहते हैं सैकड़ों वर्ष पूर्व जब यहां घनघोर जंगल हुआ करता था, आवागमन का कोई साधन नहीं था . यहां छोटी सी पगडंडी हुआ करती थी . गोधूलि बेला में उस समय बाघ इस जगह पर आर-पार हुआ करता था . तब यहां मां जगदंबा रूपी चंडिका देवी का एक पत्थर दिखा जिस पर बाघ के पंजे का निशान था . ऐसी मान्यता थी कि जिस भक्त ने इस शिला का दर्शन कर लिया, उन्हें बाघ भी स्वयं प्रकट होकर उन्हें दर्शन देते थे . तब धीरे-धीरे लोगों में आस्था बढ़ने लगी और पूरे क्षेत्र में इसकी चर्चा होने लगी . इस तरह यह बिना मंदिर निर्माण के ही आस्था के केंद्र बनता गया .


## ऐसे हुआ मंदिर निर्माण

यहां के सर्वप्रथम पुजारी के रूप में स्वर्गीय बहुरन सिंह कल्हा टोली निवासी जो कुंभ वंश के थे, पूजा-पाठ करते थे . बहुरन सिंह के निधन के बाद उत्तराधिकारी के रूप में उनका बड़ा बेटा स्वर्गीय नादू सिंह इस देवी रुपी शीला ( मां-बाघ चंडी) की पूजा सेवा करने लगे . 80-90 साल तक सेवा पूजा के बाद जब नादू सिंह का निधन हुआ तो उनके बेटे स्वर्गीय लगन सिंह मां की पूजा सेवा करने लगे . इन्हीं के समय में मां बाघचंडी का नाम विख्यात होने लगा और धीरे-धीरे यहां पर परिवर्तन भी होने लगा . जब लोगों में इनकी आस्था बढ़ने लगी तो स्वर्गीय लगन सिंह के मन में विचार हुआ कि एक मंदिर बनाया जाए . सभी के सहयोग से मंदिर बनाकर 12 फरवरी 2012 ई . मां-बाघचंडी को स्थापित किया गया . तत्पश्चात प्रतिवर्ष मंदिर स्थापना वर्ष के रूप में प्रतिवर्ष 12,13 और 14 फरवरी को कलश यात्रा, अखंड हरिकीर्तन के रूप में मनाया जाता है . इस मौके पर भव्य मेला लगता है . लगन सिंह की मृत्यु के बाद उनके दोनों बेटे पंचम सिंह और छत्रपति सिंह पुजारी के रूप में मां की सेवा कर रहे हैं .

---

### नवरात्रि के दो दिन होते विशेष पूजा-अनुष्ठान

# दुर्गा पूजा के हैं सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक मूल्य



डॉ आशुतोष प्रसाद

*नवरात्रि में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा की आराधना की जाती है. विशेष रूप से अष्टमी और नवमी के दिन का महत्त्व अत्यधिक है. ये दोनों दिन मां दुर्गा के विशेष रूपों की पूजा और अनुष्ठान से जुड़े होते हैं. इनके धार्मिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक पहलुओं का प्रभाव भारतीय जीवन के हर क्षेत्र में परिलक्षित होता है.*

## 1. धार्मिक मूल्य : शक्ति और विजय की प्रतीक

अष्टमी और नवमी को क्रमशः महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा होती है. महागौरी को शक्ति, सौम्यता और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है. उनके इस रूप की आराधना करने से जीवन में पवित्रता, समृद्धि, और शांति आती है. महागौरी के रूप में देवी यह संदेश देती हैं कि शुद्ध आचरण और सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा विजयी होता है, चाहे कितनी ही कठिनाइयां क्यों न आएं. वहीं नवमी के दिन मां दुर्गा के सिद्धिदात्री रूप भक्त जीवन में सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त करने के लिए प्रार्थना करते हैं. यह दिन हर उस व्यक्ति के लिए विशेष है जो आध्यात्मिक उन्नति, आत्म-साक्षात्कार और सिद्धियों की प्राप्ति का आकांक्षी होता है. इस दिन की पूजा से भक्तों को यह अनुभूति होती है कि कठिन साधना और श्रद्धा से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. अष्टमी और नवमी के धार्मिक अनुष्ठानों का मुख्य उद्देश्य केवल देवी की पूजा करना नहीं होता, बल्कि यह भी है कि मनुष्य जीवन की समस्याओं और संकटों से मुक्त होकर एक समृद्ध, शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर हो सके.

## 2. सांस्कृतिक मूल्य : कला, परंपरा और विरासत का संरक्षण

नवरात्रि, विशेष रूप से अष्टमी और नवमी के दिनों में, भारतीय संस्कृति की रंग-बिरंगी छटा देखने को मिलती है. अष्टमी और नवमी के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दुर्गा पूजा और रामलीला जैसे प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं. बंगाल में दुर्गा पूजा के दौरान भव्य पंडाल सजाए जाते हैं. वहीं, गुजरात में गरबा और डांडिया जैसे नृत्य की परंपरा है. यह पर्व हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है और नई पीढ़ी को इन परंपराओं से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है. समाज के सभी वर्गों के लोग कला, संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान को प्रकट करते हैं.



## 3. सामाजिक मूल्य : नारी सशक्तिकरण और समर्पण का संदेश

अष्टमी और नवमी के अनुष्ठान में नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है. कन्या पूजन के माध्यम से समाज में नारी के प्रति सम्मान और उसकी शक्ति की मान्यता प्रकट की जाती है. यह पर्व हमें यह सिखाता है कि महिलाओं के बिना समाज का निर्माण और विकास अधूरा है. समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देता है. नवरात्रि के दौरान समाज में सामूहिकता, भाईचारे और सौहार्द का विकास होता है. इन दिनों समाज की विभाजनकारी रेखाएं मिट जाती हैं और सभी लोग एक साथ एक ही मंच पर देवी की आराधना करते हैं. यह समाज में समानता और एकता का संदेश प्रसारित करता है. सामूहिक अनुष्ठान, भंडारा, और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में परस्पर सहयोग और सामंजस्य की भावना प्रबल होती है.

## 4. मानवता और नैतिकता : आध्यात्मिक जागृति का संदेश

देवी दुर्गा का महिषासुर पर विजय का प्रसंग यह सिखाता है कि सत्य और न्याय की हमेशा विजय होती है. यह पर्व यह संदेश देता है कि हमें जीवन में अन्याय और अधर्म के खिलाफ खड़े होना चाहिए और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए. अष्टमी और नवमी के अवसर पर विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और अन्य आवश्यक वस्तुएं दान की जाती हैं. इससे यह संदेश मिलता है कि समाज में जो लोग समर्थ हैं, उन्हें दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए.

---

# जिंदगी बदल देंगे ये टोटके



आचार्य अजय मिश्रा

**शारदीय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है. इसका समापन 12 अक्टूबर को होगा. इन दिनों पूजा पाठ के साथ टोटके भी बेहद कारगर होते हैं. आइए जानें ज्योतिष शास्त्र और लाल किताब में बताए गए नवरात्र के दौरान किए जाने वाले उपाय और टोटके...**

- इस नवरात्र में शनिवार ( पांच अक्टूबर ) और सोमवार ( सात अक्टूबर ) को एक छोटे से पात्र में जल लेकर उसमें चुटकी भर काला तिल डालें . अब इस जल को शिवलिंग पर अर्पित करें . ऐसा करने से कुंडली के कालसर्प दोष, राहु, केतु और शनि दोष का प्रभाव कम होता है . बाधाएं दूर होती हैं . काम बनने लगते हैं . घर में खुशहाली आती है .
- शनिवार यानी पांच अक्टूबर को एक दीप में सरसो तेल के साथ चुटकी भर काला तिल डालें . पीपल पेड़ के नीचे इस दीप को रखें . शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या से परेशान हैं तो इससे राहत मिलेगी .
- शनिवार यानी पांच अक्टूबर को काले कपड़े में काले तिल और काली उड़द बांध लें . फिर इस पोटली को किसी गरीब व्यक्ति को दान कर दें . नवरात्रि से शुरू करके ऐसा 11 शनिवार तक लगातार करें . नौकरी के लिए परेशान हैं या धन संबंधी कोई समस्या है, इस उपाय से चमत्कार दिखेगा .
- कोई मनोकामना है तो नवरात्रि के दिनों में हनुमान जी के मंदिर में जाकर उन्हें पान का बीड़ा चढ़ाएं . यह बीड़ा आप खुद बनाएं . मनोकामना पूरी होगी .



- अगर ऐसा लग रहा है कि किसी और ने आपके ऊपर कोई टोटका कर दिया है तो देवी मां के सामने नवरात्रि में अखंड ज्योत जरूर जलाएं . अगर ऐसा न कर सकें तो नौ दिन सुबह-शाम देवी के समक्ष घी का दीया जलाएं और उस दीपक में 4 लौंग डाल दें .
- मन्नत के पूरी होने की प्रार्थना कर रहे हैं, तो नवरात्रि के 9 दिनों में से कभी भी देवी के मंदिर में लाल पताका जरूर चढ़ाएं . पताका या तो घर के मंदिर में चढ़ाएं या फिर देवी मां के मंदिर में .
- देवी मां से सुख और ऐश्वर्य का आशीर्वाद चाहिए तो देवी को नौ दिन लगातार 7 इलायची और मिश्री का भोग लगाएं . इस भोग का सेवन दंपति को ही करना चाहिए .
- धन संबंधी समस्याएं बार-बार आती हैं तो नारात्रि में सोने या चांदी की कोई भी शुभ सामग्री जैसे, स्वास्तिक, ऊं, श्री, हाथी, कलश, दीपक, गरुड़ घंटी, पूजा के बर्तन, कमल, श्रीयंत्र, आचमनी, मुकुट, त्रिशूल आदि खरीद लें और इसे देवी के चरणों मे समर्पित कर दें . और नवरात्रि के अंतिम दिन उस सामग्री को गुलाबी कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें . यह उपाय जीवन में कभी भी धन संबंधी समस्याएं नहीं आने देता .

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## बांग्लादेश के साथ ग्वालियर में छह अक्टूबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज शुरू होगी

# भारत के साथ 14 टी20 में सिर्फ एक मैच जीता है बांग्लादेश ने

एजेंसी। नयी दिल्ली




भारत और बांग्लादेश क्रिकेट टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के समापन के बाद छह अक्टूबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज शुरू होने जा रही है. इस सीरीज में तीन मैच होंगे, जिसकी शुरुआत ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में होने जा रही है. इससे पहले भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया था. भारत और बांग्लादेश के बीच अभी तक 14 टी20 मैच हुए हैं जिसमें बांग्लादेश ने केवल एक ही मैच जीतने में कामयाबी हासिल की है. भारत ने 13 मैचों में जीत हासिल की है. दोनों टीमों के बीच अंतिम टी20 मैच 22 जून, 2024 में हुआ था. इस मैच में भारत ने 50 रन से जीत हासिल की थी. साल 2019 में भारत को बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टी20 मैच में हार का सामना करना पड़ा था. तब रोहित शर्मा भारत के कप्तान थे. यह मैच दिल्ली में हुआ था और भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए थे. बांग्लादेश ने केवल तीन विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल कर लिया था. भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज में युजवेंद्र चहल ने सर्वाधिक विकेट (9) चटकाए हैं. चहल ने 6 मैचों में यह विकेट लिए हैं. वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ एक टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड दीपक चाहर के नाम है, जिन्होंने 3 मैचों में 8 विकेट लिए हैं.

बांग्लादेश की ओर से पेसर अल-अलीम-हुसैन ने भारत के खिलाफ टी20 मैचों में सर्वाधिक 8 विकेट लिए हैं. यह विकेट उन्होंने 7 मैचों में हासिल किए थे. भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 36.69 की औसत के साथ 477 रन बनाए हैं. रोहित अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. वहीं, बांग्लादेश की ओर से सब्बीर रहमान ने भारत के खिलाफ 6 टी20 मैचों में सर्वाधिक 236 रन बनाए हैं, जिसमें उनकी औसत 47.20 की रही है.

## कड़ी सुरक्षा : ग्वालियर में भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर बैन

**ग्वालियर।** भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 मैच से पहले ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में तगड़ा एक्शन देखने को मिला है. अधिकारियों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में विरोध प्रदर्शन और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर बैन लगा दिया है. यह आदेश 7 अक्टूबर तक लागू रहेंगे. हिंदू महासभा ने मैच के दिन (6 अक्टूबर) ग्वालियर बंद का आह्वान किया है. इसके अलावा अन्य संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन की धमकी दी है जिसके मद्देनजर यह फैसला किया गया. हिंदू महासभा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए 'अत्याचारों' को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया था. अधिकारियों ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुलिस अधीक्षक की सिफारिश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए.आदेश के अनुसार जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति यदि सोशल मीडिया मंच के जरिए मैच में बाधा डालता है या धार्मिक भावनाओं को भड़काता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.



### हमें थोड़ा जोखिम लेना होगा : रोहित

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ़ कानपुर में मिली जीत का श्रेय दिया, जिन्होंने जोख़िम लेकर बारिश की वजह से दो दिन का खेल धुलने के बावजूद जीत दिलाई. रोहित ने बीसीसीआई डॉट टीवी पर कहा, गेंदबाज़ों ने पहले अच्छा काम किया. उन्होंने वे विकेट लिए जिसकी हमें ज़रूरत थी और जब हम अंदर गए तो हमें परिणाम पाने के लिए थोड़ा जोख़िम तो लेना था. मैं जानता हूं कि परिणाम किसी भी ओर जा सकता था,

## सलिल अंकोला की मां का शव फ्लैट में मिला





**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर और एक्टर सलिल अंकोला की मां की मौत हो गयी है. उनका शव पुणे स्थित उनके फ्लैट में मिला. उनकी मां 77 साल की थीं. मामले की जांच शुरू हो गई है. हालांकि, मौत की वजह सामने नहीं आई है. पुलिस के मुताबिक पीड़ित के गले पर वार हुआ है, लेकिन घर में कोई फोर्स एंट्री नही है.

- गले पर गहरी चोट के निशान

सलिल अंकोला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया है. उन्होंने अपनी मां की एक तस्वीर शेयर करते हुए उनके निधन की पुष्टि की. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'अलविदा मां.' सलिल अंकोला का इंटरनेशनल करियर 21 मैचों का ही रहा. उन्होंने 15 नवंबर 1989 को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच से डेब्यू किया. इस मैच में महान सचिन तेंदुलकर ने भी पहली बार हिस्सा लिया था. सलिल ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट झटका था. हालांकि, उनका पहला ही टेस्ट मैच आखिरी भी साबित हुआ. वनडे में इस पूर्व क्रिकेटर ने 20 मैच भारत के लिए खेले. उन्होंने 1996 के वर्ल्ड कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया. दुर्भाग्य से ट्यूमर के कारण उन्हें 1997 में 29 साल की कम उम्र में क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ा. 20 वनडे मैचों में उन्होंने 13 विकेट चटकाए. सलिल अंकोला का करियर सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं रहा. उन्हें हमेशा से ही एक्टिंग का शौक रहा और क्रिकेट छोड़ने के बाद उन्होंने बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा. उन्होंने 2000 में संजय दत्त के साथ कुरुक्षेत्र मूवी में सब इंस्पेक्टर अविनाश की भूमिका निभाते हुए एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी.

## विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 : वेस्टइंडीज को मिली करारी शिकस्त

# 10 विकेट से जीता अफ्रीका

एजेंसी। शारजाह




**स्कोर कार्ड**

**वेस्टइंडीज स्कोर** - 20.0 ओवर में 118/6 स्टेफनी टेलर 44(41) शेमाइन अल्टेया कैंपबेल 17(21) नोनकुलुलेको म्लाबा 4-29-4 मरियेन कैप 4-14-2

**दक्षिण अफ्रीका स्कोर :** 17.5 ओवर में 119/0 लौरा वोल्वार्ट 59(55) तज़मीन ब्रिट्स 57(52) कियाना जोसेफ 1.5-9-0, हेली मैथ्यूज़ 4-22-0

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के तीसरे लीग मैच में साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हरा दिया और इस टूर्नामेंट में अपनी शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की. इस मैच में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट और तजमीन ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलते हुए अपनी टीम को बड़ी जीत दिला दी. इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता था और फिर गेंदबाजी करने का फैसला किया था. इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी की, लेकिन साउथ अफ्रीका की सधी गेंदबाजी के सामने ये टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 118 रन ही बना पाई. साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 119 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 17.5 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 119 रन बना लिए और मैच में जीत दर्ज की. इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने 2 अंक भी हासिल किए.

**लॉरा और तजमीन ने खेली अर्धशतकीय पारी :** साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 118 रन का टारगेट मिला था और प्रोटियाज ने इस टारगेट को आसानी से हासिल कर लिया. कप्तान लॉरा के साथ तजमीन ओपनिंग करने आई थीं और दोनों नाबाद पवेलियन लौटीं. लॉरा ने इस मैच में 55 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से नाबाद 59 रन की पारी खेली जबकि तजमीन ने 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए. दोनों ने पहले विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी करते हुए पहले मैच में जीत दर्ज की. पहली पारी में वेस्टइंडीज की टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा नहीं रहा था। इस टीम की तरफ से बेस्ट स्कोरर स्टैफनी टेलर रहीं, जिन्होंने 41 गेंदों पर एक छक्का और 2 चौकों की मदद से नाबाद 42 रन की पारी खेली, कप्तान हेली मैथ्यूज ने 10 रन की पारी खेली जबकि डेंड्रा डाटिन ने 13 रन जबकि शमीन कैम्पबेले ने टीम के लिए 17 रन का योगदान दिया। पहली पारी में साउथ अफ्रीका की तरफ से नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 4 ओवर में 29 रन देते हुए सर्वाधिक 4 विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच भी बनीं.

## यूएई में 10 टीमों के बीच हो रही खिताबी जंग

# कौन खत्म करेगा महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का वर्चस्व?

एजेंसी। नयी दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2024 यूएई में खेला जा रहा है. 10 टीमों के बीच हो रही इस खिताबी जंग में एक टीम ऐसी है, जिसका सामना करना बाकी अन्य 9 टीमों के लिए आसान नहीं होता. वो टीम कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया है, जिसने पिछले लंबे समय से इस मेगा इवेंट में अपनी बादशाहत कायम रखी है. हालांकि अब समय आ गया है बदलाव का क्योंकि वैश्विक मंच पर कई टीमें इस दौर का अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है, खास तौर पर भारतीय महिला टीम से दुनिया को बहुत उम्मीदें हैं. महिला टी20 विश्व कप का अब तक 9 बार आयोजन किया जा चुका है जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने छह बार खिताब जीता है जबकि, पिछली तीन बार उसने लगातार खिताब जीता.

मौजूदा दौर में भारत, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड ऐसी टीमें है जो ऑस्ट्रेलिया को पराजित करने का माद्दा रखती है, लेकिन यह इतना आसान नहीं होने वाला. भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया को हराने के संकेत दिए हैं. पिछले साल मुंबई में एकमात्र टेस्ट जीतना या इस साल की शुरुआत में नवी मुंबई में पहले टी20 मैच में नौ विकेट से जीत हासिल करना. जब दोनों टीमें 13 अक्टूबर को शारजाह में अपने ग्रुप ए मैच में भिड़ेंगी, तो यह दोनों दिग्गज टीमों के बीच एक बड़ी जंग होगी. लेकिन अगर भारत अंत तक जाने की योजना बनाता है, तो उसे ऑस्ट्रेलिया की बाधा को पार करना होगा. मेग लैनिंग के संन्यास के बाद अब एलिसा हीली की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलिया हमेशा से ही बड़े मुकाबलों में भारत की दुश्मन रही है. इस बार, भारत और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में हैं - जिसमें केवल दो टीमें सेमीफाइनल में आगे बढ़ने वाली हैं. इस टूर्नामेंट के महिला टी20 विश्व कप का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने का एक और कारण यह है कि इसमें खेल के लिए समान परिस्थितियां हैं. यूएई एक न्यूट्रल वेन्यू है और चुनौतियां सभी टीमों के लिए समान है.



### पाक महिला खिलाड़ियों को चार महीने से सैलरी नहीं

**कराची।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है. उसने अपने पहले मैच में श्रीलंका को आसानी से हरा दिया. लेकिन क्या आप जानते हैं कि पाकिस्तान की इन क्रिकेटरों को चार महीने से सैलरी नहीं मिली है. पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों का बोर्ड के साथ 23 महीने का कॉन्ट्रैक्ट है. यह कॉन्ट्रैक्ट एक अगस्त 2023 से लागू है. इसके बावजूद पाक महिला क्रिकेटरों को जून से कोई सैलरी नहीं मिली है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पॉलिसी के मुताबिक अगर महिला या पुरुष क्रिकेटरों के खाने-रहने का इंतजाम किया जाता है तो उन्हें डेली अलाउंस भी नहीं दिया जाता है. इसी कारण सितंबर में हुए ट्रेनिंग सेशन का डेली अलाउंस भी इन महिला क्रिकेटरों को नहीं मिला है. क्रिकबज के मुताबिक पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटरों का कॉन्ट्रैक्ट 30 जून 2025 तक का है. लेकिन इसे एक साल के बाद यानी जून 2024 के बाद रीव्यू किया जाना था. इस प्रक्रिया में देरी हो रही है. इसीलिए कॉन्ट्रैक्ट में कोई बदलाव भी नहीं हुआ है. जैसे ही रीव्यू हो जाएगा इसके बाद चीजें पटरी पर आ जाएंगीं. वेबसाइट के मुताबिक पाकिस्तान के पुरुष क्रिकेटरों को भी 4 महीने से सैलरी नहीं मिली है. लेकिन महिला और पुरुष क्रिकेटरों की सैलरी रोके जाने की वजह अलग-अलग हैं.

# बेन शेल्टन ने शापोवालोव को हराया

**शंघाई मास्टर्स**

एजेंसी। शंघाई



बेन शेल्टन ने प्रमुख टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कनाडाई क्वालीफायर डेनिस शापोवालोव को 6-3, 7-5 से हराकर शंघाई मास्टर्स, एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट, के तीसरे दौर में प्रवेश किया. इस सीजन में तीसरी बार एक परिचित प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, शेल्टन को एक घंटे, 17 मिनट के मैच में कभी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और शापोवालोव ने अपनी सामान्य रणनीति में बदलाव करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी को परेशान करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण समायोजन किए. शेल्टन ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि कुछ प्रवृत्तियां और चीजें जिनकी मुझे उम्मीद थी, उन्होंने आज उन्हें बदल दिया. कोर्ट पर उन्होंने जो कुछ किया, उससे मैं हैरान था. मैं कोर्ट पर थोड़ा और शांत और केंद्रित होने की कोशिश कर रहा हूं. यह मेरे विकास के लिए महत्वपूर्ण है, और मुझे लगता है कि मैंने आज अपनी खेल शैली के प्रति प्रतिबद्ध रहने का शानदार काम किया.

शेल्टन के शांत दृष्टिकोण ने दूसरे सेट में लाभ दिया, जहां 4-4 पर दो ब्रेक के मौके गंवाने के बाद, उन्होंने 5-5 पर निर्णायक रूप से ब्रेक लिया, जब शापोवालोव ने सर्व-और-वॉली प्रयास में चूक की, तो मैच को सील कर दिया. एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी के 21 विनर्स और शानदार नेट प्ले ने उनके प्रभुत्व को रेखांकित किया.

### इगा स्वीयाटेक ने कोच टॉमस से नाता तोड़ा

**नयी दिल्ली।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से नाता तोड़ लिया है. इस तरह से तीन साल का उनका शानदार सहयोग खत्म हो गया है, जिसमें 23 वर्षीय पोल ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और महिला टेनिस के शिखर पर पहुंची. स्वीयाटेक ने 2021 सीजन के अंत में विक्टोरोव्स्की को काम पर रखा था, जब स्वीयाटेक के नाम पर सिर्फ एक बड़ा खिताब था. उनके मार्गदर्शन में, उन्होंने अपने पांच ग्रैंड स्लैम में से चार जीते और 2000 के दशक की सबसे लंबी जीत की लकीर खींची, 2022 में लगातार 37 जीत दर्ज कीं. पिछले साल, विक्टोरोव्स्की को उनके साथियों ने डब्ल्यूटीए का कोच ऑफ द ईयर चुना था. स्वीयाटेक ने अपनी सफलता में उनके अमूल्य योगदान के लिए विक्टोरोव्स्की का आभार जताया.

## 16 पदक के साथ भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

# जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत ने जीता 11वां गोल्ड

एजेंसी। लीमा



भारतीय जूनियर शूटिंग टीम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रखते हुए चल रही अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अपना 11वां स्वर्ण पदक जीता. इसमें मुकेश नेलावल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की तिकड़ी ने जूनियर पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) में टीम स्पर्धा जीती. यह प्रतियोगिता में मुकेश का चौथा स्वर्ण भी था, जिसमें एक व्यक्तिगत स्वर्ण भी शामिल है.

भारत एक रजत और चार कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जिससे उसके अब तक कुल 16 पदक हो गए हैं. चीन तीन स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर है. मुकेश और राजवर्धन ने भी आरएफपी में व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई, हालांकि, राजवर्धन शॉट्स की पहली छह सीरीज में 17 हिट के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि मुकेश पहले ही पांचवें स्थान पर बाहर हो गए, तब तक उपलब्ध 25 लक्ष्यों में से 10 हिट प्राप्त किए. जूनियर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन में, परीक्षित सिंह बरार 60 शॉट्स में 623.0 के स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिनिशर रहे। शिवेंद्र बहादुर सिंह (618.4) 14वें स्थान पर रहे जबकि वेदांत नितिन वाघमारे (613.2) 24वें स्थान पर रहे.

**आईएसएल** कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग के मुकाबले

# ओडिशा एफसी ने केरला ब्लास्टर्स एफसी को ड्रॉ पर रोका

एजेंसी। भुवनेश्वर



ओडिशा एफसी ने गुरुवार को अपने घरेलू मैदान कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोककर एक-एक अंक बांट लिया. रोमांचक मैच में केरला ब्लास्टर्स की ओर से मोरोक्कन विंगर नौहा सदौई ने 18वें और स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने 21वें मिनट में गोल दागे जबकि ओडिशा एफसी की तरफ से केरला ब्लास्टर्स के फ्रेंच डिफेंसिव मिडफील्डर एलेक्जेंडर कोएफ़ ने 29वें मिनट में आत्मघाती गोल और ब्राजीली स्ट्राइकर डिएगो मौरिसियो ने 36वें मिनट में गोल किए. नौहा सदौई को पहला गोल करने और दूसरे में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. आज जगरनॉट्स द्वारा वापसी करके ड्रा खेलने स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा निश्चित रूप से प्रसन्न होंगे. ओडिशा एफसी चार मैचों में एक जीत, एक ड्रा और दो हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से नौवें स्थान पर पहुंच गई है. वहीं, ब्लास्टर्स द्वारा दो गोल की बढ़त गंवाकर ड्रा खेलने से स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टेहरे जरूर निराश होंगे. केरला ब्लास्टर्स एफसी चार मैचों में एक जीत, दो ड्रा और एक हार से पांच अंक लेकर तालिका में पांचवें से चौथे स्थान पर आ गए हैं. मैच का पहला गोल 18वें मिनट में आया, जब मोरोक्कन लेफ्ट विंगर नौहा सदौई ने केरला ब्लास्टर्स को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया. स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने सेंट्रल चैनल से बॉक्स के अंदर घुसने के बाद अपने बायीं तरफ छोटा सा थ्रू-पास दिया, जिस पर पीछे से दौड़कर पहुंचे नौहा ने पहले ही टच पर करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि ओडिशा एफसी के गोलकीपर अमरिंदर सिंह अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव करने में नाकाम रहे. 21वें मिनट में स्पेनिश स्ट्राइकर हेसुस जिमेनेज ने गोल करके केरला ब्लास्टर्स की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया.

### ब्रायडन कार्स के सपोर्ट में आए नासिर हुसैन

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड सोमवार से मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है. वहीं, इस मुकाबले से पहले पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को शामिल करने की सिफारिश की है. पिछले वर्ष पाकिस्तान में इंग्लैंड की 3-0 की श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मार्क वुड चोटिल होने के कारण लंबे ब्रेक पर हैं. नासिर हुसैन का मानना है कि ब्रायडन कार्स की गति पाकिस्तान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए बेहतरीन हो सकती है. हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि ब्रायडन कार्स जैसा कोई गेंदबाज मार्क वुड की भूमिका निभा सकता है.



मुंबई में म्यूज़ियम ऑफ सॉल्यूशंस में पहुंचे स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा .

## ब्रीफ खबरें

### युवती ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली

**बेतिया ।** बेतिया में एक युवती ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी. कारण बस इतना था कि युवती ने ऑनलाइन शॉपिंग की थी. इससे उसका मंगेतर नाराज हो गया. और उसने शादी से इनकार कर दिया. इस युवती ने फंदे से लटककर जान दे दी. उसकी शादी सात मार्च 2025 को होनी थी. घटना जिले के नवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दूधियावा गांव की है. मृतका की पहचान विद्याया प्रसाद के 21 वर्षीय बेटी अमीषा कुमारी के रूप में हुई है. पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया.

### पुलिस ने दो हथियार तस्करों को पकड़ा

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के मलाही थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. जिसकी निशानदेही पर एक और अपराधी को कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया . इसकी जानकारी देते शुक्रवार को अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर मलाही थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान मठिया गिरी टोला मंदिर के समीप गश्ती गाड़ी देख भागते एक युवक को खदेड़कर पकड़ा.जिसकी पहचान अंकित कुमार उर्फ रितिक के रूप में हुई वही उसका तलाशी लेने पर उसके पास से 9 एमएम का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

### पटना समेत 20 जिलों में बारिश की संभावना

**पटना ।** पटना समेत राज्य के 20 जिलों में बारिश, वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है. अगले 48 घंटों के बाद अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट के आसार हैं. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक बिहार की राजधानी पटना, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, कटिहार, गया, किशनगंज, पूर्णिया, समस्तीपुर, मधुबनी, खगड़िया, भागलपुर, अररिया, समस्तीपुर समेत 20 जिलों में जमकर बारिश होने के आसार हैं. बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सुपौल, अररिया, सहरसा, मधुबनी, बक्सर, बेगूसराय, भागलपुर व भोजपुर में वर्षा दर्ज की गई.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा के प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, की घोषणा

# 50 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों को मिलेंगे सात हजार रुपये

- बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाए गए राहत कैंपों का किया निरीक्षण

**संवाददाता । पटना/दरभंगा**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दरभंगा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों के लिए बड़ी घोषणा की. उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले 50 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 7000 रुपये की सहायता राशि डीबीटी के जरिए भेजी जाएगी. मुख्यमंत्री ने लहेरियासराय पोलो मैदान स्थित बाढ़ राहत फूड पैकेजिंग सेंटर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत सामग्री जल्द से जल्द पीड़ितों तक पहुंचनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हायाघाट और हनुमाननगर प्रखंड को भी एसओपी में शामिल करने का निर्देश दिया. नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाए गए राहत कैंपों का निरीक्षण और एयरफोर्स के माध्यम से फूड पैकेजिंग वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया.

नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए लगाए जा रहे चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्थाएं देखीं. चिकित्सकों से बात की और निर्देश दिए हर पीड़ित के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए. इस दौरान सीएम ने अधिकारियों और व्यवस्था में लगे लोगों से बात की. उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर लोगों की वास्तविक स्थिति पर निगाह बनाए रखें. उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए उन्हें सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करें. राहत शिविरों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें. इससे पहले मुख्यमंत्री के दरभंगा दौरे को लेकर तैयारियां की गई थी. बिरौल में खोरागाछी मैदान में हेलीपैड बनाया गया था. माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री कोसी नदी के टूटे तटबंध का भी निरीक्षण कर सकते हैं. मुख्यमंत्री का विशेष जोर टूटे तटबंध के मरम्मत कार्य पर रहेगा ताकि विस्थापित लोग जल्द से जल्द अपने घरों को लौट सकें. मुख्यमंत्री के साथ बहादुरपुर से जदयू विधायक तथा सरकार में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी सहित कई विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे.

# आंगनबाड़ी सहायिका की गोली मार हत्या कर दी

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**

जिले में संग्रामपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने आंगनबाड़ी सहायिका की सोए अवस्था में गोली मारकर हत्या कर दी है. महिला की पहचान संग्रामपुर प्रखंड के भटवलिया गांव स्थित बाल विकास परियोजना केंद्र संख्या 62 की सहायिका सीमा देवी के रूप में हुई है.

स्थानीय लोगों ने बताया कि मृत सहायिका अपने नव निर्मित घर मे अकेली रहती थी. शुक्रवार की सुबह वह अपने आगनबाड़ी केंद्र पर नहीं पहुंची, तो सेविका द्वारा फोन किया गया. लेकिन जब उसने फोन नहीं उठाया तो आसपास लोगों द्वारा उसके घर के खिड़की से देखा गया तो उसका शव पड़ा हुआ था. घर में बाहर से ताला लगा था. जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पर मौके पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर व संग्रामपुर थाना पुलिस जांच में जुटी है. लोगों ने बताया कि मृतक की शादी छपरा के मढ़ौरा में हुई थी. शादी के बाद पति पत्नी के विवाद के कारण वह ससुराल छोड़कर मायके में ही अकेली रहती थी. जहां उसने अपना नया घर भी बनाया था. साथ ही ब्याज पर पैसे का लेनदेन भी करती थी. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि घटना की सूचना पर अरेराज डीएसपी के नेतृत्व में सर्किल इंस्पेक्टर,थानाध्यक्ष व आसूचना इकाई को शामिल कर एसआईटी का गठन किया गया है.टीम वैज्ञानिक तरीके से घटना की जांच में जुटी है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया जा रहा है.पुलिस घटना स्थल से एक मिस किया हुआ गोली बरामद किया है.

## जदयू नेत्री के बेटे से मांगी थी रिश्वत, सीबीआई ने की कार्रवाई

# एनआईए के डीएसपी को 20 लाख रिश्वत मामले में किया गिरफ्तार

- पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह के अलावा दो मध्यस्थों को भी गिरफ्तार किया गया

**संवाददाता । पटना/गया**



फाइल फोटो

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पटना शाखा में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह एवं दो मध्यस्थ व्यक्तियों को 20 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने बताया है कि इस मामले में जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधान परिषद सदस्य के बेटे रॉकी से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई है. इस केस के आईओ अजय प्रताप सिंह थे. यह मामला तब प्रकाश में आया जब सीबीआई को इस संदर्भ में सूचना मिली और उन्होंने तुरंत जांच शुरू की. सीबीआई ने पटना में इस मामले की जांच करते हुए डीएसपी को रंगे हाथों पकड़ा. इसके साथ दो अन्य एजेंटों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो इस भ्रष्टाचार में शामिल थे. एनआईए और सीबीआई ने जाल बिछाया, जिसमें अजय प्रताप फंस गए और उन्हें रिश्वत लेते धर दबोचा गया.

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के बेटे रॉकी यादव की कंपनी और ठिकानों पर एनआईए ने छापेमारी की थी. इस दौरान डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद हुई थी. इस केस के आईओ डीएसपी अजय प्रताप सिंह थे. इसी मामले मे वे अपने एजेंटों के माध्यम से रिश्वत लेने की कोशिश कर रहे थे. उनके द्वारा लगातार रिश्वत का दबाव बनाए जाने के बाद रॉकी ने सीबीआइ से शिकायत की. इसके बाद सीबीआई ने कार्रवाई को अंजाम दिया.

सीबीआइ के अनुसार रॉकी यादव ने लिखित शिकायत में कहा था कि बीते 19 सितंबर को उसके ठिकानों पर एनआईए ने छापेमारी की थी. इस छापे के बाद एनआईए डीएसपी की एक नोटिस उन्हें मिली, जिसमें 26 सितंबर को एनआईए कार्यालय में मिलने के लिए बुलाया गया था. वह 26 सितंबर को आइओ के समक्ष उपस्थित हुआ. उसने आरोप लगाया कि यहां पूछताछ के दौरान उसे तथा उसके परिवार के लोगों को अलग-अलग तरह के झूठे मुकदमों में फंसा देने की धमकी दी गई और ढाई करोड़ की रिश्वत की मांग की गई. परिवार को बचाने के लिए वह रिश्वत देने को तैयार हो गया. इसके बाद उसे एक अक्टूबर को बुलाया गया और 70 लाख की मांग की गई, जिसे उसी दिन पटना में देने कहा गया. रॉकी ने शिकायत में कहा कि उसने इसके लिए समय की मांग की और तीन अक्टूबर को गया में रिश्वत देने की बात तय हुई. राकी की शिकायत की जानकारी एनआईए को भी दी गई. इसके बाद सीबीआई ने गया, पटना और वाराणसी में छापेमारी की. इस दौरान कई दस्तावेज, गैजेट्स तथा घूस की 20 लाख की रकम बरामद की गई.

# गर्भवती होने पर नाबालिग प्रेमिका को मार डाला

**संवाददाता । मोतिहारी**

मोतिहारी के चिरैया थाना क्षेत्र में शादीशुदा प्रेमी की नाबालिग प्रेमिका की हत्या मामले में गिरफ्तारी हुई है. परिजन हत्या का आरोप पड़ोस के शराब कारोबारी पर आवेदन देकर लगाया है. चिरैया थाना की पुलिस वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करते हुए प्रेमी को गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की सुबह आम के बगीचे में प्रेमिका का शव पेड़ पर लटकता हुआ मिला था. शव देख प्रेमिका के परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी. मामले में एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाई. प्रेमी से पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग प्रेमिका से करीब चार माह पूर्व से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था. नाबालिग प्रेमिका दो माह की गर्भवती थी जिसे लेकर प्रेमिका हमेशा प्रेमी पर शादी करने की दबाव बना रही थी. घटना के दिन प्रेमिका ने प्रेमी को फोन कर बुलाया था. प्रेमिका घर से शौच करने के बहाने बाहर निकली और प्रेमी के बाइक से चली गई. इसी बीच दोनों के बीच शादी की बात को लेकर विवाद हुआ. प्रेमी शादीशुदा की बात कहकर दूसरी शादी करने से इनकार कर दिया, लेकिन प्रेमिका के दबाब से तंग में आकर उसने प्रेमिका को रास्ते से हटाने का मन बना लिया.

प्रेमिका-प्रेमी मिलने आम के बगीचा में हमेशा जाते थे. घटना के दिन भी बगीचा में दोनों गए थे जहां आपस में कहासुनी के बाद विवाद हुआ और प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पेड़ से लटका दिया. इसके बाद घटनास्थल से प्रेमी फरार हो गया. घटना के बाद पुलिस प्रेमी की तालाश में जुट गई. पुलिस अधीक्षक ने प्रेमी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित करते हुए एसआईटी टीम का गठन किया था. वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार लड़की के साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है.

### बक्सर में पॉकेटमारों ने बीजेपी नेताओं की जेब से उड़ाए लाखों रुपये

**बक्सर ।** बक्सर में शुक्रवार को आयोजित बीजेपी के भीष्म पितामह स्व. कैलाशपति मिश्र के जयंती समारोह में पाकेटमारों ने लाखों रुपये नेताओं के पाकेट गायब कर दिए. इसके बाद लोगों ने पाकेटमारों को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी. इस घटना को लेकर सुशासन की सरकार में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री के समारोह में शामिल होने के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े होने लगे हैं.

# पटना में अज्ञात वाहन ने तीन लोगों को कुचला, मौत

**पटना ।** पटना के फतुहा स्थित मकसूदपुर गांव में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में अफरातफरी मच गई. सूचना पाकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फतुहा थाने को दी. सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों लोगों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक बाइक पर तीन व्यक्ति पूरब दिशा की तरफ से आ रहे थे. अचानक सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े. बताया जा रहा है कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को कुचल दिया. इस हादसे में तीनों लोगों की मौत मौके पर ही हो गए. घटना के बाद वाहन तेजी से मौके से फरार हो गया.

## कारोबार

### डिफ्यूजन इंजीनियर्स का शेयर 15.17% ऊपर

**मुंबई ।** डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड का शेयर एनएसई पर इश्यू प्राइस से 15.17% ऊपर 193 पर लिस्ट हुआ. बीएसई पर शेयर इश्यू प्राइस से 11.90% ऊपर 188 पर लिस्ट हुआ. इस इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का इश्यू प्राइस 168 था. यह आईपीओ 26 सितंबर से 30 सितंबर तक निवेशकों के लिए ओपन था. तीन कारोबारी दिनों में आईपीओ टोटल 114.5 गुना सब्सक्राइब हुआ था. रिटेल कैटेगरी में 85.61 गुना, क्यूआईबी में 95.74 गुना और एनआईआई कैटगरी में 207.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था. 158 करोड़ का था.

### गरुड़ का आईपीओ 8 अक्टूबर को खुलेगा

**मुंबई ।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 8 अक्टूबर को खुलेगा. निवेशक इस इश्यू के लिए 10 अक्टूबर तक बिडिंग कर सकेंगे. 15 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे. इस इश्यू के जरिए कंपनी 264.10 करोड़ जुटाना चाहती है. इसके लिए कंपनी 173.85 करोड़ के 18,300,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है. गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 92-95 तय किया है.

### सोने के दाम में और इजाफा होने के आसार

**मुंबई ।** ईरान-इजरायल युद्ध के चलते सोने के दाम में जबरदस्त इजाफा होने के पूरे आसार बन गए हैं. इसके अलावा भारत में त्योहारी सीजन चल रहा है जिसमें सोने की जमकर खरीदारी होती है. जाहिर तौर पर मांग बढ़ने का असर भी सर्राफा बाजार में रौनक के तौर पर देखा जाएगा. सोने के दाम इस समय कुलांचे भर रहे हैं और इस साल के अभी 3 महीने का वक्त बचे रहने के बावजूद सोना 19.80 फीसदी का रिटर्न अभी तक दे चुका है. गोल्ड के दाम को लेकर सिटीग्रुप, गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट है और इसके साथ बीएमआई की रिपोर्ट भी है और इसमें तीनों ने इस बात को माना है कि सोने के दामों में इसी दिसंबर तक 3000 डॉलर प्रति औंस के रेट देखे जा सकते हैं.



अभिनेत्री मौनी रॉय शुक्रवार को मुंबई में हवाई अड्डे पर पहुंचते ही तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.

## सुस्ती से जूझ रहे ऑटो सेक्टर को अक्टूबर से उम्मीद

# फेस्टिव सीजन में डिमांड बढ़ने का अनुमान

**संवाददाता । नयी दिल्ली**



लंबे समय से सुस्ती का सामना कर रहा देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अक्टूबर के महीने में एक बार फिर रौनक लौटने की उम्मीद कर रहा है. तीन अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत होने के साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर को ओवरऑल बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है. उत्तर भारत में नवरात्रि के दौरान नई गाड़ी खरीदना शुभ माना जाता है. यही कारण है कि इस अवधि में आमतौर पर टू और फोर व्हीलर्स की बिक्री में तेजी आती है. पेसेंजर व्हीकल्स के लिहाज से पिछले कुछ महीने काफी सुस्ती वाले रहे हैं. मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी ऑटोमोबाइल कंपनियों को डिमांड में आई सुस्ती की मार झेलनी पड़ी. हालांकि पहली तिमाही के दौरान पैसेंजर और कमर्शियल व्हीकल्स तथा टू व्हीलर्स की डिमांड में आई कमी के लिए लोकसभा चुनाव की व्यस्तता और गर्मी के मौसम को जिम्मेदार माना गया लेकिन पहली तिमाही खत्म होने के बाद जुलाई और अगस्त में भी ऑटोमोबाइल सेक्टर की डिमांड में तेजी नहीं आ सकी.

ऑटोमोबाइल सेक्टर को उम्मीद थी कि सितंबर के महीने में गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्योहारों के दौरान मार्केट में डिमांड बढ़ेगी, लेकिन सितंबर के महीने में भी पैसेंजर व्हीकल्स, टू व्हीलर्स या कमर्शियल व्हीकल्स की मांग में सुस्ती बनी रही. सितंबर के दूसरे पखवाड़े में पितृपक्ष शुरू हो जाने के कारण भी ऑटोमोबाइल सेक्टर की बिक्री लगभग ठप पड़ी रही. हिंदू परिवारों में आमतौर पर पितृपक्ष के दौरान नई गाड़ी, घर या गहने की खरीदारी करना अच्छा नहीं माना जाता है. हालांकि पितृपक्ष के तुरंत बाद नवरात्रि का समय गाड़ियों की खरीद के लिए सबसे अच्छे समय में से एक माना जाता है. यही कारण है कि ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनियों ने अक्टूबर के महीने से काफी उम्मीद लगा रखी है. ऑटोमोबाइल मार्केट के जानकारों का कहना है की 3 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत होने के कारण गाड़ी के खरीदारी में तो तेजी आएगी ही, अक्टूबर के अंत में दीपोत्सव की शुरुआत हो जाने की वजह से भी मार्केट में नई गाड़ियों की मांग बढ़ेगी. इस महीने 29 या 30 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जा सकता है. इसी तरह दीपावली 31 अक्टूबर या 1 नवंबर को मनाई जा सकती है. धनतेरस और दीपावली के दिन भी गाड़ियों की खरीदारी में आमतौर पर तेजी आती है. इससे साफ है कि इस साल फेस्टिव सीजन के लिए होने वाली अधिकांश खरीदारी अक्टूबर के महीने में ही की जाएगी.

हालांकि कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि अक्टूबर में भी ऑटोमोबाइल सेक्टर को निराश होना पड़ सकता है. ऑटोमोबाइल मार्केट के एक्सपर्ट धीरेंद्र कुमार दुग्गल का कहना है कि अगर कंजम्प्शन के आंकड़ों को देखा जाए तो पिछले 2 साल के दौरान कंज्यूमर गुड्स और व्हीकल जैसे प्रीमियम कैटेगरी के प्रति लोगों की रुचि में कमी आई है. इसलिए शहरी क्षेत्र में पैसेंजर व्हीकल या टू व्हीलर की डिमांड में बहुत अधिक तेजी आने की उम्मीद नहीं है.

## इजराइल-ईरान जंग का असर

### कच्चे तेल की कीमत में उछाल, ब्रेंट क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली ।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल है. पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब चार डॉलर प्रति बैरल उछलकर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 77.67 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड भी 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की उछाल के साथ 73.79 डॉलर प्रति बैरल रहा है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है.



मार्क जकरबर्ग और जेफ बेजोस

# जेफ बेजोस को पछाड़ कर दूसरे अमीर शख्स बने मार्क जकरबर्ग

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सोशल मीडिया कंपनी मेटा (फेसबुक) के को-फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बन गए हैं. उन्होंने यह उपलब्धि अमेजन के अध्यक्ष और पूर्व सीईओ जेफ बेजोस को पछाड़ कर हासिल की है. ऐसा मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुआ है.

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की ओर से शुक्रवार को जारी सूची के मुताबिक जुकरबर्ग की कुल संपत्ति 3 अक्टूबर को 206.2 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई. इस वृद्धि के कारण जुकरबर्ग संपत्ति के मामले में जेफ बेजोस से 1.1 अरब डॉलर आगे निकल गए, जिनकी कुल संपति 205.1 अरब डॉलर से ऊपर है. हालांकि, जुकरबर्ग दुनिया के सबसे अमीर शख्स टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क से करीब 50 अरब डॉलर पीछे हैं. इस सूची में पहले नंबर पर एलन मस्क, दूसरे नंबर पर मार्क जुकरबर्ग और तीसरे नंबर पर जेफ बेजोस का नाम है.

वहीं, टॉप 10 सबसे अमीर लोगों की सूची में बर्नार्ड अर्नाल्ट, लैरी इल्लीजन, बिल गेट्स, लैरी पेज, स्टीव बॉलमर, वॉरेन बफे और सर्गी ब्रिन शामिल हैं. भारत की बात करें तो मुकेश अंबानी 107 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 14वें नंबर पर हैं. गौतम अडानी उनसे कुछ पायदान नीचे 17वें स्थान पर इस सूची में अपनी जगह बनाए हुए हैं. मौजूदा समय में उनकी कुल संपत्ति 100 अरब डॉलर है.

## रिकॉर्ड बरकरार — साल 2024 की तीसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के दौरान बना बिक्री का कीर्तिमान

# रिकॉर्ड 87,108 घरों की बिक्री हुई, जो 5% ज्यादा है

**संवाददाता । मुंबई**

लग्जरी और महंगे घरों की सेल्स और डिमांड में तेजी के चलते साल 2024 की तीसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के दौरान रिकॉर्ड 87,108 घरों की बिक्री हुई है जो 5 फीसदी ज्यादा है. मौजूदा वर्ष के किसी भी तिमाही में सबसे ज्यादा ये सेल्स का आंकड़ा है. 2024 के पहले नौ महीनों में कुल 2,60,349 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स हो चुकी है जो कि 2023 के पहले नौ महीनों के मुकाबले 9 फीसदी ज्यादा है. जबकि सबसे ज्यादा घरों की कीमतें बेंगलुरु बढ़ी है. बेंगलुरू में घरों की कीमतों में 10 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. हैदराबाद और मुंबई में 6 फीसदी कीमतें बढ़ी है. नाइट फ्रैंक इंडिया जुलाई से सितंबर-तिमाही के लिए ऑफिस और रेसिडेंशियल मार्केट को लेकर रिपोर्ट जारी किया है. इस रिपोर्ट के मुताबिक 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की डिमांड सबसे ज्यादा देखी जा रही है. कुल रेसिडेंशियल यूनिट्स के सेल्स में 46 फीसदी हिस्सेदारी 1 करोड़ रुपये या उससे कीमत वाले घरों का है. तीसरी तिमाही में इस कैटेगरी के कुल 40,328 यूनिट्स बिके है जो कि साल दर साल 41 फीसदी ज्यादा है. 50 लाख से 1 करोड़ रुपये के बीच के कीमत वाले घरों की सेल्स की हिस्सेदारी कुल सेल्स में 30 फीसदी है और इस अवधि में 26,011 यूनिट्स बिकी है. जबकि 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले घरों की सेल्स की हिस्सेदारी 24 फीसदी है और 2024 की तीसरी तिमाही में 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले 20,769 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स रही है. नाइट फ्रैंक इंडिया ने बताया कि जुलाई से सितंबर तिमाही के दौरान 90,479 हाउसिंग यूनिट्स की लॉन्चिंग हुई है जो कि साल दर साल 6 फीसदी ज्यादा है.



**50 लाख रुपये वाले घरों की बिक्री में आयी गिरावट :** रिपोर्ट के मुताबिक 50 लाख रुपये या उससे कम कीमत वाले घरों की सेल्स 14 फीसदी की गिरावट के साथ 20,769 यूनिट्स रही है जो 2023 की तीसरी तिमाही में 23,026 यूनिट्स रही थी. इसकी मुख्य वजह घरों की कीमतों में उछाल, होम लोन की महंगी ब्याज दरें, डिमांड में कमी के अलावा कोरोना महामारी का विपरीत असर इस सेगमेंट पर बरकरार है जिसके चलते सेल्स में कमी आई है. मुंबई और कोलकाता का ही केवल रेसिडेंशियल मार्केट हैं जिसमें इस सेगमेंट में सेल्स में उछाल देखने को मिला है. नाईट फ्रैंक इंडिया के मुताबिक घरों की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते इस प्राइस सेगमेंट के होमबायर्स को बाजार से दूर रखे हुए है.

**बनी रहेगी महंगे घरों की डिमांड में तेजी :** नाईट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन शिशिर बैजल ने कहा, रेसिडेंशियल सेक्टर के शानदार प्रदर्शन के चलते रियल एस्टेट मार्केट के लिए ये अवधि शानदार रहा है. 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के सेगमेंट वाले घरों के चलते सेल्स में जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है. उन्होंने बताया, दिल्ली एनसीआर ही ऐसा मार्केट है जिसमें गिरावट रही है. लेकिन पिछली 13 तिमाही से 1 करोड़ से ज्यादा कीमत वाले घरों की सेल्स में लगातार तेजी देखने को मिली है. शिशिर बैजल के मुताबिक स्थिर इकोनॉमिक आउटलुक के मुताबिक तेजी बनी रहेगी.

## न्यूज अपडेट

### यूपी ट्रैक्टर-ट्रक की टक्कर, 10 की मौत

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में शुक्रवार को सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, थाना कछवा क्षेत्र में मिर्जामुराद कछवा बॉर्डर जीटी रोड पर एक ट्रैक्टर को पीछे से एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. ट्रैक्टर पर कुल 13 लोग सवार थे, जो भदोही से वाराणसी की ओर जा रहे थे. हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 13 लोगों में से 10 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर (बीएचयू) वाराणसी भेजा गया.

### द. कोरियाई राष्ट्रपति पर बरसे किम जोंग

**सोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल को 'असामान्य व्यक्ति' और 'कठपुतली' करार दिया. किम यूं के मंगलवार को सशस्त्र सेना दिवस समारोह में दिए बयान 'यदि प्योंगयांग परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करता है तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा' से बेहद खफा हैं. किम ने कहा कि कठपुतली यूं ने परमाणु हथियार संपन्न देश के सामने अपनी सैन्य ताकत का बखान किया. यह एक ऐसी बात है, जिसके कारण उनके असामान्य होने का शक पैदा हुआ.

### कांगो में नौका डूबने से 87 लोगों की मौत

**गोमा।** पूर्वी कांगो के किवू झील में एक नौका डूबने से कम से कम 87 लोगों की मौत हो गई है. यह नौका दक्षिण किवू प्रांत के मिनोवा शहर से आ रही थी और गुरुवार को उत्तरी किवू प्रांत की राजधानी गोमा के पास, किटुकु बंदरगाह के नजदीक पलट गई. किंशासा में केंद्रीय सरकार को भेजी गई एक रिपोर्ट में प्रांतीय सरकार ने बताया कि अभी भी 78 लोग लापता हैं. 87 शवों को गोमा के सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है.

### 50 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित

**राष्ट्र।** इस साल अब तक अफ्रीका के 16 देशों में 50 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका में बाढ़ भयावह स्तर पर पहुंच गई है. चाड, नाइजर और नाइजीरिया सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल हैं, जहां 80 प्रतिशत से ज्यादा लोग प्रभावित हैं. एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लगभग सात लाख 40 हजार लोग विस्थापित हुए हैं. सैकड़ों हजारों घर, 100 से ज्यादा स्कूल और बड़ी संख्यों में स्वास्थ्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं.

### हूतियों ने 188 जहाजों को बनाया निशाना

**अदन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने पिछले नवंबर से 188 जहाजों को निशाना बनाया है. ग्रुप के नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती के मुताबिक लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में जहाजों को निशाना बनाया गया. हूती ग्रुप के अल-मसीरा टीवी पर गुरुवार को प्रसारित एक भाषण में, अल-हूती ने कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों का समर्थन करने के लिए ये हमले किए गए. उन्होंने दावा किया कि ग्रुप ने इस साल अब तक 11 अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया.

### मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम रेलवे स्टेशन से कुछ दूर एक बड़ा हादसा होते हुए टल गया है. यहां एक टेंकर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए. इनमें से एक डिब्बा पलट गया है जिसमें ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था. इस डिब्बे से काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रिस गया था. दुर्घटना की वजह से मालगाड़ी दो हिस्सों में बट गई और रतलाम दिल्ली का डाउन रेल लाइन यातायात ठप हो गया. गुरुवार रात जब मालगाड़ी रतलाम स्टेशन से कुछ दूर घटना ब्रिज से गुजर रही थी तब तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें एक डिब्बा पलट गया.

### नए आवास में पहुंचे अरविंद केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपना सरकारी आवास खाली कर दिया. वह सिविल लाइंस स्थित 6, फ्लैगस्टाफ रोड के सीएम आवास से लुटियंस दिल्ली के फिरोजशाह रोड पर बने बंगले में शिफ्ट हो गए हैं. शुक्रवार को केजरीवाल और उनके परिवार द्वारा नए घर में प्रवेश करने से पहले यहां फिरोजशाह रोड के इस आवास में बाकायदा पूजा कराई गई. यह सरकारी आवास आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के समीप है.

### रेणुकास्वामी का भूत कर रहा परेशान

**बेंगलुरु।** जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन ने दावा किया है कि रेणुकास्वामी का भूत उन्हें परेशान कर रहा है, जिसकी हत्या का आरोप उन पर है. बेल्लारी जेल के सूत्रों के अनुसार, सुपरस्टार दर्शन ने जेल अधिकारियों को बताया है कि उन्हें मृत फैन का भूत परेशान कर रहा है. दर्शन ने शिकायत की है कि रेणुकास्वामी उनके सपनों में आता है और उन्हें परेशान कर रहा है. उन्होंने अधिकारियों से भी इस मामले पर चर्चा की है कि उनके लिए इस स्थिति का सामना करना मुश्किल हो रहा है. वह अपने सेल में अकेले हैं.

### ट्रूडो ने हिंदुओं को दी नवरात्र की बधाई

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन कनाडा के हिंदुओं को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने एक बयान में कहा कि आज रात, कनाडा और दुनिया भर में हिंदू समुदाय नवरात्र के त्यौहार की शुरुआत का जश्न मनाएंगे. यह बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का जश्न है. जो लोग नवरात्र मना रहे हैं, उनके लिए अगली नौ रातें परिवार और दोस्त प्रार्थना, संगीत और प्रियजनों के साथ समय बिताने की होगी. उन्होंने कनाडाई हिंदू लोगों को कनाडा का अभिन्न अंग बताया.

## लेबनान में इजरायली लड़ाकू विमानों के हमले जारी, 37 की मौत, 151 घायल

# हिजबुल्लाह कमांडरों पर स्ट्राइक हमास नेटवर्क चीफ का भी खात्मा

**एजेंसियां। बेरूत**

इजरायली लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दहिया इलाके में एक भूमिगत बंकर को निशाना बनाकर हमले किए. ऐसा बताया जा रहा है कि यहां कथित तौर पर हिजबुल्लाह के सीनियर लीडर इक्ट्ठा हुए थे और बंकर में मौजूद लोगों में हाशेम सफीउद्दीन भी शामिल था. सफीउद्दीन इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह का चचेरा भाई है. उसे संगठन का संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है. गुरुवार को हुए हमलों में बड़े पैमाने पर विस्फोट हुए, जिसकी गूंज दूर तक सुनाई दी और लेबनान की राजधानी की इमारतें हिल गईं.

इससे पहले इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार रात को घोषणा की कि वेस्ट बैंक के तुलकरम में हमास नेटवर्क के प्रमुख जाही यासर अब्द अल-रजेक औफी को मार गिराया गया. बयान के अनुसार, औफी के अलावा, तुलकरम में नेटवर्क का हिस्सा रहे कई अन्य महत्वपूर्ण आतंकवादियों को भी मार गिराया गया. वहीं गाजा में इजरायली हवाई हमले जारी हैं. स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने पिछले 24 घंटों में लगभग 100 लोगों की मौत की सूचना दी. यह पिछले तीन महीनों में एक दिन में मौत का सबसे अधिक आंकड़ा है. इस बीच, दक्षिणी लेबनान के 30 से अधिक गांवों के लोगों को इसराइली सेना ने तत्काल घरों को खाली करने और अवाली नदी के उत्तर की ओर जाने को कहा है. इसराइली सेना के प्रवक्ता अविचाई अंद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा है, जो कोई हिज्बुल्लाह के प्रतिष्ठानों और युद्ध सामग्री के पास है, वह अपनी जान खतरे में डाल रहा है. इससे पहले लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने ईरान के विदेश मंत्री के बेरूत पहुंचने की बात कही थी. वहीं हिजबुल्लाह के जवाबी हमले की कोशिशों के बावजूद, इजरायली एयर डिफेंस ने गुरुवार को लेबनान से लॉन्च किए गए कम से कम 200 रॉकेटों को सफलतापूर्वक रोक दिया, जिसमें किसी के घायल होने की तत्काल कोई खबर नहीं है. लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 37 हो गई है, जबकि 151 लोग घायल हो गए. फ़लस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार देर रात बताया कि कब्ज़े वाले वेस्ट बैंक के शहर तुल्कर्म में के शरणार्थी कैंप में स्थित एक कैफे हुए इसराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है. रिपोर्ट के अनुसार हमले में कई परिवारों के बच्चों और बुजुर्गों की मौत हुई है.

**इसराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के 35 इलाकों को खाली करने के लिए कहा**

**गाजा में 100 लोगों की मौत यह तीन माह में एक दिन में मौत का सबसे बड़ा आंकड़ा**

**इसराइल के हवाई हमले से वेस्ट बैंक में 18 लोगों की हुई मौत**

**हिजबुल्लाह-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से लेबनान में 1,974 लोगों की मौत**



### यूरोपीय संघ ने लेबनान के लिए किया अतिरिक्त सहायता पैकेज का ऐलान

**बेरूत।** इस बीच, यूरोपीय संघ (ईयू) ने लेबनान के लिए अतिरिक्त 30 मिलियन यूरो (33.08 मिलियन डॉलर) की मानवीय सहायता की घोषणा की. यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब इजरायल ने लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिए हैं. नया सहायता पैकेज रविवार को घोषित 10 मिलियन यूरो के अतिरिक्त है, जिससे इस वर्ष लेबनान को यूरोपीय संघ की कुल मानवीय सहायता 104 मिलियन यूरो से अधिक हो जाएगी. गुरुवार को लेबनान में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान में कहा गया कि सहायता पैकेज में तत्काल खाद्य सहायता, शेल्टर, हेल्थ केयर और अन्य जरूरी मदद प्रदान की जाएगी. इससे पहले लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने जानकारी दी कि पिछले साल अक्टूबर में हिजबुल्लाह-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से लेबनान में कुल 1,974 लोग मारे गए हैं. इनमें 127 बच्चे और 261 महिलाएं शामिल हैं जबकि 9,384 लोग घायल हुए हैं.

### ईरान की जवाबी कार्रवाई, जर्मन और ऑस्ट्रिया के राजदूतों को किया तलब

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने जर्मन और ऑस्ट्रियाई राजदूतों को तलब किया. दरअसल इजरायल पर तेहरान के मिसाइल हमले का विरोध जताने के लिए इन देशों ने ईरानी दूतों को तलब किया था. अब इस्लामिक गणराज्य ने जवाबी कार्रवाई की है. रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय में पश्चिमी यूरोपीय देशों के निदेशक माजिद नीली अहमदाबादी ने दूतों के साथ बातचीत की. अहमदाबादी ने इस दौरान कहा कि ईरान की इजरायल के खिलाफ सैन्य कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत वैध रक्षा के सिद्धांत के अनुरूप थी. इजरायल के समर्थन में कुछ यूरोपीय देशों के रुख की निंदा करते हुए अहमदाबादी ने कहा कि हमें (पश्चिम एशिया में) ऐसी आपदाएं नहीं देखनी पड़तीं यदि यूरोपीय पक्षों ने समय रहते अपने समर्थन को खत्म कर इजरायल की 'नरसंहार मशीन' को रोक दिया होता. जर्मन और ऑस्ट्रियाई राजदूतों ने अपनी-अपनी सरकारों को ईरान के विरोध से अवगत कराने का आश्वासन दिया.

### ईरान के तेल कुओं और भंडार पर संभावित हमलों का असर बड़े पैमाने पर होगा

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते ताज़ा तनाव का सबसे ज़्यादा असर कच्चे तेल के बाज़ार पर पड़ने की आशंका है. इसकी वज़ह से दुनिया भर में तेल की कीमत काफ़ी बढ़ सकती है. यह आशंका अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान के बाद ज़्यादा बढ़ गई है. जो बाइडन ने कहा है कि ईरान के तेल ठिकानों को इजराइल निशाना बना सकता है और अमेरिका में इस संभावित हमले पर चर्चा हुई है. बाइडन से पूछा गया कि क्या अमेरिका ईरान के तेल ठिकानों पर इसराइली हमले का समर्थन करेगा? बाइडन ने जवाब



दिया, 'हम इस पर चर्चा कर रहे हैं.' बाइडन के इस बयान के बाद कच्चे तेल की कीमत पांच फ़ीसदी बढ़ गई है. इससे पहले बुधवार को इजराइली मीडिया में छप रही ख़बरों के अनुसार, इसराइल कुछ ही दिनों के भीतर ईरान के कुछ अहम रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाएगा. इन हमलों में ईरान के तेल के अहम ठिकानों पर हमले की भी अटकलें हैं. जानकारों का कहना है कि मध्य-पूर्व में जिस तरह का तनाव बना हुआ है, उसमें अगर ईरान के तेल कुओं और भंडार पर हमला होता है तो इसका असर बड़े पैमाने पर होगा. रेशमा काज़ी के मुताबिक़ इससे न केवल तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा बल्कि रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण कई रास्ते बंद हो सकते हैं. इससे अन्य चीजों की ढुलाई के लिए भी लंबा रास्ता लेना पड़ेगा, जिससे लागत और महंगाई बढ़ेगी. इसका सीधा असर भारत समेत दुनिया भर में आम लोगों पर पड़ेगा.

# भारतीय वायु सेना किसी भी मिशन को अंजाम देने में सक्षम

- एयर चीफ मार्शल ने कहा-पूर्वी लद्दाख में ज्यादा एडवांस लैंडिंग ग्राउंड व नए एयरबेस बनाए जा रहे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के मुताबिक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों (भारत व चीन) के बीच अभी भी तनाव है. गौरतलब है कि चीन अपनी सीमा से सटे इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार बढ़ा रहा है. भारत के सामने चीन द्वारा की जा रही तैयारियों से बराबरी करने की चुनौती है. एयर फोर्स चीफ का कहना है कि हम अपने क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर कर रहे हैं. पूर्वी लद्दाख में ज्यादा एडवांस लैंडिंग ग्राउंड और नए एयरबेस बनाए जा रहे हैं. उन्होंने बालाकोट एयर स्ट्राइक का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना किसी भी मिशन को अंजाम देने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है.

एयर फोर्स चीफ ने स्वदेशी हथियार प्रणाली को काफी महत्वपूर्ण बताया है. उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना में स्वदेशी हथियार प्रणाली को लगातार शामिल किया जा रहा है और इस पर तेजी से काम कर रहे हैं. उन्होंने शुक्रवार को वायु सेना की तैयारियों के विषय में बात करते हुए पूर्वी लद्दाख के न्योमा में, बनाई जा रही एयरफील्ड का जिक्र किया. न्योमा में बनाई जा रही यह एयरफील्ड विश्व का सबसे ऊंचा लड़ाकू हवाई क्षेत्र होगा. महत्वपूर्ण बात यह है कि यह एयरफील्ड चीन सीमा से लगभग 35 किलोमीटर दूर है. इसे लद्दाख में अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों के लिए स्टेजिंग ग्राउंड के रूप में विकसित किया जा रहा है. एयर डिफेंस व रक्षा संबंधी तैयारी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि 'एस-400 मिसाइल प्रणालियों' की 3 यूनिट्स की सप्लाई हो चुकी है. रूस अगले साल तक शेष 2 यूनिट्स देगा.

### अग्निवीर योजना का समर्थन किया एयर चीफ मार्शल ने

वायु सेना की क्षमता को लेकर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हमारे पास विदेशी जमीन पर भी अपने दुश्मन से निपटने की पूरी क्षमता है. हमने बालाकोट एयर स्ट्राइक के जरिए अपनी इस क्षमता को दिखाया भी है. अग्निवीर योजना के पक्ष में बोलते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमसे पूछा गया कि क्या 25 प्रतिशत से अधिक अग्निवीरों को रखा जा सकता है. एयर फोर्स ने इस पर सकारात्मक उत्तर दिया है. हालांकि, इस पर निर्णय सरकार को लेना है. उन्होंने कहा कि भारत सतह से हवा में लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम 'कुश' जैसे हथियारों को शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है. इसके अलावा बड़ी तादाद में आकाश मिसाइलों को भी शामिल किया गया है.

# खड़गे ने उठाया बेरोजगारी का मुद्दा, भाजपा ने किया पलटवार

### हरियाणा विधानसभा चुनाव में 90 सीटों पर आज होगा मतदान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में 5 अक्टूबर को 90 सीटों पर मतदान होना है. इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया. इस संबंध में खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया. खड़गे के पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा, तेलंगाना और हिमाचल, जहां भांग की खेती करने के लिए सरकार लाइसेंस दे रही है, वहां बेरोजगारी खत्म हो गई है क्या?

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पोस्ट में लिखा, पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच मोदी सरकार की नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इजरायल में लगभग 15,000 भारतीय श्रमिकों की भर्ती में जुटी है. इससे पहले कई भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध में जाने के लिए संदिग्ध एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था, और कई युवाओं को अपनी जान भी गंवानी पड़ी. यह मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण पैदा हुई बेलगाम बेरोजगारी का नतीजा है. ये तथ्य है कि अन स्किल्ड, सेमी स्किल्ड और शिक्षित युवा अपनी जान जोखिम में डालकर युद्धग्रस्त क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार हैं, यह बताता है कि नौकरियों पर प्रधानमंत्री के बड़े-बड़े दावे उनकी विफलताओं को छिपा नहीं सकते. हरियाणा के युवा, जो इन युद्ध क्षेत्रों में नौकरी की तलाश करने के लिए मजबूर हैं, कल वोटिंग के दौरान भाजपा को करारा सबक सिखाएंगे. खड़गे के पोस्ट पर गौरव वल्लभ ने एक डाटा का हवाला देते हुए बताया कि देश में बेरोजगारी की दर में 4 से 5 सालों में कमी आई है. रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं.

# अमेठी हत्याकांड पर राजनीति गरमाई

- विपक्ष ने सरकार को घेरा, कहा-उत्तर प्रदेश में जंगलराज है, उस जंगलराज के राजा का नाम है योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के अमेठी में कंपोजिट विद्यालय में तैनात एक शिक्षक, उनकी पत्नी व दो बेटियों को गुरुवार को अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर गोली मार दी. इस मामले को लेकर यूपी का सियासी पारा चढ़ गया है. सपा, बसपा कांग्रेस ने सरकार को घेरा है. वहीं मुख्यमंत्री योगी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. इस बीच अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मृतक के परिवार के सदस्यों से फोन पर बातचीत कराई.

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी थी. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की और उस पर लिखा- कोई है? कहीं है? इसके साथ उन्होंने हैशटैग नहीं चाहिए भाजपा भी लिखा. अखिलेश ने योगी सरकार पर निशाना साधा था. सपा के प्रवक्ता सुनील साजन ने कहा कि अमेठी की घटना ने यह साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज है और उस जंगल राज के राजा का नाम है योगी आदित्यनाथ. अमेठी में सिर्फ हत्या नहीं हुई है बल्कि दलित परिवार का नरसंहार हुआ. जिन लोगों ने छोटे बच्चों पर भी रहम नहीं किया ऐसी घटना को नरसंहार ही कहेंगे. यूपी पुलिस कहां है? जबकि उस परिवार ने पहले ही हत्या की आशंका व्यक्त की थी. यूपी के मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर यहां की कानून व्यवस्था का बखान करते हैं. वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अमेठी में घर के अंदर पति-पत्नी और दो मासूम बच्चों का कत्ल होना बता रहा है कि योगी सरकार के लचर कानून व्यवस्था में अब घर के अंदर भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है. प्रदेश में कानून का राज मिट्टी में मिल चुका है. गुंडे-मवालियों, दबंगों और बदमाशों के आतंक का झंडा यूपी में शान से लहरा रहा है और इस आतंक को खत्म करने की दिशा में सरकार का कोई कदम दिखाई नहीं दे रहा है. योगी सरकार को जवाब देना चाहिए कि उत्तर प्रदेश को अब और कितना बदतर बनाया जाएगा?

### राहुल गांधी ने फोन पर पीड़ित परिवार से की बात

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राहुल गांधी ने अमेठी हत्याकांड में न्याय दिलाने व दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया है. इसके अलावा राहुल गांधी ने हरसंभव मदद व मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया है. क्षेत्रीय सांसद केएल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को कल इस घटना की जानकारी दी गई थी. राहुल गांधी ने मुझे परिवार के साथ रहने को कहा है. मैं कल से लगातार परिवार के संपर्क में हूं. आज राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से फोन पर बात की है. इस वारदात को लेकर सांसद शर्मा ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए.

### देश और दुनिया में नवरात्र पर विभिन्न प्रकार के आयोजनों की धूम...



नवरात्र में देश और दुनिया में हिंदू समुदाय के लोग मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की आराधान में लीन हैं. इस दौरान भक्तगण नौ दिन माता की पूजा और अर्चना करने बाद दसवीं को इसका समापन करते हैं. मैसूरु में शुक्रवार को दशहरा उत्सव समारोह के हिस्से के रूप में 'चिल्ड्रन दशहरा कलातौर' के उद्घाटन के दौरान बच्चे प्रदर्शन करते हुए.-**आईएएनएस**

**अध्ययन** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने खोज निकाला खर्राटों और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध

# जो खर्राटे लेते हैं उनमें उच्च रक्तचाप की अधिक संभावना

**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने खर्राटों से तंग लोगों की परेशानी की वजह पता कर लेने का दावा किया है. शोध में खर्राटों और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध पाया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, खर्राटों और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध पर दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से रात में खर्राटे लेते हैं, उनमें उच्च रक्तचाप और अनियंत्रित उच्च रक्तचाप होने की संभावना अधिक होती है.



इस शोध में बताया गया है कि उच्च रक्तचाप तब होता है जब किसी व्यक्ति की नसों में दबाव बहुत अधिक हो जाता है. इससे हृदय को गंभीर नुकसान हो सकता है और दिल का दौरा, स्ट्रोक और हृदय रोग हो सकता है. रक्तचाप को मिलीमीटर पारे (एमएमएचजी) में दो संख्याओं के रूप में दर्ज किया जाता है, जैसे कि 120/80। पहला अंक - सिस्टोलिक रक्तचाप - हृदय द्वारा रक्त पंप किए जाने पर धमनियों में दबाव को मापता है और दूसरा - डायस्टोलिक रक्तचाप - उस समय का दबाव है जब हृदय अगली धड़कन से पहले आराम करता है. इस अध्ययन में 12,287 लोगों को शामिल किया गया. इसमें से 15 प्रतिशत लोगों ने छह महीने की निगरानी अवधि में औसतन रात के 20 प्रतिशत से अधिक समय तक खर्राटे लिए. जिन लोगों ने अधिक खर्राटे लिए थे, खर्राटे नहीं लेने वाले प्रतिभागियों की तुलना में उनका सिस्टोलिक रक्तचाप 3.8 एमएमएचजी तथा डायस्टोलिक रक्तचाप 4.5 एमएमएचजी अधिक था.

### यह पहला ऐसा अध्ययन

यह दुनिया में पहला ऐसा अध्ययन है जिसमें खर्राटों और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध की जांच करने के लिए लंबे समय तक कई रातों तक घर पर निगरानी की गई. अध्ययन में भाग लेने वाले मध्यम आयु वर्ग के थे और 88 प्रतिशत पुरुष थे. फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ के शोध के प्रमुख लेखक बैस्टियन लेचैट ने बुधवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि पहली बार हम निष्पक्ष रूप से कह सकते हैं कि नियमित रूप से रात में खर्राटे लेने और उच्च रक्तचाप के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध है.

### राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष बनना देश पर एक 'श्राप' : रिजिजू

**नागपुर।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जैसे इंसान का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनना देश के लिए एक 'श्राप' है. उन्होंने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने न तो संविधान को पढ़ा है, और न ही संविधान की मूल भावनाओं को समझता है, जिसके पूरे परिवार ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है, उसके मुंह से संविधान शब्द का निकलना भी अपमान है. उन्होंने आगे कहा कि मेरे अपने एससी/एसटी समुदाय के लोग, बौद्ध समाज के लोग राहुल गांधी को रिसीव करने जाते हैं तो उनकी जयकार करते हैं. धिक्कार है. शर्म आनी चाहिए.

# श्रीलंका दौरे पर विदेश मंत्री ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

- पिछले महीने गिरफ्तार हुए 50 भारतीय मछुआरे रिहा किए गए

**एजेंसी। कोलंबो**

विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की. उन्होंने भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी और 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) विजन में द्वीप राष्ट्र के विशेष स्थान की पुष्टि की. जयशंकर ने बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, 'आज कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से मुलाकात कर सम्मानित महसूस किया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी. भारत-श्रीलंका संबंधों के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं. दोनों देशों और क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए चल रहे सहयोग को गहरा करने और भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की.'

वहीं राष्ट्रपति दिसानायके ने एक्स पर पोस्ट किया, 'भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से पर्यटन, ऊर्जा और निवेश में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही. डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका की आर्थिक सुधार के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की. मत्स्य पालन, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता पर निरंतर सहयोग के महत्व पर भी चर्चा की गई.'

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)